राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 156
लखनऊ, शुक्रवार 24 जनवरी, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





छह लोग यूपी गौरव सम्मान से होंगे सम्मानित 03
श्रद्धालुओं की सेवा में लगे बिजनेस ग्रुप 12


## कंफर्ट जोन से बचें, श्रेष्ठता, दक्षता पर फोकस करें युवा : मोदी

**आह्वान**

- प्रधानमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के युवाओं का आह्वान किया कि वे विकसित भारत के निर्माण के लिए आरामतलबी से दूर रह कर श्रेष्ठता, परिश्रम एवं दक्षता पर फोकस करके वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ हासिल करें।


श्री मोदी ने नेताजी की जयंती पर ओडिशा के कटक में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम को वीडियो लिंक से संबोधित करते हुए कहा कि आज जब हमारा देश विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में जुटा है, तब नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। नेताजी के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य था- आजाद हिंद। उन्होंने अपने संकल्प की सिद्धि के लिए अपने फैसले को एक ही कसौटी पर परखा- आजाद हिंद।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नेताजी एक समृद्ध परिवार में जन्मे, उन्होंने सिविल सर्विसेस की परीक्षा पास की। वो चाहते तो अंग्रेजी शासन में एक वरिष्ठ अधिकारी बनकर आराम की जिंदगी जीते, लेकिन उन्होंने आजादी के लिए कष्टों को चुना, चुनौतियों को चुना, देश विदेश में भटकना पसंद किया, नेता जी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे। इसी तरह आज हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना है। हमें खुद को ग्लोबली बेस्ट बनाना है, एक्सीलेंस को चुनना ही है, एफिशिएंसी पर फोकस करना है। उन्होंने कहा कि नेताजी ने देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज बनाई, इसमें देश के हर क्षेत्र हर वर्ग के वीर और वीरांगनाएं शामिल थीं। सबकी भाषाएं अलग-अलग थीं, लेकिन भावना एक थी देश की आजादी। यही एकजुटता आज विकसित भारत के लिए भी बहुत बड़ी सीख है। तब स्वराज के लिए हमें एक होना था, आज विकसित भारत के लिए हमें एक रहना है।



### खेलो इंडिया विंटर गेम्स आने वाली प्रतिभाओं को करेगा प्रोत्साहित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लेह (लद्दाख) के एनडीएस स्टेडियम में गुरुवार से शुरू हुए खेलो इंडिया शीतकालीन खेल-2025 में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट आने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने खेलो इंडिया विंटर गेम्स की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए



लिखा, 5वें खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। मुझे यकीन है कि यह टूर्नामेंट आने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा। उम्मीद है कि ये खेल खेल भावना का उत्सव भी बनेंगे। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन का पहला चरण केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख की मेजबानी में हो रहा है और यह 27 जनवरी तक चलेगा। लद्दाख में आयोजित खेलों में कुल 594 प्रतिभागी शामिल हैं, जिनमें से 428 एथलीट हैं। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर 22 से 25 फरवरी तक बर्फ के खेलों की मेजबानी करेगा।

### हमें उन लोगों से सतर्क रहना है, जो देश को कमजोर करना चाहते हैं

पीएम मोदी कहा कि आज देश में विश्व में हर तरफ भारत की प्रगति के लिए अनुकूल माहौल है। दुनिया भारत की ओर देख रही है कि कैसे हम इस 21वीं सदी को भारत की शताब्दी बनाते हैं और ऐसे महत्वपूर्ण कालखंड में हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से भारत की एकजुटता पर बल देना है। हमें उन लोगों से भी सतर्क रहना है, जो देश को कमजोर करना चाहते हैं, जो देश की एकता को तोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष भारत की विरासत पर बहुत गर्व करते थे। वे अक्सर भारत के समृद्ध लोकतांत्रिक इतिहास की चर्चा करते थे और उससे प्रेरणा लेने के लिए समर्थक थे। आज भारत गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहा है। अपनी विरासत पर गर्व करते हुए विकास कर रहा है। मेरा सौभाग्य है कि आजाद हिंद सरकार के 75 वर्ष पूरे होने पर लाल किले पर मुझे तिरंगा फहराने का मौका मिला था। उस ऐतिहासिक अवसर को मैं कभी भूल नहीं सकता। नेताजी की विरासत से प्रेरणा लेते हुए हमारी सरकार ने 2019 में दिल्ली के लाल किले में नेताजी सुभाष को समर्पित म्यूजियम का निर्माण किया। उसी साल सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार शुरू किए गए। 2021 में सरकार ने निर्णय लिया कि नेताजी की जयंती को अब पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इंडिया गेट के समीप नेताजी की विशाल प्रतिमा लगाना, अंडमान में द्वीप का नाम नेताजी के नाम पर रखना, गणतंत्र दिवस की परेड में आईएनए के जवानों को नमन करना, सरकार की इसी भावना का प्रतीक है।

## महाकुम्भ में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई त्रिवेणी संगम में डुबकी

**महाकुम्भ नगर, समृद्धि न्यूज।**

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों के स्नान ने नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। गुरुवार को महाकुम्भ में स्नानार्थियों की संख्या ने नया इतिहास बनाते हुए 10 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। दोपहर 12 बजे का डेटा जारी होते ही स्नानार्थियों की संख्या 10 करोड़ का फिगर पार कर गई। महाकुम्भ में प्रतिदिन लाखों की संख्या श्रद्धालु पुण्य स्नान का फल प्राप्त कर रहे हैं। स्नान पर्व पर यह संख्या करोड़ों में पहुंच रही है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार का अनुमान है कि इस बार महाकुम्भ में 45 करोड़ लोगों से ज्यादा लोग आने वाले हैं। महाकुम्भ की शुरुआत में ही 10 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार कर जाना सरकार के सटीक अनुमान की ओर संकेत दे रहा है।

प्रयागराज में श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। पूरे देश और दुनिया से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। गुरुवार को ही दोपहर 12 बजे तक 30 लाख लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर लिया। इसमें 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे।



**आस्था**

- संगम स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का बना रिकार्ड

## संक्षिप्त समाचार

### बीएचयू पीएचडी प्रवेश प्रकिया में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 जनवरी तक

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू)में सत्र 2024-25 के पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। पीएचडी प्रवेश से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रो. एस के दुबे के नेतृत्व में गठित समिति की अनुशंसाओं को मंजूर करते हुए विश्वविद्यालय प्रवेश समन्वयन बोर्ड ने अंतिम तिथि बढ़ाने को मंजूरी दी है। समन्वयन बोर्ड ने एक अन्य महत्वपूर्ण अनुशंसा को मंजूर कर लिया गया है, जिसके अनुसार आरईटी मोड के अंतर्गत प्रवेश के लिए 1 सीट के लिए सभी अर्ह अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाया जाएगा। विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क कार्यालय के अनुसार पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को वर्ष में दो बार आयोजित करने के विषय को विश्वविद्यालय प्रवेश समन्वयन बोर्ड ने निर्णय के लिए संबंधित सक्षम प्राधिकारी को भेजने की अनुशंसा की है। जिसमें पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को वर्ष में एक बार कराने का निर्णय लिया गया था।

### अवंतीपोरा में सरकारी स्कूल से हथियार और गोला-बारूद बरामद

**पुलवामा।** सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके में एक सरकारी स्कूल से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। एक अधिकारी ने कि हथियारों और गोला-बारूद में एक ग्रेनेड, यूबीजीएल, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, नॉन-इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 10 गोलियां, एक पिस्तौल की मैगजीन शामिल हैं। इस संबंध में आगे की जांच जारी है।

### भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केन्द्र को आपदा प्रबंधन पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केन्द्र को आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए संस्थागत श्रेणी में सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2025 के लिए चुना गया है। गृह मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि केंद्र सरकार ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में व्यक्तियों और संगठनों द्वारा किए गए अमूल्य योगदान और नि:स्वार्थ सेवा को मान्यता देने और उन्हें सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से एक वार्षिक पुरस्कार की स्थापना की है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है।


**आवश्यकता**

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

**समृद्धि न्यूज**
**202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001,**
samradhinews@gmail.com
7985738649/9305748833


## अपने गुरु को धोखा देने वाले फिर देंगे धोखा : योगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली के मतदाताओं को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से सावधान रहने का आह्वान करते हुए कहा कि अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा देने वाले दिल्ली की जनता को फिर धोखा ही देंगे।

योगी ने गुरुवार को उत्तरी दिल्ली के किराड़ी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार बजरंग शुक्ला के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि श्री केजरीवाल ने अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा दिया, वह दिल्ली की जनता को फिर धोखा ही देंगे।

उन्होंने आम आदमी पार्टी के मुखिया को झूठ की एटीएम मशीन करार देते हुए कहा कि दिल्ली में बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं, महाकुंभ में अच्छी और शानदार सड़कें हैं, दिल्ली में सड़कों में गड्ढा है कि गड्ढों में सड़क है पता नहीं लगता। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की तस्वीर को बदसूरत कर दिया, आम आदमी पार्टी को सत्ता में आने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि ये राष्ट्रीय राजधानी है। नयी दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) इलाके को छोड़ दें, तो समूची दिल्ली की क्या हाल है, ये सब जानते हैं।

उन्होंने कहा कि याद करिए। अच्छी व्यवस्था देखने के लिए लोग दिल्ली आते थे, लेकिन आज क्या स्थिती है? सड़क में गड्ढा है या गढ्ढे में सड़क है।

योगी ने कहा कि दिल्ली में गंदगी का ढेर पड़ा हुआ है, सीवर का पानी सड़कों पर बह रहा है। अभी तो पेयजल का संकट आने वाला है। उन्होंने कहा कि इनके असहयोग का खामियाजा हमारे वृन्दावन और मथुरा के लोगों को भी उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आप पर आरोप लगाते हुए कहा कि इनका काम सिर्फ सोशल मीडिया में झूठ बोलना है। इन लोगों ने दिल्ली को कूड़ाघर का अड्डा बना दिया है। ऐसे में अब लोग मॉडल के रूप उत्तर प्रदेश की ओर देख रहे हैं।



**संबोधन**

- योगी ने दिल्ली के मतदाताओं को अरविंद केजरीवाल से सावधान रहने का किया आह्वान

### दिल्ली में बंगलादेशियों को बसाया जा रहा

सीएम योगी ने कहा कि आप ने सुनियोजित साजिश के तहत ओखला औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग नहीं लगने दिया है, जबकि दिल्ली में बंगलादेशी को बसाने का काम हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि सुनियोजित साजिश के तहत दिल्ली में दंगे कराए गए और आप के पार्षदों का हाथ पाया गया। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन भव्यता से हो रहा है और अब तक 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने मां गंगा का स्नान किया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं को सभी व्यवस्थाएं मिल रही हैं। पूरी कनेक्टिविटी मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप देश और दुनिया के श्रद्धालु संगम में स्नान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुंभ में हमने अपने मंत्रिमंडल के साथ डुबकी लगाई है। हम सौभाग्यशाली हैं कि देश और दुनिया के पूज्य संतों आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर मैं और मेरे मंत्रिमंडल के सहयोगी गंगा में स्नान कर सकते हैं, तो क्या आम आदमी पार्टी के लोग यमुना में स्नान कर सकते हैं? इस बात का जवाब उन्हें देना चाहिए।

## 120 करोड़ का टोल घोटाला, सॉफ्टवेयर से खेल, एसटीएफ ने तीन कर्मियों को दबोचा

**शिकंजा**

- अन्य टोल प्लाजा पर भी जांच जारी

**मीरजापुर, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ एसटीएफ ने मीरजापुर के लालगंज थाना क्षेत्र स्थित अतरैला टोल प्लाजा पर 120 करोड़ रुपये के घोटाले का खुलासा करते हुए बुधवार को तीन टोलकर्मियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने विशेष सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर टोल वसूली की असली रकम छिपाई और सरकार को करोड़ों के राजस्व का नुकसान पहुंचाया।

एसटीएफ के निरीक्षक दीपक सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी में गिरफ्तार हुए आरोपियों में प्रयागराज के राजू मिश्र, मध्य प्रदेश के मनीष मिश्र और जौनपुर के आलोक कुमार सिंह शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस घोटाले की जड़ें अन्य टोल प्लाजा तक भी फैली हो सकती हैं। घोटाले की गंभीरता को देखते हुए एसटीएफ ने वाराणसी-हनुमना फोरलेन के अन्य टोल प्लाजा पर भी जांच तेज कर दी है। टोल प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। लालगंज थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि विस्तृत जानकारी एसटीएफ की जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगी।

### बड़ी कार्रवाई की तैयारी में एसटीएफ




यह घोटाला केवल अतरैला टोल प्लाजा तक सीमित नहीं है। अन्य टोल प्लाजा में भी इसी तरह की अनियमितताओं की संभावना है। आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## रक्षा मंत्रालय ने रद्द किया एलएंडटी का टेंडर

### अब जर्मनी की कंपनी बनाएगी छह पनडुब्बियां



**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने छह पनडुब्बियों के लिए भारतीय कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का 70 हजार करोड़ रुपये का टेंडर रद्द कर दिया है। स्पेनिश कंपनी नवांतिया के साथ साझेदारी में एलएंडटी का प्रस्ताव खारिज होने के बाद अब जर्मनी की कंपनी के सहयोग से मुंबई की मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड प्रोजेक्ट 75 इंडिया के तहत यह पनडुब्बियां बनाएगी। चीनी नौसेना के तेजी से आधुनिकीकरण की पृष्ठभूमि में भारत अपने समुद्री क्षेत्र में चीन और पाकिस्तान से मुकाबला करने को वांछित क्षमताएं विकसित कर रहा है। इसीलिए सरकार ने परमाणु और पारंपरिक दोनों तरह की कई पनडुब्बी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। दरअसल, भारतीय नौसेना प्रोजेक्ट 75 इंडिया के तहत तीन सप्ताह तक पानी के नीचे रहने की क्षमता वाली छह उन्नत पनडुब्बियां खरीदना चाहती है।

## स्वास्थ्य व अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर भारत ने यूके के साथ समझौता नवीनीकरण पर किए हस्ताक्षर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और यूनाइटेड किंगडमके बीच समझौता ज्ञापन के नवीनीकरण पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और लंदन से वर्चुअल रूप से स्वास्थ्य एवं सामाजिक देखभाल के सचिव वेस स्ट्रीटिंग शामिल हुए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव के साथ भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरन सहित अन्य लोग मौजूद थे।




जेपी नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग भारत-यूनाइटेड किंगडम की रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख तत्व है और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने में सहायक रहा है। उन्होंने कहा कि नया समझौता ज्ञापन डिजिटल स्वास्थ्य, एंटी-माइक्रोबियल प्रतिरोध और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं के खिलाफ लड़ाई जैसे क्षेत्रों में आगे के सहयोग के लिए एक आधार बन सकता है।

### बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी

**एजेंसी, पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने गुरुवार को एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में 21 हजार 581 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। आयोग ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई और आगामी लिखित परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी हैं। यह परीक्षा 912 केंद्रों पर 13 दिसंबर को परीक्षा आयोजित हुई थी। इसमें कुल तीन लाख 28 हजार 990 अभ्यर्थियों ने पीटी की परीक्षा दी थी। पटना के बापू परीक्षा केन्द्र का एग्जाम रद्द हो गया था। इसके बाद 22 केंद्रों पर 4 जनवरी को एक सेंटर का री-एग्जाम हुआ था। कथित पेपर लीक का आरोप लगाते हुए परीक्षा को रद्द करने मांग की गयी थी लेकिन परीक्षा का परिणाम पहले की तरह 45 दिन के भीतर घोषित कर दिया है। अभ्यर्थी आयोग की ऑफिशल वेबसाइट https://bpsc.bihar.gov.in पर रिजल्ट देख सकते हैं।

## सरकारी संपत्तियों पर बने हैं मस्जिद, मजार : सर्वे

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में स्थित कई मस्जिद, मजार, कब्रिस्तान और इमामबाड़े सरकारी सम्पतियों पर बने हुए हैं। इसमें नदेसर की चर्चित जामा मस्जिद भी है। जामा मस्जिद तालाब की जमीन पर बनी है। राज्य शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन के सर्वे में यह मामला सामने आया है। इन सम्पत्तियों को वक्फ बोर्ड ने अपने रजिस्टर में दर्ज भी किया है।

एडीएम (वित्त एवं राजस्व) वंदिता श्रीवास्तव के अनुसार वाराणसी में सरकार की 406 संपत्तियों को वक्फ बोर्ड अपना बताती है। ये गाटावार सर्वे बीते वर्ष के अक्टूबर से दिसंबर माह में हुआ। सर्वे में तहसील प्रशासन के साथ राजस्व कर्मी शामिल रहे। अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन ने पूरी सर्वे रिपोर्ट राज्य शासन के अलावा हाई कोर्ट के आदेश पर गठित कमेटी के पास भी भेजा है। इसमें बताया गया है कि इन सम्पत्तियों का विवरण खतौनी में गाटा संख्या के नाम पर है। सर्वे के दौरान दस्तावेजों के आधार पर वक्फ बोर्ड की सम्पतियों की जानकारी जुटाई गई। इसमें खास तौर पर कितनी सरकारी संपत्ति को वक्फ बोर्ड ने अपनी संपत्ति बताई है। इन सभी भूभाग की स्थलीय निरीक्षण में उसकी वर्तमान स्थिति भी देखी गई कि वहां मस्जिद, कब्रिस्तान, मजार है या आबादी है। वक्फ बोर्ड के रजिस्टर में कुल 406 संपत्ति ऐसी दर्ज हैं, जो राज्य सरकार की संपत्ति है। इसमें बंजर जमीन, आबादी की जमीन, तालाब, खेत, चारागाह की जमीन भी हैं। वर्ष 1359 के खसरा खतौनी के आधार पर नगर निगम और तहसील प्रशासन ने सर्वे कराया। इस दौरान जानकारी सामने आई कि राजस्व विभाग के खसरा खतौनी में ये सम्पत्तियां अपने मूल नाम से ही हैं। खास बात यह है कि किसी भी संपत्ति पर वक्फ बोर्ड ने अपना नाम नहीं चढ़वाया है। ऐसे में इन सभी संपत्तियों को रजिस्टर से खारिज कराने के लिए प्रशासन की ओर से लखनऊ वक्फ बोर्ड को पत्र भेजा जाएगा। जिले में वक्फ बोर्ड के नाम पर 1637 संपत्ति उनके रजिस्टर में दर्ज हैं। इसमें 1537 सुन्नी वक्फ बोर्ड और 100 शिया बोर्ड के नाम पर है।

**सरकार की 406 संपत्तियों को वक्फ बोर्ड बताती है अपना**


## वैन, इनोवा व ट्रक की भिड़ंत में चार की मौत, सात घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

अयोध्या हाईवे पर बृहस्पतिवार रात बड़ा हादसा हो गया। इनोवा, वैन और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 7 लोग घायल हो गए। घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रात करीब 9 बजे वैन, इनोवा बाराबंकी की तरफ से लखनऊ आ रही थी। बीबीडी इलाके में ये दोनों वाहन आपस में टकरा गए तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने दोनों को टक्कर मारते हुए डिवाइडर से टकरा गया। वैन दोनों गाड़ियों के बीच में फंस गई।

वैन सवार शहजाद, देवा रोड चिनहट निवासी किरन यादव, उनका बेटा कुंदन और एक अन्य हिमांशु की मौत हो गई। हादसे में शाहजहांपुर के राजन, बरेली की तस्लीम व शकील, रामपुर के इंतजार, चिनहट के लाले यादव, अमरोहा के शाहरुख और सुशील घायल हो गए।



चिनहट इंस्पेक्टर ने बताया कि क्रेन की मदद से सभी वाहनों को हाईवे से हटाया गया है। घायलों का लोहिया अस्पताल में इलाज जारी है। एक दो की हालत गंभीर है। मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई है।

## नेता जी मुलायम सिंह का अपमान करने वाले महंत राजूदास पर हो सख्त कार्यवाही : डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी ने स्व0 मुलायम सिंह यादव के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर अयोध्या के महंत राजू दास के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों सपाइयों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें दर्शाया कि विगत दिनों अयोध्या के तथाकथित महंत राजू दास द्वारा अपने ट्विटर हैंडल्स से देश के पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय नेताजी मुलायम सिंह यादव के खिलाफ अश्लील एवं अपमानजनक टिप्पणी की गई थी। जिसके विरोध में हम लोग आपको ज्ञापन सौंप रहे हैं। तथाकथित महंत राजू दास पर अतिशीघ्र मुकदमा कायम करके गिरफ्तारी करायी जाये। इस टिप्पणी से स्वर्गीय नेताजी मुलायम सिंह यादव के सैकड़ों अनुयाइयों में बेहद रोष एवं सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का प्रयत्न किया गया है। समाजवादी पार्टी यह मांग करती है कि ऐसे बाबाओं के खिलाफ मुकदमा चलना चाहिए, जिससे समाज में धार्मिक उन्माद फैलाने वालों में रोक लगा सके।

**मांग**

- सपा नेताओं ने डीएम को ज्ञापन देकर गिरफ्तारी की उठायी मांग
- बीते दिनों पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव के खिलाफ की थी अभद्र टिप्पणी



ज्ञापन देने के दौरान डीएम से बातचीत करते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष व अन्य

मीडिया से वार्ता के दौरान अमृतपुर के प्रभारी एवं प्रदेश सचिव डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि जब भी धरती पर महापुरुष जन्म लेते हैं तो उनके खिलाफ टिप्पणी करने वाले रावण भी पैदा होते हैं और यही कार्य इन तथाकथित महंत राजू दास ने किया है। वह शासन एवं प्रशासन से मांग करते हैं कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। सर्वेश अंबेडकर, जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में उर्मिला राजपूत, हरीश यादव, डॉ0 जेपी वर्मा, सुभाष चंद्र शाक्य, पुष्पेंद्र सिंह यादव, सुरेंद्र सिंह गौर, इलियास मंसूरी, विवेक सिंह यादव, जितेंद्र सिंह यादव सिरौली, राजन यादव, रामपाल सिंह यादव, उदय प्रताप सिंह उर्फभोला यादव, नरेंद्र सिंह यादव, मनोज मिश्रा, अनुराग यादव, देवेंद्र सिंह यादव, संजय सिंह चौहान, विजय अनुरागी, राजपाल सिंह यादव, आशीष शर्मा, रामशरण कठेरिया, अजय यादव, अशीष परमार, सुमित शाक्य, मुख्तार आलम, अशोक अंबेडकर, धीरेंद्र यादव, अंकित यादव, शिव शंकर शर्मा, कमल हसन, मनोज यादव, अफजाल अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# मानव श्रृंखला बनाकर सड़क जागरूकता के लिए एकजुट हुआ खीरी

- डीएम ने हजारों बच्चों को दिलायी सड़क सुरक्षा की शपथ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर गुरुवार को जिले के हजारों स्कूली छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा का न केवल संकल्प लिया बल्कि दूसरों को भी यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। इस मानव श्रृंखला में विद्यार्थियों के अलावा शिक्षक, शिक्षणेत्तर स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के स्वयंसेवक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान मानव श्रृंखला में शामिल बच्चों का उत्साहवर्धन किया, जो सड़क जागरूकता, देशभक्ति के नारे लगा रहे थे। इसके बाद उन्हें सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। डीएम-एसपी ने मानव श्रृंखला के लिए निर्धारित रूट का भ्रमण कर उनका उत्साहवर्धन करते नजर आए। इस मौके पर एडीएम संजय कुमार सिंह, एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी, पीटीओ कौशलेंद्र यादव, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर इस पहल का मकसद लोगों के दिलों में सड़क जागरूकता की भावना जगाना और जनभागीदारी की भावना से सड़क सुरक्षा माह व्यापकता से मनाना है।



**कलेक्ट्रेट की 10 किमी परिधि में बनेगा जोन ऑफ एक्सीलेंस:** डीएम- डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिले में नवाचार के तहत कलेक्ट्रेट को केंद्र मानकर 10 किमी की परिधि में जोन ऑफ एक्सीलेंस घोषित किया जाएगा। इसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित स्टेकहोल्डर समन्वित प्रयास करते हुए एक एकीकृत कार्यक्रम के तहत इस जोन ऑफ़ एक्सीलेंस में किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस जोन में दो एनएच, दो स्टेट हाईवे, चार प्रमुख जिला मार्ग और अन्य जिला मार्ग सहित शहरी क्षेत्र के मार्ग भी शामिल हैं। गाइडलाइन के अनुसार इंजीनियरिंग, जागरूकता, प्रवर्तन के साथ-साथ आकस्मिक चिकित्सा को व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे जीरो मृत्यु दर के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस अनुशासन की मिसाल थे, उनके जन्म जयंती पर सड़क सुरक्षा का संकल्प लिया जाना उनको सच्ची श्रद्धांजलि है। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस महान स्वाधीनता सेनानी और युवाओं के प्रेरणा स्रोत है और आगे भी रहेंगे उनकी प्रासंगिकता आज भी है, भविष्य में भी रहेगी। यातायात नियमों का पालन करते समय सुभाष चंद्र बोस की अनुशासन प्रियता को अपने ध्यान में रखना होगा।

**इन विद्यालयों के बच्चे हुए शामिल:** जीआईसी, जीजीआईसी, भगवानदीन आर्यकन्या इंटर कॉलेज, कुँवरखुशवक्तराय कन्या इंका., सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इण्टर कालेज, कृषक समाज इण्टर कालेज, डीएस कालेज, गुरुनानक इण्टर कालेज, गुरुनानक विद्यक सभा, पीके इण्टर कालेज, गाँधी विद्यालय इण्टर कालेज, इस्लामियां इण्टर कालेज, अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इण्टर कालेज, सेंट डॉनबास्को स्कूल अजमानी पब्लिक स्कूल, पं. दीन दयाल सविमं इण्टर कालेज, ला मटीना इण्टर कालेज सहित सभी जिला मुख्यालय के विद्यालय।

**मानव श्रृंखला को लेकर विद्यार्थियों में दिखा जबरदस्त उत्साह:** कलेक्ट्रेट से लेकर विभिन्न मार्गों से होती हुई कई किमी तक बनाई गई मानव श्रृंखला में शामिल बच्चे खासा उत्साहित दिखे, इस दौरान वह हाथों में सड़क जागरूकता का संदेश देती तख्तियां लिए, जागरूकता नारे लगाते नजर आए। इस दौरान बच्चों ने अपने सेक्टर, जोन में ड्यूटी पर तैनात अफसरों, मजिस्ट्रेट के साथ सेल्फी खिंचाई। ठीक 11 बजे मौजूद सेक्टर अधिकारियों ने अपने सेक्टर में श्रृंखलाबद्ध बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

## सिंगाही में 24 जनवरी को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**सिंगाही खीरी।** विद्युत वितरण उपखंड सिंगाही द्वारा के अनुसार, सिंगाही टाउन, निघासन टाउन और तिकोनिया उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्र में 24 जनवरी 2025 को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपखण्ड अधिकारी एसके रावत ने बताया कि सिंगाही पावर हाउस पर 05 एमवीए परिवर्तक की क्षमता वृद्धि के लिए कार्य किया जाएगा, जिससे विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे इस दौरान जल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था पूर्व से ही कर लें।

## खबरें एक नजर में

### आवास प्लस सर्वे के नाम पर पैसे मांगने वालों पर होगी कार्रवाई: बीडीओ जयेश कुमार सिंह

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड निघासन के अंतर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायत में पात्रों को सूची में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस की आईडी खोल दी गई है जिसमें गांव-गांव जाकर सर्वे किया जा रहा है जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति आवास पाने से वंचित न रह जाए इसको लेकर प्रशासन सतर्कता से काम कर रहा है पर वही विकासखंड निघासन में तैनात खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह द्वारा लोगों से अपील भी की गई है कि अगर आपसे कोई भी ग्राम प्रधान ,रोजगार सेवक,पंचायत सहायक, पंचायत सचिव, या ब्लॉक का कोई भी अधिकारी व कर्मचारी आपसे आवास के नाम पर पैसे मांगता है जिसका कोई भी सुबुत आप के पास हो लिखित तहरीर देकर शिकायत करें। बीडीओ ने बताया कि शिकायत करने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। बीडीओ ने अपना नंबर 9454465385 जारी किया।

### शिव सैनिकों ने मनाया बालासाहेब ठाकरे व सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिवस

**लखीमपुर खीरी।** हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे एवं सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिवस शिव सैनिकों ने बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। दिनांक 23 जनवरी 25 को जिला प्रमुख संतोष सिंह की अध्यक्षता में बिलोबी मेमोरियल प्रांगण में जिला इकाई के प्रमुख कार्यकर्ता के साथ बाला साहेब ठाकरे व सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को जिला प्रमुख ने बताया कि हम सब मिलकर बाला साहेब ठाकरे के सपनों को साकार करेंगे। उनका एक ही सपना था कि भारत हिंदू राष्ट्र बने यह तभी संभव है जब हम सब भारत के रहने वाले लोग हिंदू हित की बात करेंगे जो हिंदू धर्म छोड़कर गए हैं और दूसरे धर्म को अपना लिया है उन्हे पुनः घर वापसी कराई जाएगी इसके लिए शिव सैनिक एक अभियान चलाएंगे जिसमें लोगों को जानकारी दी जाएगी जिसमें किन परिस्थितियों में धर्म बदला था उस पर विचार किया जाएगा और धर्म वापसी कराकर बाला साहेब ठाकरे के सपनों को साकार किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी के साथ साथ कार्यकर्ता प्रमोद महाजन प्रदेश संगठन प्रमुख सुशील शुक्ला, जिला प्रभारी राकेश अवस्थी भवानी, प्रदेश सचिव हनुमान मिश्रा, जिला प्रवक्ता अमरीश मिश्रा, किसान सेना जिला प्रमुख सावित्री मिश्रा, गीता पांडे, रेखा पांडे, पवन मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, विजय लक्ष्मी, बृजेश जयसवाल, प्रदीप सिंह, सुनील सिंह, रामसनेही आदि शिव सैनिक मौजूद रहे।

### विपरीत दिशा से आ रहे तांगे की टक्कर से बाइकसवार की मौत

उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़। बुधवार की शाम लगभग 6:00 बजे उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजा साहब कोठी के सामने विपरीत दिशा से आ रहे तांगा चालक ने मोटरसाइकिल सवार युवक के जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पीछे बैठा उसका चाचा घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद तांगा चालक तांगा लेकर मौके से फरार हो गया। प्रमोद कुमार पुत्र श्लोक कुमार निवासी रतनपुर थाना उचौलिया अपने चाचा फूल सिंह पुत्र रामशरण के साथ मोटरसाइकिल बजाज सीटी 100 संख्या यूपी 31 ए जे 9811 से शाम के लगभग 6:00 बजे डीजल लेने के लिए आए थे। डीजल लेकर वापस जाते समय राजा साहब कोठी के सामने सीतापुर की ओर से विपरीत दिशा में आ रहे तांगा चालक ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्ष दर्शिओ के मुताबिक तांगा में लगा बान्स मोटरसाइकिल चला रहे प्रमोद के सीने में जा घुसा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उनको एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी पसगवॉ भेजा जहां पर डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

### धूमधाम से मनाया गया मंदिर का स्थापना दिवस




**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।** मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव समारोह धूम धाम से मनाया गया। साथ ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जो दिन भर होता रहा। बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोंधिया स्थित प्रसिद्ध मां भगवती के मंदिर का जीर्णोद्धार विगत वर्ष अयोध्या के श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के यथावत ग्रामवासी श्रद्धालुओं के सहयोग से किया गया था। गांव निवासी विकासनी वर्मा ने ग्रामीणों के सहयोग मां भगवती की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा करवाई थी। बुधवार को प्राणप्रतिष्ठा वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बुधवार को मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन श्रद्धालुओं द्वारा धूमधाम से किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। भंडारा सुबह से शाम तक निरंतर होता रहा। जिसमें गांव सहित क्षेत्र के हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान पलविन्दर सिंह, बाबूराम वर्मा, बीरेन्द्र वर्मा, टीकाराम वर्मा, राजेंद्र वर्मा सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### गन्ना छील रहे बालक पर तेंदुए ने किया हमला, गंभीर

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली भीरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रडा देवरिया के मजरा सूरजपुर में जानवरों के चारा के लिए गन्ना छीलने गए बालक पर तेंदुआ ने हमला कर दिया जिससे बालक गंभीर घायल हो गया। सूरजपुर गांव निवासी आदर्श पुत्र सुरेश उम्र करीब 14 वर्ष जो अपने खेत ग्राम रडा में गन्ना छीलने गया था। जहां गन्ने के खेत में बैठे तेंदुए ने पीछे से बालक पर हमला कर दिया जिसका पंजा बालक के सिर में लगा है बालक की चीख सुनकर गन्ना छील रहे मजदूरों ने शोर मचाया जिससे तेंदुआ छोड़कर गन्ना के खेत में भाग गया आनन फानन में घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देखते हुए डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बनायी मानव श्रृंखला



**अयोध्या।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत गुरुवार को सड़क सुरक्षा के प्रति जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती पर मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन किया गया।यह आयोजन मुख्य सचिव के निर्देशों के अनुपालन में पूर्वान्हः 11 बजे राजकीय इण्टर कालेज में मानव श्रृंखला में लगभग पांच सौ विद्यार्थियों को सम्मिलित कर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी।कार्यक्रम में राजकीय इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज व मनोहर लाल मोती लाल इण्टर कालेज के बच्चो ने प्रतिभाग किया। शपथ ग्रहण में सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ऋतु सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अयोध्या डॉ आर.पी सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रेम सिंह के अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग से सत्य प्रकाश भारतीय, डीआईओएस डॉ. पवन कुमार त्रिपाठी, विजय बहादुर व प्रदीप कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अयोध्या डॉ. सिंह द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों, अधिकारियों और अध्यापकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम के अन्त में सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित नियमों की जानकारी दी गयी तथा आम जनमानस में सडक सुरक्षा से सम्बन्धित जागरूकता उत्पन्न करने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुश्री सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने समाज में बलिदान,राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीयता का संदेश दिया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा जैसे नारों से महान वीरों के बलिदान से मिली। आजादी का मूल्य समझकर सड़क सुरक्षा और अन्य नियमों का पालन किया जाना चाहिए।

## नेताजी की जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** नेता जी सुभाषचंद्र बोस की 128 वीं जयंती पर स्कूल कॉलेजो सहित अनेक स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं सीजीएनपीजी कालेज में नेता जी की प्रतिमा का माल्यार्पण करते हुए पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि नेता जी सुभाषचंद्र बोस महान देशभक्त, क्रांतिकारी साहसी और स्वतंत्रता के प्रति अति उत्साहित संघर्षशील नेता थे। सुभाषचंद्र बोस श्रीमद्भगवदगीता से गहराई से प्रेरित रहे थे, इसी कारण स्वतंत्रता, समानता, राष्ट्रभक्ति के लिए उनके संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता।



उधर आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय के संरक्षक अरविंद पांडेय ने मां सरस्वती एवं एवं नेता जी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि अरविंद पांडेय ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में नेता सुभाष चंद्र बोस की भूमिका को देश कभी भुला नहीं सकता।

## सीडीओ अभिषेक कुमार ने सीएसआर से चार विद्यालयों को दी आरो प्लांट की सौगात

- नौनिहाल पियेंगे शुद्ध पेयजल, दांतों के पीलेपन से मिलेगा छुटकारा
- सीडीओ बोले, इन क्षेत्रों में प्राथमिकता पर पूरा कराए जल जीवन मिशन का काम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील सदर ब्लॉक फूलबेहड़ क्षेत्र अंतर्गत शारदा नदी बंधे के किनारे बसे गांवो में संचालित चार परिषदीय विद्यालयों (बेड़हा सूतिया, जंगल नंबर 11, गूम, पिपरा गूम) को गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने सीएसआर से एक-एक आरओ प्लांट की सौगात दी। गुरुवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने इस क्षेत्र के चिन्हित 9 विद्यालयों के सापेक्ष प्रथम चरण में चिन्हित चार विद्यालयों को प्रधानाध्यापकों को विद्यालय प्रयोग के लिए एक-एक आरो प्लांट प्रदान किए, ताकि वहां अध्यनरत नौनिहाल शुद्ध पेयजल पी सके और दांतों के पीलेपन से छुटकारा मिल सके। सीडीओ ने संकेत दिए कि जल्द ही अन्य पांच विद्यालयों को भी सीएसआर से आरओ प्लांट उपलब्ध कराए जाएंगे। बताते चले कि हाल ही में सीडीओ अभिषेक कुमार ने जंगल नंबर 11 में संचालित परिषदीय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान पाया कि वहां के बच्चों के दांत पीले हैं। इस पर उन्होंने जल निगम से पेयजल की जांच कराई। जांच के दौरान फ्लोराइड की मात्रा अधिक पाई गई। बच्चों को इस समस्या से तत्काल निजात दिलाने के उद्देश्य से इस क्षेत्र के चिन्हित सभी नौ विद्यालयों में प्रथम चरण में सीएसआर से चार आरओ प्लांट विद्यालय को सौंपे।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रा) योगेंद्र कुमार नीरज को निर्देशित किया कि इन चिन्हित गांव में जल जीवन मिशन के तहत परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर समय बढ़ता और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करते हुए इस समस्या का निदान करते हुए शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराए।

**सीडीओ के पंचायत भवन में पंजिकाएं मिली अधूरी, सचिव का स्पष्टीकरण तलब:** सीडीओ अभिषेक कुमार ने जंगल नंबर 11 में पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जन्म मृत्यु पंजिका और शिकायत रजिस्टर न बनाने और मेंटेन करने पर सीडीओ ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए ग्राम सचिव गायत्री राना का स्पष्टीकरण तलब किया। निर्देश दिए कि सभी ग्राम पंचायत में उनके निर्देश के अनुसार जन्म मृत्यु पंजिका और शिकायत पंजिका को दुरुस्त रखा जाए।

## लखीमपुर प्रेस क्लब ने पत्रकार हितों के लिए आठ सूत्रीय मांगपत्र डीएम को सौंपा

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन (सम्बद्ध आईएफडब्लूजे) एवं लखीमपुर प्रेस क्लब, यूनिट लखीमपुर खीरी ने पत्रकार हितों के लिए आठ सूत्रीय मांगपत्र जिलाधिकारी को सौंपा।



ज्ञापन में कहा गया है कि पत्रकारों हेतु आवासीय कालोनी बनाई जाये और उसमें पत्रकारों को भूखण्ड अथवा आवास उपलब्ध कराये जायें, उप्र आवास विकास द्वारा आवासीय कालोनी बनाया जाना प्रस्तावित है इसमें पत्रकार कालोनी की व्यवस्था की जाये। लखीमपुर में प्रेस क्लब भवन का निर्माण किया जाए, शासन द्वारा जिला स्तर पर पत्रकारों के उत्पीड़न एवं समस्याओं के निराकरण के लिए एक स्थायी समिति का गठन किया जाये। जो पिछले काफी समय से स्थायी समिति का गठन नहीं किया गया है। जनपद स्तर पर विभिन्न समाचार पत्र पत्रिकायें, न्यूज चैनल के अधिकृत प्रतिनिधियों को चिकित्सा कार्ड देने की व्यवस्था शासन द्वारा की गयी है किन्तु चिकित्सा कार्ड भी सूचना विभाग द्वारा जारी नहीं किये गये हैं। चिकित्सा सुविधा कार्ड न मिलने से अधिकांश पत्रकार चिकित्सा सुविधाओं से वंचित हैं। अतः सभी श्रमजीवी पत्रकारों को चिकित्सा सुविधा कार्ड जारी किये जायें। वहीं शासन द्वारा जिला चिकित्सालय में पत्रकारों के लिए मुफ्त इलाज की सुविधा की गयी है। परन्तु चिकित्सालय में पत्रकारों को यह सुविधा ठीक से नही मिल पा रही है। अतः पत्रकारों को सुचारू रूप से मुफ्त चिकित्सा सुविधा व अस्पताल में दवा उपलब्ध न होने पर लोकल पर्चेज करके दवा दिल्राने की व्यवस्था की जाये। वहीं जनपद से प्रकाशित साप्ताहिक/पाक्षिक समाचार पत्रों के संपादकों को संपादक कार्ड जारी किये जाते थे जो काफी समय से जारी नहीं किये जा रहे है। ऐसे समाचार पत्रों के संपादकों को कार्ड जारी किये जायें। सूचना विभाग में अधिकृत पत्रकारों की सूची सरकारी कार्यालयों को उपलब्ध करायी जाये ताकि सरकारी सूचनाएं अधिकृत पत्रकारों को प्राप्त हो सके। वहीं गत कई वर्षो से जनपद में सूचना विभाग में सहायक निदेशक की नियुक्ति नहीं हुई है। सहायक निदेशक की नियुक्ति की जाए। ज्ञापन देनें वालों में प्रमुख रूप से अध्यक्ष कुलदीप पाहवा, महामंत्री सुबोध शुक्ला, प्रेस क्लब महामंत्री शारिक, शवाब खॉ, राकेश शर्मा, शक्तिधर त्रिपाठी, रितेश भसीन, चन्द्रशेखर शुक्ला, प्रतीक श्रीवास्तव, अनुज शुक्ला, धीरज कुमार, सुरेन्द्र मिश्र, सौरभ मिश्र, विवेक गुप्ता, राकेश मिश्र सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

## मिशन मैदानः खंभारखेड़ा पहुंचे सीडीओ, देखा निर्माणाधीन आदर्श खेल मैदान, दिए निर्देश

- प्ले ग्राउंड निर्माण में खेल मानकों और गुणवत्ता पर सीडीओ का फोकस

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में मिशन मैदान के तहत बनाए जा रहे खेल मैदानो में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने परिषदीय विद्यालय खंभारखेड़ा में निर्माणाधीन आदर्श खेल मैदान का निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार ने आदर्श खेल मैदान की बारीकियों को रेखांकित किया। निर्देश दिए की विभिन्न खेलों के लिए बनाए जा रहे खेल मैदाने में सभी मानकों का ध्यान रखा जाए। उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट निर्माण के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। खेल मैदान की दीवारों पर खेल गतिविधियों से संबंधित वॉल राइटिंग एवं पेंटिंग कराने को भी कहा। उन्होंने कहा कि खेल मैदान में बच्चों को खेलने के लिए लगाए जाने वाले झूलों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

**एस्ट्रो, साइंस लैब में नौनिहालों की प्रतिभा देख सीडीओ ने की सराहनाः** निरीक्षण के दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार ने परिषदीय विद्यालय खंभारखेड़ा में एस्ट्रो लैब और साइंस लैब का भी निरीक्षण किया। जहां नौनिहालों से कई प्रश्न किया। नौनिहालों की प्रतिभा देख सीडीओ ने सराहना की।

## मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**बिजुआ खीरी।** ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के पडरिया तुला में संचालित के.ए.यू.के.इंटर कालेज़ में मनायी गई नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा नारा देने वाले भारतवासियों को जागृत कर ब्रिटिश हुकूमत की नींद उड़ा देने वाले महान राष्ट्रनायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती को पूरा देश पराक्रम दिवस के तौर पर मना रहा है। अपने करिश्माई नेतृत्व से आजादी की लड़ाई को नई ऊर्जा देने वाले नेताजी की जीवनी और कठोर त्याग आज के युवाओं के लिए बेहद ही प्रेरणादायक है। कालेज़ के उप प्रधानाचार्य इमरान उस्मानी ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धासुमन अर्पित कर सभी छात्र छात्राओं को नेता जी सुभाष चंद्र बोस के बारे में बताया।



इस मौक़े पर कालेज के राजेंद्र प्रशाद राज,अतीश अवस्थी, विशाल प्रजापति, नीलम श्रीवास्तव, ओमकार सिंह यादव, शाह आलम, रचना रस्तोगी, सुनीता मिश्रा, अर्चना शर्मा, दया शंकर, सूरज गिरी, अनिरुध गिरि, ग़ुलाम रसूल, प्रियंका मिश्रा, लुकमान रजा, गोविंद यादव, गया प्रशाद भारती, ब्रजेश सिंह सहित समस्त कर्मचारी व छात्र/छात्राएं मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता माह

## पोस्टर-स्लोगन तथा भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

शासन के निर्देशानुसार भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर खीरी मे सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत प्राचार्या प्रो गीता शुक्ला के मार्गदर्शन में शिवांगी सक्सेना एवं डॉ. क्षमा तिवारी द्वारा पोस्टर स्लोगन तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। पोस्टर स्लोगन में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ क्षमा तिवारी एवं डॉ. प्रीति सिंह ने निभाई। पोस्टर में प्रथम स्थान रिया बाजपेयी, द्वितीय महिमा वर्मा तृतीय रिया गुप्ता ने प्राप्त किया। स्लोगन में प्रथम स्थान अंजलि विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान महिमा वर्मा तथा तृतीय स्थान काजल ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका शिवांगी सक्सेना एवं डॉ प्रीति सिंह ने निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महिमा वर्मा, द्वितीय स्थान रिया बाजपेयी, तृतीय



स्थान आयुषी तथा शिफा परवीन को सांत्वना हेतु स्थान मिला। उक्त समस्त प्रतियोगिता का आयोजन सड़क सुरक्षा प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो विमलेश के सहयोग से संपन्न हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ने छात्राओं को सड़क दुर्घटना के कारण और बचाव के बारे में सुझाव दिया। एनएसएस के स्वयंसेवक एनसीसी कैडेट तथा रेंजर्स की छात्रायें उपस्थित रही।

## छात्र-छात्राएं हुईं पुरस्कृत



**लखीमपुर खीरी।** सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर विद्यालय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट तथा प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्राप्त कर सभी छात्र- छात्राएं बहुत ही उत्साहित हुए। इस अवसर पर सभी माध्यमों के कोआर्डिनेटर कामिनी, आशीष सिंह, विनीता तथा अर्चना का सहयोग अभूतपूर्व रहा। इसके उपरांत कार्यक्रम करवाने वाले सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को भी प्रबंधक के द्वारा सम्मानित किया गया।

## सचिव ने किया जिला कारागार का निरीक्षण, दी जानकारियां

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के अनुक्रम जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा के निर्देशन में गुरुवार को अपर जनपद न्यायाधीश/प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा द्वारा जिला कारागार में 'नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती' के अवसर पर 'बंदियों के अधिकार' विषय पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान सचिव श्री वर्मा द्वारा बंदियो को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि बंदियों के अधिकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जेल में रह रहे बंदियों के साथ भी मानवाधिकारों और कानूनी अधिकारों के तहत उचित व्यवहार हो। यह अधिकार अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों, राष्ट्रीय कानून और संविधान के तहत स्थापित होते हैं।भारत में बंदियों के अधिकार



भारतीय संविधान और न्यायालय के विभिन्न निर्णयों द्वारा संरक्षित है। उन्होंने बताया कि बंदियों के अधिकारों को संरक्षित करने के लिए कई कानून बनाए गए है। इसके तहत यदि कोई बंदी जिसकी पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं है तो इस परिस्थिति में उसके मुकदमें की पैरवी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए संबंधित बंदी को एक प्रार्थना पत्र जेल प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित करना होता होगा।निरीक्षण के दौरान सचिव श्री वर्मा द्वारा बंदियों से उनके स्वास्थ्य आदि के बारे में वार्ता की गयी।किसी बंदी द्वारा किसी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया। बंदियों से जेल अधिकारियों/कर्मियों द्वारा उनके साथ जाति,धर्म व लिंग के आधार पर भेदभाव किए जाने के बारे में पूछे जाने पर बंदियों द्वारा इन्कार किया गया। बंदियों को यह भी बताया गया कि यदि किसी को किसी भी प्रकार की सहायता चाहिए तो राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 15100 पर कॉल कर तत्काल सहायता व जानकारी प्राप्त कर सकते है। शिविर आयोजन के उपरान्त अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव द्वारा जनपद कारागार के विभिन्न बैरकों, पाठशाला, पाकशाला, शौचालय आदि का निरीक्षण किया गया। शिविर में उदय प्रताप मिश्र (वरिष्ठ अधीक्षक जिला कारागार), जितेन्द्र कुमार यादव (कारापाल), वन्दना (उप कारापाल), शुमरा अंसारी (उप कारापाल), नीरज दूबे (उप कारापाल), माया सिंह (उप कारापाल) व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सचिव ने किया निरीक्षण, दुरुस्त मिलीं व्यवस्थाएं

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के क्रम में जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा के निर्देशन में गुरुवार को अपर जनपद न्यायाधीश/प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण किया गया।इस दौरान राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती का आयोजन भी किया गया।निरीक्षण के दौरान निरुद्ध किशोर अपचारियों से उनके स्वास्थ्य एवं भोजन के बारे में जानकारी ली गयी। अपचारियों द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य की जांच के लिए समय समय पर चिकित्सक आते रहते हैं और भोजन मीनू के अनुसार दिया जाता है।अन्य बच्चों से उनके शिक्षा के विषय में पूछा गया तो उन्होने बताया कि अच्छी तरह से शिक्षा दी जा रही है।कभी कभी निबन्ध लेखन का आयोजन कराया जाता है। सहायक अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण गृह



(किशोर) को समुचित साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। सचिव श्री वर्मा द्वारा किशोर अपचारियों को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गयी और बताया गया कि यदि किसी किशोर अपचारी को विधिक सहायता चाहिए तो कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्तर्गत एलएडीसीएस के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।सचिव द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में संधारित होने वाले कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका की भी जांच की गयी। सहायक अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) को निर्देशित किया गया कि वे इस बात का ध्यान रखें कि किसी किशोर अपचारी को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये।

# नेताजी का जीवन निष्ठा व साहस की मिसाल : योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर परिवर्तन चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने नेता जी के देश के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि भारत माता के महान सपूत और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन साहस, निष्ठा और निस्वार्थ सेवा की मिसाल है।

मुख्यमंत्री ने नेताजी के जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उन्होंने भारतवासियों के दिलों में देशभक्ति की ऐसी अलख जगाई, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उनका नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' आज भी हर भारतवासी के लिए प्रेरणा स्रोत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हम नेताजी की पावन जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मना रहे हैं। भारत माता के इस महान सपूत ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से आजादी के आंदोलन को नई दिशा दी। नेताजी का नाम हर भारतवासी के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी के योगदान को सम्मानित करते हुए 23 जनवरी को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया। यह निर्णय नेताजी के प्रति देश की कृतज्ञता का प्रतीक है। सीएम योगी ने कहा कि नेताजी ने अपने जीवन के सबसे प्रतिष्ठित समय में सिविल सेवा की नौकरी को त्याग दिया, क्योंकि वह विदेशी हुकूमत के अधीन कार्य करना नहीं चाहते थे। यह कदम न केवल उनके देशप्रेम का परिचायक था, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना। उन्होंने कहा कि नेताजी ने अपने जीवन में कभी भी साधनों की कमी को बाधा नहीं बनने दिया। नेताजी के नारे और विचारों ने युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उनके नारे ने युवाओं के भीतर देशभक्ति का ऐसा जादू फैलाया कि ब्रिटिश हुकूमत को उन्हें नजरबंद करना पड़ा, लेकिन उनकी नजरबंदी भी आजादी के प्रति उनके जुनून को नहीं रोक सकी। नेताजी ने जर्मनी, जापान और अन्य देशों में जाकर भारत की आजादी के लिए समर्थन जुटाया।

### सीएम ने युवाओं से की नेताजी के आदर्शों को अपनाने व राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील

योगी ने युवाओं को राष्ट्रधर्म का महत्व समझाते हुए कहा कि हर नागरिक को जाति, मजहब, भाषा और क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि मानना चाहिए। नेताजी का जीवन हमें सिखाता है कि देश के प्रति निष्ठा और समर्पण सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने करियर से आगे बढ़कर देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें। नेताजी के साहस और निष्ठा को याद करते हुए सीएम योगी ने कहा कि उनका व्यक्तित्व युवाओं को न केवल प्रेरित करता है, बल्कि यह सिखाता है कि चुनौतियों से कैसे निपटा जाए। नेताजी का हर कदम युवाओं के लिए एक संदेश था।

# छह लोग यूपी गौरव सम्मान से होंगे सम्मानित

**यूपी दिवस**

**उपराष्ट्रपति और सीएम योगी रहेंगे मौजूद**

वरिष्ठ संवाददाता, समृद्धि न्यूज।



यूपी की राजधानी लखनऊ में गुरुवार को पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने लोक भवन में प्रेसवार्ता की। उसमें उन्होंने बताया कि यूपी दिवस 24 जनवरी से 26 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रमों, प्रदर्शनी आदि का आयोजन विभाग की तरफ से भी किया जा रहा है।

अवध शिल्प ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में इस बार छह लोगों को यूपी गौरव सम्मान दिया जाएगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, सीएम योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में उन्हें प्रत्येक को 11, 11 लाख रुपये और शील्ड आदि दिया जाएगा।

मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर 75 जिलों के ओडियोपी उत्पाद, खान पान, कला, संस्कृति का भी प्रदर्शन किया जायेगा। विकास व विरासत : प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश थीम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश का गौरवशाली इतिहास और वर्तमान दोनों दिखेगा। इससे जुड़ी प्रदर्शनी व कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 25 जनवरी को मतदाता जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम होंगे।

उन्होंने बताया कि लखनऊ के साथ ही नोएडा शिल्प ग्राम, महाकुंभ में विभाग के पंडाल और प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में भी आयोजन किया जाएगा। कुंभ में लोगों के रुकने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की सवाल पर उन्होंने कहा कि काफी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं, हम उनके ठहरने का बेहतर प्रबंध करने का प्रयास कर रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### सभी धर्म गुरु देंगे एकता का संदेश



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जश्न ए आजादी ट्रस्ट और हजरतगंज ट्रेडर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में विगत कई वर्षों से राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर हजरतगंज स्थित हनुमान मंदिर के पास ध्वजारोहण होता आ रहा है पूर्व वर्षों की भांति भी इस वर्ष भी 26 जनवरी,2025 दिन रविवार को समय दोपहर ठीक 01:05 बजे हजरतगंज स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के पास झंडारोहण किया जायेगा। झंडारोहण में विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों सहित सभी धर्मों के धर्म गुरु शामिल होकर एकता और अखंडता का संदेश देंगे तथा इसी स्थान पर भारत पर्व का रंगारंग समारोह भी मनाया जाएगा। जिसमें देशभक्ति तरानों के साथ मुशायरा और देशभक्ति के गीतों, नृत्य का प्रदर्शन, लखनऊ के कलाकारों द्वारा हजरतगंज में किया जायेगा। इस संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक सहारा गंज के सामने रॉयल कैफे होटल में संपन्न हुई।

### उप्र के 51 नेता दिल्ली में करेंगे प्रचार, दो पूर्व मंत्री पहले से हैं मौजूद

**लखनऊ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उप्र के लोगों को लुभाने के लिए यहां के स्थानीय नेताओं की ड्यूटी लगा दी है। उप्र के कई नेताओं की विधानसभावार पहले से ड्यूटी लगायी गयी है। वहीं गुरुवार से उप्र के 51 नेता दोपहर बाद से 51 विधान सभा क्षेत्रों में ड्यटी पर लग जाएंगे। इनका मुख्य काम उप्र के लोगों के बीच संपर्क करना और संगठन के लोगों के साथ बैठक कर रणनीति बनाना है। इससे पहले पूर्व मंत्री स्वाती सिंह और उपेन्द्र तिवारी जनवरी के प्रथम सप्ताह से ही प्रचार में लगे हुए हैं। गुरुवार से उप्र के जिन 51 नेताओं की 51 विधानसभाओं में ड्यूटी लगायी गयी है, उनमें प्रमुख रुप से भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला को दिल्ली विधानसभा में विधायक प्रकाश द्विवेदी की मातीनगर में, आनंद स्वरूप शुक्ला की ड्यूटी लक्ष्मीनगर में, भूपेश चौबे का कालका जी में, गोविंद माधव की किराड़ी में, सुरेन्द्र चौरसिया की अंबेडकरनगर में, शलभमणि त्रिपाठी की माडल टाउन में, आशीष सिंह आशू की नई दिल्ली में ड्यूटी लगायी गयी है। इससे पूर्व पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ओखला में जनवरी के प्रथम सप्ताह से ही प्रचार अभियान में जुटी हुई हैं। जब वहां प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ था, तब से वे प्रचार कर रही हैं। पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी लक्ष्मीनगर में प्रचार कर रहे हैं। इस संबंध में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला का कहना है कि हम पार्टी के अनुशासित सिपाही हैं। जहां ड्यूटी लगायी जाएगी, वहां जाना है। आज से हमारी ड्यूटी दिल्ली में लगी है। वहां दिल्ली कैंट में प्रचार करना है।

### सहकारिता विभाग करेगा मैराथन दौड़ का आयोजन, मुख्यमंत्री दिखायेंगे हरी झंडी

**लखनऊ।** सहकारिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने बताया है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है। इस अवसर पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये अनेक नीतियॉं एवं कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है। सहकारिता विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन 26 जनवरी को प्रात: 11:30 बजे से आरम्भ स्थल कालीदास मार्ग लखनऊ से एवं समापन स्थल केडी सिंह बाबू स्टेडियम तक किया जा रहा है। 'रन फॉर कॉपरेशन' मैराथन दौड़ का शुभारम्भ सीएम द्वारा किया जायेगा। आयुक्त एवं निबंधक अनिल कुमार सिंह ने बताया, मैराथन दौड़ कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक, राज्य भण्डारण निगम एवं राज्य निर्माण सहकारी संघ द्वारा किया जा रहा है। मैराथन दौड़ में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन फीस एवं मैराथन किट नि:शुल्क है। मैराथन दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। ।

### 11वीं की छात्रा लापता, घर से डेढ़ किलो चांदी-सोना ले गई

**लखनऊ।** राजधानी के सरोजनी नगर में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां से 17 वर्षीय छात्रा स्कूल जाने के बहाने घर से निकली और लापता हो गई। छात्रा अपने साथ डेढ़ किलो चांदी और सोने के गहने भी ले गई है, जिससे मामला और भी गंभीर हो गया है। जौनपुर की रहने वाली किशोरी अपने मामा के घर रहकर सरोजनी नगर के एक निजी स्कूल में 11वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही थी। 20 जनवरी को सुबह लगभग 9 बजे वह स्कूल ड्रेस में घर से निकली, लेकिन स्कूल नहीं पहुंची। जब शाम तक वह घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने स्कूल में संपर्क किया और पता चला कि वह वहां नहीं पहुंची थी। पीड़ित व्यक्ति के मुताबिक, छात्रा 1 से 9 जनवरी के बीच अपने गांव जौनपुर में थी, जहां उसकी मुलाकात पड़ोस के गांव के करन सिंह नामक युवक से हुई थी। दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती थी, जिसका पता चलने पर परिजनों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया था। परिजनों ने संदेह जताया है कि करन सिंह ने छात्रा को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया है। सरोजनी नगर पुलिस ने मामले में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और छात्रा की तलाश में जुटी है। पुलिस आरोपी युवक के ठिकानों पर भी छापेमारी कर रही है।

# वनमंत्री ने जंगल रेस्क्यू ऑपरेशन का लिया जायजा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



राजधानी के रहमानखेड़ा जंगल और आसपास के 20 किमी एरिया में 50 दिनों से बाघ की दहशत है। टाइगर अब तक 15 शिकार कर चुका है। वन विभाग के एक्सपर्ट टीम की सारी कवायद फेल हो रही है। इस बीच राजधानी से सिर्फ 25 किमी दूर बाघ वाले एरिया में वन मंत्री को पहुंचने में 50 दिन लग गए।

गुरुवार को प्रदेश के वन मंत्री अरुण सक्सेना रहमानखेड़ा के केंद्रीय उपोष्ण बागवानी (सीआईएसएच) संस्थान पहुंचे। वन विभाग के सीनियर अधिकारियों, रेस्क्यू टीम के एक्सपर्ट्स से मुलाकात की। साथ ही बाघ का सुरक्षित रेस्क्यू करने के निर्देश दिए। इधर, बाघ लखनऊ के सीआईएसएच परिसर में पड़वा का शिकार करने के बाद फतेहनगर गांव की ओर निकल चुका है। बुधवार को गांव के पास बेहता नाला के किनारे खेतों में बाघ के पैरों के ताजे निशान मिले। मंगलवार को शिकार करने के बाद बाघ ने लोकेशन चेंज कर दी है और शिकार से करीब 10 किलोमीटर दूर पहुंच चुका है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पग चिह्नों की जांच की और बाघ की मौजूदगी बताई।

ड्रोन कैमरे से तलाश की गई, लेकिन बाघ का कहीं पता नहीं चल सका। डीएफओ डॉ. सितांशु पांडेय के अनुसार, संस्थान में भी बाघ के पग चिह्न मिले हैं। वन विभाग ने एक अस्थायी मचान बनाकर निगरानी शुरू कर दी है। बाघ को पकड़ने के लिए मीठे नगर की तरफपिंजरे में बकरी को बांधा गया है। वन विभाग की टीम बाघ के दोबारा शिकार वाली जगह पर लौटने की प्रतीक्षा कर रही है। सीसीएफ रेणु सिंह प्रतिदिन रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी कर रही हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों को अकेले न निकलने और खेतों में समूह में जाने की सलाह दी है। टीमों को गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग को भी यह डर है कि अगर बाघ ने इंसानी बस्तियों की तरफ रुख किया तो मुश्किल बढ़ जाएगी।

## 'गुमनामी बाबा' के संग्रहालय को गुमनामी में जाने से रोके सरकार : अखिलेश यादव



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अयोध्या में बने 'गुमनामी बाबा' के संग्रहालय को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से आग्रह है कि सपा सरकार में अयोध्या में बने 'गुमनामी बाबा' के संग्रहालय का सही रखरखाव करें और उसे गुमनामी में जाने से रोके। दरअसल, समाजवादी पार्टी के शासन काल में 'गुमनामी बाबा' के नाम से संग्रहालय का विस्तार किया गया था। आप को बता दें कि अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में गुमनामी बाबा की गैलरी भी बनी है। इसमें रहस्यमयी बाबा के आवास रामभवन से मिली बड़ी संख्या में सामग्री को रखा गया है जो नेता जी सुभाष चंद्र बोस जुड़े हैं।

## 24 से 26 जनवरी तक तीन दिनों तक अवध शिल्प ग्राम में होंगे आयोजन




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह और प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस और राष्ट्रीय पर्यटन दिवस, गणतंत्र दिवस को 24 से 26 जनवरी तक तीन दिन लखनऊ में शहीद पथ पर अवध शिल्प ग्राम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश दिवस मनाने के लिए 75 जनपदों से ओडीओपी के शिल्पी कारीगर अपने निर्माण की प्रदर्शनी लगाएंगे। वहीं, फूड का भी आनंद ले सकेंगे। धरोहर प्रदर्शनी और विरासत प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है। इसमें अटल जी की शताब्दी जयंती, बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती और स्वाधीनता के अमृत काल को प्रदर्शनी में दर्शाया जाएगा। काकोरी एक्शन का शताब्दी वर्ष चल रहा है, उसे भी शामिल किया गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल के महान कार्यों को भी प्रदर्शनी में रखा गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस पर विश्वकर्मा सम्मान, माटीकला बोर्ड से सम्मान प्राप्त लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान देने का निर्णय हुआ है। जमीन पर कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मान सूची में शामिल किया गया है। 25 जनवरी को पर्यटन दिवस है, जिसे मतदाता जागरूकता दिवस के रूप में मनाएंगे। उन्होंने उत्तर प्रदेश दिवस के मुख्य अतिथि पर कहा कि अवध शिल्प ग्राम आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रहने वाले हैं। लखनऊ में शिल्प ग्राम की तरह महाकुंभ के सेक्टर सात में और नोएडा शिल्प ग्राम में भी कुछ कार्यक्रम होंगे।

# सपा ने सुभाष चंद्र बोस किया नमन

समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय कैसरबाग लखनऊ पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती मनाई गई। जिलाध्यक्ष जय सिंह जयत ने नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए आजादी की लड़ाई में नेता जी के अहम योगदान पर अपने विचार रखे। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकरियों के साथ अन्य प्रकोष्ठो के अध्यक्षों ने भाग लिया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस नेताजी का जन्म 23 जनवरी 1897 को हुआ था। वह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अंग्रणी तथा सबसे बड़े नेता और आजाद हिन्द फौज के मुखिया थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया। जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा भी उनका था जो उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया।

उन्होंने 21 अक्टूबर 1943 को सुभाष चंद्र बोस में आजाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से स्वतंत्रता भारत की अस्थाई सरकार बनायी। अपने जीवन काल में सुभाष चन्द्र बोस को कल 11 बार कारावास हुआ। नेताजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को अपनाते हुए उनके बताये हुए रास्ते पर चलने संकल्प लिया गया।

### कांग्रेस ने महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की मनाई जयंती



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर गुरुवार को स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी रहे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। श्री राय ने कहा कि नेताजी जी के योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता। भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए श्री राय ने कहा कि आज भाजपा के लोग पंडित नेहरू और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के संबंधों पर सवाल खड़ा करते हैं, वह दूसरों के घरों में ताक झांक करते हैं, क्योंकि उनके किसी भी नेता का आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं रहा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस ही थे जिन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को महात्मा के नाम से सम्बोधित किया था। अजय राय ने कहा देश की आजादी के बाद जब पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के पहले प्रधानमंत्री बने, तब उन्होंने लोकतंत्र के मंदिर संसद में नेताजी की 59 फिट की प्रतिमा स्थापित कर नेता जी को सम्मान दिया।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में वॉकथॉन में 15 सौ प्रतिभागियों ने किया प्रतिभाग

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के नेतृत्व में स्वीप योजना के तहत गुरूवार को राज्य स्तरीय वॉकथॉन का आयोजन हुआ। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय वॉकथॉन में लगभग पन्द्रह सौ प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। वॉकथॉन के समापन के बाद सभी प्रतिभागियों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता शपथ दिलाई।

वॉकथॉन की शुरुआत सुबह के वक्त स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य गेट के सामने से हुई और हजरतगंज, सहारा मॉल होते हुए केडी सिंह स्टेडियम में पहुंचकर समाप्त हुई। प्रतिभागियों में मंडलायुक्त डा.रौशन जैकब, जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी एवं एनएसएस, भारत स्काउट गाइड, एनवाईके, खेल पर्सन और स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि वॉकथॉन का उद्देश्य मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देना है। नागरिकों को मतदान के प्रति प्रेरित करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाना है। मतदान के महत्व और जिम्मेदारी के प्रति हर व्यक्ति को जागरूक करना हमारा कर्तव्य है।

### निजीकरण के विरोध में देशभर में विरोध प्रदर्शन



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसलटेंट नियुक्त करने हेतु प्री-बिडिंग कॉफ्रेंस के विरोध में आज देश भर में लाखों बिजली कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किये। राजधानी लखनऊ में हजारों की तादाद में बिजली कर्मियों ने मुख्यालय शक्ति भवन घेर लिया और निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति ने ऐलान किया है कि बिजली के निजीकरण का निर्णय वापस होने तक लगातार संघर्ष जारी रहेगा। आज और कल भी बिजली कर्मी पूरे दिन काली पट्टी बांधकर काम करेंगे और भोजनावकाश या कार्यालय समय के उपरान्त विरोध सभायें करेंगे। कल संघर्ष के नये चरणों की घोषणा की जायेगी।

# भारतीय रेल विद्युतीकरण के गौरवपूर्ण सौ वर्ष

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




भारतीय रेल विद्युतीकरण के गौरवपूर्ण सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 को शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है । सनद रहे 3 फरवरी 1925 को मुंबई वीटी से कुर्ला के मध्य पहली विद्युत इंजन संचालित ट्रेन चलाई गई थी। 1925 से जनवरी 2025 तक भारत का 97 प्रतिशत रेल नेटवर्क का विद्युतीकृत हो चुका है। पिछले वर्ष लखनऊ मंडल के सुभागपुर-पचपेड़वा बीजी लाईन के विद्युतीकरण के साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे के 3,225 किलोमीटर बीजी. रेल नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है जिन पर अब विद्युत इंजन कार्य कर रहे हैं। गोरखपुर और गोंडा विद्युत लोको शेडों में 197 विद्युत इंजनों की होल्डिंग के साथ लखनऊ मंडल पूर्वोत्तर रेलवे में इस उपलब्धि का ध्वजवाहक है, जिसे भविष्य में 300 विद्युत इंजनों की होल्डिंग तक बढ़ाने का लक्ष्य है। विद्युतीकरण से क्षेत्र में रेल नेटवर्क की दक्षता, गति और पर्यावरणीय प्रभाव में सुधार हुआ है, जिसके आगे के भी सुधार के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। इसी अवसर पर एनई रेलवे सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, गोरखपुर के छात्र-छात्राओं के दल ने पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के गोरखपुर स्थित इलेक्ट्रिक लोको शेड का स्टडी टूर किया एवं वहॉं उपस्थित रेलवे अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों से विभिन्न रेलवे इंजनों की कार्य प्रणाली एवं संरचना के बारे मे विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

**सराहनीय**

## बालिकाओं के लिए ही नहीं, पूरे प्रदेश के गर्व का विषय

# केजीबीवी की 80 छात्राओं के कदमताल से पहली बार गूंजेगी गणतंत्र दिवस की परेड

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे अभूतपूर्व बदलावों का नतीजा यह है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) की 80 छात्राएं इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार भाग लेंगी। ये छात्राएं लखनऊ के मलिहाबाद, चिनहट और सरोजनी नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों से चयनित की गई हैं और वे विधानभवन के सामने आयोजित होने वाली परेड में अपने अनुशासन, प्रतिभा और जोश का प्रदर्शन करती हुई नजर आएंगी।

यह पहली बार है जब कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बन रही हैं। योगी सरकार की यह पहल उन प्रयासों का हिस्सा है जो महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में चलाए जा रहे हैं। इन छात्राओं ने पिछले 10 दिनों से लखनऊ पुलिस लाइन में कड़ी मेहनत की है, ताकि वे परेड में पूरी तरह से तैयार होकर शामिल हो सकें। उनका यह समर्पण और कड़ी मेहनत इस बात का प्रतीक है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अपर राज्य परियोजना निदेशक श्रीमती एकता सिंह ने कहा कि केजीबीवी की बालिकाओं का गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेना केवल उनके लिए ही ऐतिहासिक क्षण नहीं है, बल्कि यह पूरे प्रदेशवासियों के लिए गर्व का क्षण होगा। विभाग ने हमेशा यह सुनिश्चित किया है कि हर बेटी को शिक्षा का समान अवसर मिले और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया जाए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की इन छात्राओं की परेड में भागीदारी यह साबित करती है कि सरकार की योजनाओं से बालिकाओं का आत्मविश्वास और उनका प्रदर्शन बढ़ा है।

इन 80 छात्राओं की परेड में भागीदारी न केवल उनके विद्यालयों का गौरव बढ़ाएगी, बल्कि वे प्रदेशभर के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का प्रतिनिधित्व भी करेंगी। यह कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में पढ़ाई कर रही बालिकाओं के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। इन बालिकाओं के अनुशासन, मेहनत और समर्पण ने उन्हें यह अवसर प्रदान किया है। ज्ञात हो कि योगी सरकार ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के माध्यम से प्रदेश के वंचित वर्ग की बेटियों को शिक्षा के बेहतर अवसर प्रदान किए हैं, जिससे आज ये बालिकाएं अपने स्कूलों और प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं।

महानिदेशक स्कूल कंचन वर्मा ने कहा कि केजीबीवी की इन छात्राओं की परेड में भागीदारी केवल उनके शारीरिक और मानसिक कौशल का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी उत्कृष्टता को भी रेखांकित करती है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का उद्देश्य वंचित वर्ग की बालिकाओं को शिक्षा और विकास के बेहतर अवसर प्रदान करना है। इन छात्राओं ने इस उद्देश्य को साकार कर दिखाया है।

डिप्टी डायरेक्टर डॉ. मुकेश सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग ने एक नया इतिहास रचा है। लखनऊ में गणतंत्र दिवस समारोह की परेड रिहर्सल में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं। उनके अनुशासन, जोश और तैयारी ने सभी को प्रभावित किया। उनके इस प्रयास ने न केवल उनके विद्यालय बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का काम किया है। यह पल हर उस छात्रा के लिए प्रेरणा बनेगा जो शिक्षा और मेहनत के जरिए अपने सपनों को पूरा करना चाहती है।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा, केजीबीवी की इन छात्राओं ने साबित कर दिया है कि अगर शिक्षा और अवसर मिले, तो वंचित वर्ग की बेटियां भी बड़े से बड़े मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

## नेताजी की जयंती पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 128वीं जयंती के अवसर पर आज 23 जनवरी को नव वर्ष चेतना समिति के तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गोमती नगर में विपुल खण्ड स्थित आईएमआरटी कॉलेज परिसर में आयोजित इस शिविर की शुरुआत प्रातरू 10 बजे हुई। शिविर में करीब 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। परिसर में मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स ने रक्तदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पल्लवी रानी के नेतृत्व में टीम ने रक्तदान प्रक्रिया सम्पन्न करायी।इस मौके पर डॉ. पल्लवी रानी ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान के लिए लोगों को आगे आना चाहिये, क्योंकि वर्तमान में हमारे देश में प्रतिवर्ष करीब 5 मिलियन यूनिट ब्लड की कमी रह जाती है। उन्होंने कहा कि मजबूरी की अपेक्षा स्वैच्छिक रूप से दान किया गया रक्त ज्यादा अच्छा माना जाता है।

# प्रयाग जं. स्टेशन पर खोया-पाया प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या एवं अन्य पर्वों पर आने-जाने वाले यात्रियों को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों को खोया-पाया हेतु प्रशिक्षित किया गया। इसमें वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे यात्रियों को पुनः उनके परिजनों से मिलवाना है, जो कि यात्रा के दौरान किसी कारणवश अपने परिवार से बिछुड़ जाते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौनी अमावस्या एवं अन्य पर्वों पर ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों को स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए उनको इस विषय में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में इस कार्य की विशेषज्ञ एक संस्था के प्रशिक्षक द्वारा रेलकर्मियों को आधुनिक तकनीक द्वारा खोए और पाए जाने वाले कर्मचारियों का विवरण अंकित करने, उनका लेखाजोखा रखने तथा इस विषय में की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही को अपनाने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

# डीएम का सख्त कदम, सरकारी अस्पतालों की स्थिति की होगी जांच

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



जिला प्रशासन ने सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जिले के सरकारी अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति सुधारने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को सघन निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी है। इस दौरान अस्पतालों की सेवाओं, स्वच्छता और दवाओं की उपलब्धता को परखा जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि सभी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति नियमित रहे और मरीजों को समय पर सभी आवश्यक सुविधाएं मिलें। उन्होंने स्वयं परसपुर, करनैलगंज, हलधरमऊ और कटरा बाजार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करने का जिम्मा उठाया है।

## वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपे गए निरीक्षण के निर्देश

प्रत्येक अस्पताल का निरीक्षण जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। निरीक्षण की जिम्मेदारियों का विवरण इस प्रकार है

**40 बिंदुओं की चेकलिस्ट के साथ डीएम का निर्देश स्वास्थ्य सुविधाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

1. बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुजेहना÷ मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन और अपर उप जिलाधिकारी नेहा मिश्रा। 2. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपिया, बभनजोत, मनकापुर÷ मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश और अपर उप जिलाधिकारी अशोक गुप्ता। 3. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वजीरगंज, तरबगंज, बेलसर, नवाबगंज अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार और डिप्टी कलेक्टर सुशील कुमार। 4. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काजीदेवर, पंडरी कृपाल, रूपईडीह नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा और अपर उप जिलाधिकारी राजीव मोहन सक्सेना।

**स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जांच के लिए विस्तृत योजना**

जिलाधिकारी ने अस्पतालों की जांच के लिए 40 बिंदुओं की एक विस्तृत चेकलिस्ट तैयार की है। इसमें एंटी रैबीज वैक्सीन, सीटी स्कैन, न्यूबॉर्न केयर यूनिट, टीकाकरण कार्यक्रम, मातृ-शिशु मृत्यु ऑडिट और बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है। यह चेकलिस्ट सुनिश्चित करेगी कि मरीजों को चिकित्सा सेवाएं बेहतर ढंग से प्रदान की जाएं।

**जिलाधिकारी का कड़ा संदेश**

डीएम नेहा शर्मा ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मरीजों से किसी प्रकार की अवैध फीस न ली जाए और दवाइयों के लिए अनावश्यक रूप से पैसा न मांगा जाए। दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा, प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह है कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले हर मरीज को बेहतर और समय पर चिकित्सा सुविधाएं मिले। निरीक्षण रिपोर्ट में जिन कमियों का खुलासा होगा, उन्हें तत्काल प्रभाव से दूर किया जाएगा। जिले के लोगों ने जिलाधिकारी की इस पहल की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि इन कदमों से सरकारी अस्पतालों की हालत में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

# प्रा.वि बकथोरवा में शिक्षक अभिभावक संवाद आयोजित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



बृहस्पतिवार को प्राथमिक विद्यालय -बकथोरवा के प्रांगण में शिक्षक अभिभावक संवाद कार्यक्रम में उपस्थित जन के समक्ष विभाग की ओर से संचालित डी.बी.टी .धन राशि,अपार आई.डी.,आधार नामांकन हेतु जन्म प्रमाण पत्र,निपुण लक्ष्य,निपुण असेसमेंट के संबंध में प्रधानाध्यापक मुहम्मद वासिफ ने विस्तार से चर्चा की तथा लोगों की जिज्ञासाओं का उचित जवाब दिया।संवाद कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि के.एल. यादव ,प्लेटफॉर्म इंस्पेक्टर,पूर्व उत्तर रेलवे ,गोंडा ने ग्राम वासियों को शिक्षा एवम् छात्रों के भविष्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रतिभा हर बच्चे में होती है उसे निखारने की आवश्यकता है तथा ग्राम प्रधान ने हर प्रकार एवं हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। अंत में बेटी बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ की दसवीं वर्ष गांठ पर प्रधानाध्यापक के द्वारा लाए गए स्टेनलेस स्टील के पोर्टेबल झूले का मुख्य अतिथि जी के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया और झूले पर विद्यालय की सबसे छोटी छात्रा तनु ने झूला झूला।

# डीएम ने दिए दयाराम तालाब में अतिक्रमण पर कार्रवाई के निर्देश

**रकाबगंज मोहल्ले की शिकायत पर मलबा हटवाने की त्वरित कार्रवाई**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी ने प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद को सुदृढ़ बनाने और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए ÷नागरिक संगम÷ कार्यक्रम की शुरुआत की। गुरुवार को इमामबाड़ा बड़ी संगत मंदिर के मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। समस्याओं का मौके पर समाधान जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से नागरिकों की शिकायतें सुनीं और कई मामलों का समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया। उनका यह कदम गोंडा में प्रशासन को जनता के करीब लाने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास है। जिलाधिकारी ने कहा, ÷सभी समस्याओं का समाधान समयबद्ध और प्रभावी तरीके से करना प्रशासन की प्राथमिकता है। स्वच्छता और जनसुविधाओं को बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।÷

प्रमुख शिकायतों का निस्तारण और स्थलीय निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने दयाराम तालाब में अवैध जल निकासी और अतिक्रमण की शिकायतें कीं। जिलाधिकारी ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया और कार्यक्रम के बाद तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता सुनिश्चित करने, अतिक्रमण हटाने और अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया। रकाबगंज मोहल्ले में मलबा डाले जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने नगरपालिका अधिकारियों को तत्काल इसे हटाने का निर्देश दिया। मौके पर ही मलबा हटवा दिया गया। फैजाबाद रोड और अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने जलभराव और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को लापरवाही न बरतने की सख्त चेतावनी दी। अन्य विभागीय कार्रवाइयां कार्यक्रम में नगर पालिका, स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत, और समाज कल्याण विभाग के शिविर लगाए गए, जहां नागरिकों की शिकायतों का निस्तारण किया गया।

विद्युत विभाग ने मीटर संबंधित शिकायतों को मौके पर हल किया। नगर पालिका की त्त्क्र्ष्ठ टीम ने रकाबगंज वार्ड में त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान किया। सफल कार्यक्रम के लिए जिलाधिकारी की पहल नागरिक संगम÷ के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ गंभीरता से लें और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। इस जनसंवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी संजय कुमार मिश्र, और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। उनकी सक्रियता और समन्वय से यह कार्यक्रम सफल रहा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की यह पहल प्रशासनिक पारदर्शिता और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। उनकी त्वरित कार्रवाई और निर्णय लेने की क्षमता ने गोंडा में प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा दी है।

# हाईटेक तरीके से हो रही बागवानी का वैज्ञानिक ने किया निरीक्षण

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** शहर के फोरविष गंज में स्थित जिला उद्यान केंद्र में हाई टेक तरीके से की जा रही खेती का निरीक्षण के वी मानिकपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर राम लखन सिंह ने किया। जिला उद्यान अधिकारी रश्मि शर्मा ने हाई टेक तरीके से की जा रही बागवानी की जानकारी भी दिया। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनवरी माह में मटर में लगने वाले कीड़ो से बचाव के लिए किसानों को लैम्बडा साइहलोथ्रिन या इंडो स्कार्ब दवा का छिड़काव करें। अमरूद पपीता आँवला नीबू के पके फलों की तुड़ाई कर ले। टमाटर की फसलों को लकड़ी का सहारा लेकर रस्सी से बाध कर उस के तने को ऊपर ले जाये। आलू के पौधों पर मिट्टी चढ़ाए और प्याज की रोपाई करे। इस से किसानों की बढ़िया फसल पैदा होगी।

# सीडीओ ने सीयूजी उठाना किया बंद, जनता हो रही हलकान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

आज के समय में सोशल मीडिया आमजनों का प्रभावी हथियार बन चुका है।

अक्सर लोग विभिन्न विभागों और अधिकारियों सहित भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेते हैं लेकिन गोन्डा जनपद में मुख्य विकास अधिकारी एम.अरून्मौली का स्थानांतरण हो जाने के बाद और मुख्य विकास अधिकारी गोन्डा में अंकिता जैन के आने पर शासन द्वारा जारी सीयूजी उठना ही बन्द हो गया यह चर्चा जन मानस में जोरों पर है।

यही नहीं सूत्र से मिली जानकारी और लोगों के चर्चा की मानें तो सीडीओ गोन्डा द्वारा एक्स(ट्विटर), व्हाट्सएप्प आदि सोशल मीडिया पर भेजी गई जानकारी से किनारा कस लिया गया है। वहीं अखबार की




खबरों को भी संज्ञान न लेने की जानकारी मिल? रही है वहीं सीडीओ का कहना है कि शिकायत पत्र तथा शपथ पत्र के साथ दिया जाएगा तब जांच होगी।

यह बात तो उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने भी नहीं सोचा होगा की उनके सरकार में मीडिया को चौथा स्तंभ का दर्जा देने के बाद से जनपदीय अधिकारी इस तरह से प्रकाशित खबरों से किनारा कसते नजर आयेंगे और न सीयूजी उठेगा न सीयूजी पर चल रहे व्हाट्सएप्प को देखने की जहमत करेंगे तो जनता को ऐसे अधिकारी न्याय कैसे देंगे एक बड़ा सवाल जनमानस के बीच उभर कर आ रहा है।पिछले दिनों कुछ मीडियाकर्मियों के मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी गोन्डा ने यह बात खुद कहा कि उनको व्हाट्सएप्प पर बहुत मैसेज आते हैं जिसको नहीं देखती है।

जबकि सरकार का साफ निर्देश है कि सोशल मीडिया पर भी शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें अधिकारी।लेकिन गोन्डा मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन के द्वारा न तो एक्स(ट्विटर) तथा व्हाट्सएप्प पर भेजी गई खबरों आदि का कोई संज्ञान नहीं लिया जाता है जो शासन और योगी सरकार की महत्वपूर्ण मंशा पर पानी फेरने का कार्य किया जा रहा है।

# राजा देवी बख्श सिंह तालाब बना उपेक्षा का शिकार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

प्रशासन द्वारा इस तालाब का नामकरण हुआ और राजा देवी बख्श सिंह तालाब नाम से प्रचलित हुआ फिर इसका सुंदरीकरण हुआ।अग्रसेन चौक के करीब स्थित यह राजा देवी बख्श सिंह तालाब शुरुआती दौर में ही अपूर्ण सुंदरीकरण होने से उपेक्षा का शिकार बन गया इस तालाब के चारों तरफ सड़क बनाई गई जो अभी से ही उखड़ने लगी है। तालाब के चारों तरफ जो रेलिंग सुरक्षा की दृष्टि से लगाई गई है वह भी अपूर्ण है इस रेलिंग के पूर्ण न लगने से कई तरफ से राहगीरों का बेरोक टोक आना-जाना होता है वही अराजक तत्वों के प्रवेश से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

तालाब के अंदर चारों तरफ पक्की सीढ़ियों का निर्माण भी नहीं हुआ है तालाब का जो मुख्य द्वारा बनाया गया है वह खूबसूरत तो है लेकिन द्वार पर फाटक अभी तक नहीं लगाया गया फाटक ना लगने से इसकी खूबसूरती में दाग लग रहा है आगंतुको के बैठने के लिए पर्याप्त बेंच भी नहीं लगाई गई है तालाब के नामकरण उपरांत सुंदरीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चला था तब लगता था कि जल्द ही इस तालाब की सुंदरता मन मुग्ध कर देगी और राजा देवी




बख्श सिंह तालाब जगमगा उठेगा लेकिन स्थिति विपरीत दिखी प्रशासन से यह अपेक्षा की जाती है कि जल्द ही संज्ञान में लेकर इस तालाब के अपूर्ण कार्यों को पूरा कराए जिससे राजा देवी बख्श सिंह तालाब की अपनी अलग खूबसूरती एवं पहचान कायम हो सके।

# सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने लगायी फांसी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

नगर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की बीती रात में पंत नगर काशी राम कालोनी में एक युवक ने सूदख़ोरी की प्रताड़ना से तंग आकर फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। नगर कोतवाली क्षेत्र के पंत नगर काशी राम कालोनी निवासी 35 वर्षिय सुरेंद्र कुमार उर्फ सोनू कोरी पुत्र ज्ञानदास ने सोमवार की बीती रात्रि में फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। मृतक के भाई सन्तोष कुमार ने बताया कि उस का भाई सोमवार को घर पर आया और पत्नी सुरैया बच्चे लक्की ननकू के साथ मे खाना खाया और सब लोग सोने चले गये। सुबह पत्नी सुरैया उठी तो देखा कि उस के पति सुरेंद्र कुमार उर्फ सोनू ने छत से फांसी लगा लिया। लाश लटक रही थी। पत्नी और बच्चे रोने लगे। काशी राम कालोनी के आसपास के लोगो भी आ गए। काफी भीड़ इकठ्ठा हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर सिविल लाइन चौकी प्रभारी केदार राम पहुँच गये। शव को उतरवा कर पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम को भेजा। मृतक के भाई सन्तोष कुमार ने बताया कि उस का भाई बैट्री रिक्शा चलाता था। उस ने एक व्यक्ति से सूद पर 30 हजार रुपया लिया था। वह व्यक्ति हर 15 दिन पर ब्याज वसूलने आ जाता था। 15 दिन पहले वह ब्याज का पैसा मांगने आया था। ब्याज का पैसा न देने पर उस ने उस को मारा पीटा और ई रिक्शा लेकर चला गया। दो दिनों पूर्व ही उस ने पैसों को लेकर फिर मारा पीटा था। जिस से अजीज आकर युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। नगर प्रभारी सन्तोष मिश्रा ने बताया कि सूद ख़ोरी से सम्बंधित कोई तहरीर नही मिली है। आत्महत्या की सूचना मिली थी जिस पर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई है।

**नेपाल निवासी ने गिराई महिला की निर्माणाधीन दीवार**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के ग्राम पंचायत लौकाही निवासी एक महिला की निर्माणाधीन दीवार को कुछ लोगों ने गिरा दिया। महिला ने थाने में शिकायत की तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की है। मिहींपुरवा तहसील के थाना मोतीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत लौकाही जगरानी पत्नी रामू अपनी जमीन में निर्माण करवा रही हैं। लौकाही गांव में महिला की भूमि गाटा संख्या 590 में है।भूमि पर हो रहे दीवार निर्माण को पड़ोस के खातेदार रमेश पुत्र रामफल निवासी गणेशपुर जो नेपाल का भी निवासी है उसे आपत्ति थी। उसका कहना है कि मकान उसके गाटा संख्या 591में निर्माण हो रहा हैं। इस पर नेपाल निवासी व्यक्ति ने तहसीलदार मिहींपुरवा को प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया। जिसको संज्ञान में लेते हुए मामले की जाँच लेखपाल को सौपी गयी। जिसमे लेखपाल द्वारा जांच रिपोर्ट में पीड़िता द्वारा निर्माण अपने गाटा संख्या में कराया जाना न्यायोचित बताया गया। इसके बाद गांव के लोगों की मौजूदगी में रिपोर्ट लगा दी गई। लेखपाल ने बताया कि जांच के समय आपत्तिकर्ता को बुलाया गया था लेकिन उपस्थित नहीं हुआ। अब निर्माण शुरू होने के बाद निर्माणाधीन दीवार गिरा दिया है। परेशान महिला ने थाने में तहरीर देकर केस दर्ज कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच की है। थाना प्रभारी आरके पाण्डेय से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि जांच के बाद केस दर्ज किया जायेगा।

# नदी से बरामद हुआ लापता महिला का शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** बहराइच के ग्राम पंचायत पुरैना रघुनाथपुर गांव निवासी एक महिला 20 जनवरी को रात में सो रही थी। इसके बाद वह अचानक लापता हो गई। महिला का शव बुधवार को सरयू नदी से बरामद हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरैना रघुनाथपुर के मजरा नब्बेपुरवा निवासी धानुजी (55) पत्नी गोविंद 20 जनवरी को घर में सो रही थी। पति गोविंद ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि रात में अचानक पत्नी गायब हो गई। काफी तलाश के बाद कुछ पता नहीं चला। वहीं बुधवार शाम को लोगों ने क्षेत्र के सरयू नदी में शव उतरता देखा। इस पर पुलिस को सूचना दी गई।पुलिस ने शव बाहर निकलवाया तो गोविन्द ने महिला की पहचान पत्नी धानुजी के रूप में की। पति ने बताया कि महिला मानसिक विक्षिप्तता थी। प्रभारी निरीक्षक आरके पांडेय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार की ओर से कोई आशंका नहीं जताई गई है। महिला की मौत नदी में डूबने से हुई है।

# भाजपा में कुछ लोग कर रहे शकुनि जैसा कामः संजय निषाद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में जन अधिकार यात्रा के दौरान कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने भाजपा में मौजूद कुछ नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग पहले सपा-बसपा में थे और नुकसान पहुंचाते थे, वही लोग आज भाजपा में शकुनि की भूमिका निभा रहे हैं। महंत राजू दास द्वारा स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव पर की गई।

आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध करते हुए संजय निषाद ने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित मुलायम सिंह ने पिछड़े और वंचित वर्ग के लिए हमेशा काम किया। उन्होंने बताया कि मुलायम के अखाड़े से कई पहलवान निकले हैं और वह खुद भी उसी अखाड़े से है। संजय निषाद ने अन्य दलों से भाजपा में आए नेताओं को विभीषण की संज्ञा देते हुए पार्टी को सलाह दी कि शकुनि जैसे सलाहकारों की बजाय कृष्ण जैसे सलाहकारों की बात सुनी जाए। उन्होंने निषाद समाज के अधिकारों को लेकर भी मजबूत स्टैंड लिया और कहा कि समाज ने एकजुट होकर भाजपा को वोट देकर विधायक- सांसद बनवाए हैं, लेकिन आरक्षण का मुद्दा अभी भी अनसुलझा है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि वे आगे भी भाजपा के साथ रहेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षक के घर में घुसकर मारपीट व मुकदमे में संगठन लामबंद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विशेश्वरगंज द्वारा शिक्षक प्रदीप कुमार मिश्र के घर में घुसकर बैंक मैनेजर के द्वारा फर्जी लोन वसूली करने, महिलाओं सहित परिजनों से दुर्व्यवहार,अभद्रता एवं हाथापाई करने तथा बैंक मैनेजर के द्वारा शिक्षक तथा उनके परिवारजनों पर फर्जी मुकदमा दर्ज करवाने पर थाना प्रभारी पयागपुर कों पत्र देकर कड़ा विरोध जताकर मिथ्या आरोपों पर दर्ज एफआईआर समाप्त करने और बैंककर्मी द्वारा दर्ज कराई गई मिथ्या एफआईआर समाप्त न होने पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने दी आंदोलन की चेतावनी दी है।मिली जानकारी के मुताबिक 21 जनवरी को सेंट्रल बैंक भूपगंज (पयागपुर) के मैनेजर विराज कुमार तथा उनके साथ गए अन्य लोगों के द्वारा फर्जी कागजात बनाकर प्रदीप कुमार मिश्र के घर में अवैध तरीके से घुसकर गलत नियत से घर की महिला से दुर्व्यवहार,अभद्रता तथा श्री मिश्र से अभद्रता एवं हाथापाई की गई तथा गुपचुप तरीके से थाना पयागपुर में आकर मिथ्या आरोप लगाते हुए शिक्षक एवं उनके परिवार जनों के ऊपर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया।जिसके विरोध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विशेश्वरगंज के ब्लॉक अध्यक्ष शरद चंद्र शुक्ल एवं ब्लॉक महामंत्री ने जिलाधिकारी मोनिका रानी एवं पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह कों पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

# शादी के बाद मैरिज लॉन में लगी भीषण आग



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़**

बहराइच-लखनऊ मार्ग स्थित विजय उत्सव मैरिज लॉन में बुधवार को विवाह कार्यक्रम पूरा हुआ। गुरुवार सुबह अचानक लाउडस्पीकर में आग लग गई। आग लगने से अफरा तफरी मच गई। एक महिला ने आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाया। लेकिन तब तक टेंट समेत दहेज का सामान भी जलकर राख हो गया।कोतवाली देहात के लखनऊ मार्ग पर मोहल्ला बंजारी मोड़ में विजय उत्सव मैरिज लॉन है। जिसमें बुधवार को एक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिला अग्निशमन अधिकारी विशाल रामानुज गौड़ ने बताया कि गुरुवार सुबह 4.30 बजे पुलिस को संतोष कुमारी ने फोन कर आग लगने की सूचना दी।पुलिस और मोहल्ले के द्वारा लॉन में आग लगने की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग के सूर्य प्रकाश यादव, दशरथ गौतम, अवनीश चौहान और वाहन चालक राम अभिलाष तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाया। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग सबसे पहले लाउडस्पीकर से लगी। इसके बाद टेंट में आग लगने के बाद दहेज के रखे लकड़ी समान को आगोश में ले लिया। सभी समान जलकर राख हो गया। हालांकि एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने से विवाह कार्यक्रम के साथ मोहल्ले के लोगों में हड़कंप की स्थिति रही।

**नहीं है एनओसी**

अग्निशमन अधिकारी विशाल रामानुज गौड़ ने बताया कि विजय उत्सव लान में विभाग का एनओसी नहीं है। इसके लिए नोटिस जारी किया गया था। आज ऑफिस आ रहे हैं। लगभग 15 दिन में एनओसी जारी हो जाएगी। फायर सिलेंडर भी लगाए जाएंगे।

# मनरेगा में मजदूरों की संख्या बढ़ाने के लिए हो रहे विशेष प्रयास



**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज!**

ग्रामीण विकास को मजबूती देने और मनरेगा योजनाओं को सफल बनाने के उद्देश्य से खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सर्वेश तिवारी ने गुरुवार को ब्लॉक सभागार में रोजगार सेवकों के साथ विशेष समीक्षा बैठक की। बैठक में मनरेगा मजदूरों की घटती संख्या पर गहरी चिंता व्यक्त की गई और इस समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया। बीडीओ सर्वेश तिवारी ने मजदूरों के पलायन को मनरेगा कार्यों में गिरावट का मुख्य कारण बताते हुए रोजगार सेवकों को निर्देश दिया कि वे मजदूरों को गांव में ही रोजगार के लाभ समझाएं और उन्हें मनरेगा से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

# किशोर-किशोरी देश के भविष्य, इन्हें स्वस्थ रखना हम सब की जिम्मेदारीः डॉ. धीरेन्द्र तिवारी

**राहुल सोनी**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शर्मा के निर्देशन में गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर के अंतर्गत सभी 24 स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किशोर-किशोरी स्वास्थ्य कल्याण दिवस का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 10 से 19 वर्ष के किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण संबंधी मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम के दौरान किशोर-किशोरियों का वजन, लंबाई, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन और बॉडी मास इंडेक्स





(बीएमआई) की जांच की गई। सीएचसी पयागपुर के अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी ने कहा, किशोर-किशोरी देश के भविष्य हैं, इन्हें छात्र जीवन से ही स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019-21) के आंकड़े साझा करते हुए बताया कि जिले में 15 वर्ष से अधिक उम्र के 59 फीसदी लोग तंबाकू का सेवन करते हैं, जबकि इसी आयु वर्ग की 26.6 प्रतिशत महिलाएं भी तंबाकू का उपयोग करती हैं। इसके आलावा माहवारी के दौरान स्वच्छता के सुरक्षित साधनों का उपयोग करने वाली 15-49 आयु वर्ग की महिलाओं का प्रतिशत केवल 48.4 प्रतिशत है। इन आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।इस आयोजन में पियर

**माहवारी स्वच्छता और पोषण पर बढ़ाई जागरूकता**

इस मौके पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने किशोरियों को महावारी स्वच्छता के बारे में जागरूक किया और सेनेटरी नैपकिन के उपयोग की सलाह दी। कपड़े का उपयोग करने की स्थिति में इसे साफ करके धूप में सुखाने के महत्व पर जोर दिया गया। इसके अलावा, किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक परिवर्तनों, क्षय रोग, तंबाकू मुक्त समाज, परिवार नियोजन और पोषण से जुड़ी जानकारियां भी दी गईं।

**प्रतियोगिताओं और पुरस्कारों से बढ़ा उत्साह**

ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अनुपम शुक्ल ने बताया कि स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर मेहंदी, पोस्टर, रंगोली और संगीत प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेताओं को लंच बॉक्स, बोतल, पेन और कैप जैसे पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही, सभी उपकेंद्रों में उपस्थित 700 से अधिक किशोर-किशोरियों को विफ्स आयरन गोलियां और सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए।

एजुकेटर, आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम और सीएचओ ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का पर्यवेक्षण जिला आरकेएसके सलाहकार राकेश गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा किशोर-किशोरी स्वास्थ्य कल्याण दिवस का आयोजन स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने और युवा पीढ़ी को जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जिले के जनप्रतिनिधियों में दिख रहा रोष

## हम जनप्रतिनिधि हैं हमारा काम है जरूरतमंदों की मदद करना: अदिति सिंह

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सामने की सड़क और रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे फ्लाईओवर के लिए सदर विधायक अदिति सिंह ने जो प्रयास किए थे अब उनका क्रेडिट भी एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. अरविन्द राजवंशी द्वारा लिया जा रहा है। काफी प्रयास के बाद भी एम्स के सामने की सड़क चौड़ी नहीं हो पा रही थी तब सदर विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उनकी इस मुलाकात के बाद इस सड़क के चौड़ीकरण और रेलवे क्रॉसिंग पर बना रहे ओवरब्रिज को मंजूरी मिली थी। एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉक्टर अरविंद राजवंशी ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक साक्षात्कार के दौरान साफ कहा था कि यह सड़क और फ्लाई ओवर उनके प्रयासों से बना रहा है, इसमें किसी भी जनप्रतिनिधि का कोई योगदान नहीं है। उन्होंने यह भी कहा था कि जनप्रतिनिधि केवल मरीज दिखाने के लिए फोन करते हैं। उनके इस बयान के बाद जनप्रतिनिधियों में नाराजगी व्याप्त है। लोगों ने उनके इस बयान की कड़ी निंदा की है। यहां गौरतलब है कि हाल ही में दिए गए एक






इंटरव्यू में जब डॉ. राजवंशी से पूछा गया कि एम्स के सामने की सडक़ और फ्लाई ओवर के मामले में जनप्रतिनिधियों ने क्या सहयोग किया, तो उन्होंने यह कहते हुए जनप्रतिनिधियों की मेहनत को नकार दिया कि इसमें जनप्रतिनिधियों का कोई रोल नहीं है। जनप्रतिनिधि यहां केवल मरीज दिखाने के लिए फोन करते हैं। राजवंशी के इस वक्तव्य के बाद जनप्रतिनिधियों में नाराजगी व्याप्त है। एम्स के सामने की खराब सडक़ और फ्लाई ओवर के लिए न केवल पत्र लिखने वाली, बल्कि मुख्यमंत्री से मिलकर इसके चौड़ीकरण के असंभव दिख रहे कार्य को संभव बनाने वाली सदर विधायक अदिति सिंह के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। जब सदर विधायक अदिति सिंह से राजवंशी के बयान पर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया तो उन्होंने साफ कहा कि इस सडक़ और फ्लाई ओवर के लिए उनके स्व. पिता व जननायक अखिलेश सिंह के समय से पत्राचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस सडक़ के चौड़ीकरण और फ्लाई ओवर के लिए मैंने खुद चिट्ठियां लिखी हैं और मुख्यमंत्री जी से मिलकर जन समस्या के इस प्रमुख मुद्दे को उनके सामने रखा, तब जाकर यह सौगात मिली है। अदिति सिंह ने कहा कि हम जनप्रतिनिधि हैं और क्षेत्र की जनता के इलाज के लिए एक-दो दस नहीं जरूरत पड़ी तो सौ बार भी एम्स के डायरेक्टर को फोन करेंगे। उन्होंने हास्पिटल खोला है कोई होटल नहीं। हास्पिटल में इलाज ही होता है और जनप्रतिनिधि अगर इलाज के लिए फोन करते हैं तो इससे उनको क्या परेशानी है। अदिति सिंह के कहने का भाव स्पष्ट था कि इस तरह के बयान नहीं दिए जाने चाहिए। जनप्रतिनिधि अपनी जनता के लिए ही चुना जाता है और वह जनता की हर समस्या को दूर करने का प्रयास करता है। ऐसे में अगर जनप्रतिनिधि राजवंशी को मरीज भर्ती कराने के लिए फोन करते हैं तो उन्हें क्यों दिक्कत हो रही है। उनका यह बयान स्वीकार करने योग्य नहीं है। उल्लेखनीय है कि एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. अरविंद राजवंशी ने दिए गए साक्षात्कार में न केवल झूठा बोला है, बल्कि कई ऐसी बाते कही हैं, जो न तो उन्हें शोभा देती है और न ही यह उनका अधिकार क्षेत्र है।

### विधायक 'दीदी' की मेहनत से एम्स की रोड को मिली थी स्वीकृत



सदर विधायिका अदिति सिंह की लगातार मेहनत का नतीजा था जिसके फल स्वरूप मुंशीगंज से एम्स जाने वाली रोड को फोन लेन सड़क निर्माण योजना के तहत स्वीकृति मिल गई थी जिसके तहत इस रोड का चौड़ीकरण होना था। जिसमें मुंशीगंज चौराहे से एम्स तक 700 मीटर की दूरी को फोन लेन में चौड़ीकरण और आबादी भाग में जल निकासी हेतु यू टाइप दिन निर्माण कर जिसकी लागत 7 करोड़ 29 लाख स्वीकृत की गई थी। वहीं सदर विधायिका की मेहनत का ही नतीजा रहा सरकार की तरफ से कार्य चालू हो गया और कुछ महीनो बाद ही उसे सड़क पर साथ ही फ्लाईओवर पर गाड़ियां सरपट दौड़ने लगेंगी, मगर एम्स के डायरेक्टर अरविंद राजवंशी के विवादित इंटरव्यू में जिले के जनप्रतिनिधियों की साख पर बट्टा लगाने का काम किया गया जिसमें उन्होंने कहा कि एम्स की रोड उनकी मेहनत का नतीजा है।




## खबरें एक नजर में

### आर्मी के ट्रक से टकराया बाइकसवार युवक, मौत

**बछरावां, समृद्धि न्यूज़।** बाइक सवार युवक को मिलिट्री ट्रक के द्वारा टक्कर मार दी गई। हादसे में युवक ट्रक की चपेट में आकर बाइक समेत नीचे जा गिरा और उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना बृहस्पतिवार दोपहर 2-00 बजे के आसपास की है। जब मृतक युवक जयप्रकाश शुक्ला पुत्र पवन कुमार शुक्ला उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम इसिया थाना बछरावां जो हरचंदपुर से अपने भाई को उसकी दुकान पर छोड़ने के बाद वापस बछरावा आ रहा था। तभी लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर जैसे ही वह खैरहनी पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा कि पीछे से आ रही एक मिलिट्री ट्रक के द्वारा युवक की बाइक में टक्कर मार दी गई। हादसे में युवक ट्रक के पहियों के नीचे चला गया और कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही सैकड़ों की संख्या में आसपास के लोग एकत्रित हो गए। सूचना युवक के परिजनों को दी गई, सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। युवक का विवाह एक वर्ष पूर्व हुआ था।

### पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई नेताजी की जयंती

**महराजगंज रायबरेली।** कस्बा स्थित महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल महराजगंज में देश की आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने बताया कि ब्रिटिश शासन से देश की आजादी की लड़ाई के दौरान नेताजी ने अपने नारों से देशभक्ति की अलख जगह दी जिसमें जय हिंद दिल्ली चलो तथा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा आदि प्रमुख थे सुभाष चंद्र बोस जी के बारे में बताया कि 23 जनवरी 1897 उड़ीसा के कर्नाटक में बंगाली परिवार में आपका जन्म हुआ आपकी माता का नाम प्रभावती तथा पिता का जानकी नाथ था आपने इंडियन सिविल सर्विस परीक्षा पास की लेकिन देश की आजादी के लिए इस पद की बलि दे दी सुभाष चंद्र जी ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और से शादी की थी आपकी बेटी जिसका नाम अनीता जो वर्तमान में जर्मनी में सब परिवार रह रही हैं अपने 1945 में सिंगापुर में आजाद हिंद फौज की स्थापना की इससे 9 देश की सरकारों ने मान्यता दी थी आपने आजाद हिंद फौज के नाम से रेडियो स्टेशन भी शुरू किया था आपने म्यांमार पूर्व में वर्मा में तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा लगाया था ।

### पटरी दुकानदार आसानी से ले सकते हैं सहकारी समिति से लोन



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** आम जनमानस को सहकारिता का लाभ देने की पीएम नरेंद्र मोदी के सपने को रायबरेली के कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष विवेक सिंह साकार करने में जुटे हैं। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह लगातार सहकारी समितियों को सशक्त बनाने में लगे हैं। इसी कड़ी में रायबरेली में प्रदेश की पहली रेहड़ी पटरी सहकारी समिति बनाई गई है जिसका पंजीकरण 13 जनवरी को हुआ। इस योजना के तहत गाँवों–कस्बे के छोटे दुकानदार एक समिति बना कर सहकारी बैंक से सस्ते दर पर लोन लेकर अपना व्यवसाय या व्यापार कर सकते हैं। योजना काआईडिया पीएम स्वनिधि योजना से लिया गया है। आपको बता दें कि यह योजना नगर पालिका या नगर पंचायत बैंकों पर निर्भर है लेकिन सहकारी समिति स्वयं सहकारी बैंक से लोन लेकर व्यवसायी को दे सकती है। जिससे उन्हें किसी बैंक के पास जाने की जरूरत नहीं है। बता दें कि रेहड़ी पटरी सहकारी समिति के माध्यम से इन छोटे व्यापारियों को पहली किस्त के रूप में अधिकतम 20 हजार रुपये मिलेंगे। इन रुपयों के ब्याज सहित जमा होने पर व्यवसायी अगली क़िस्त 40 हजार के लिए पात्र हो जाएगा। योजना में अधिकतम 2 लाख तक ऋण 12फीसद ब्याज दर पर दिया जा सकेगा।

**कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष विवेक सिंह ने क्या कहा:** रायबरेली कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि इस योजना की शुरुआत रायबरेली से हुई है और प्रदेश की पहली समिति का पंजीकरण भी रायबरेली में हुआ है। इस योजना के अंतर्गत जो छोटे मझौले और पटरी दुकानदार है वो आसानी से लोन पा सकते है।

### हनुमान मंदिर के मेले में उमड़ी लोगों की भीड़



**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के पहरावां तिराहे पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हनुमान मंदिर पर रामचरितमानस मानस पाठ भंडारे सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विशाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने शिरकत की पिछले 18 वर्षों से लगातार हनुमान मंदिर पर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ विशाल मेले में हजारों लोग पहुंचते हैं। 20 जनवरी को रामचरितमानस मानस के पाठ का आयोजन हुआ हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। जिसे ग्रहण कर हजारों लोगों ने अपने आपको पुण्य का भागीदार बनाया वहीं विशाल मेले में जमकर खरीददारी की और चाट चाउमीन व जलेबी का लुफ्त उठाया तो वहीं बच्चों ने जमकर खिलौने खरीदें। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि रात्रि में संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होना है जिसे देखने हजारों लोग आते हैं। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारतीय, पहरावां प्रधान राम गुलाम, क्षेत्र पंचायत सदस्य यशवंत यादव, प्रधान प्रतिनिधि सन्तोष सिंह, बीरेंद्र यादव, जिला सचिव सपा बाबू यादव, समर यादव सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

### विकास भवन के सभी ऑफिस होंगे पेपर लेस, दिया गया इ-आफिस का प्रशिक्षण



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** विकास भवन के सभागार में विकास भवन के सभी कार्यालयों के अधिकारियों कर्मचारियों को ई ऑफिस पर काम करने का प्रशिक्षण जिला सूचना विज्ञान अधिकारी डॉ. अमित कुमार गौतम के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना निदेशक राघवेंद्र तिवारी तथा जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार सोनी तथा कार्यक्रम का संचालन जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी विजय शंकर जी ने की। जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार सोनी ने बताया की सभी कर्यालय 31 जनवरी तक अपने पत्रावलियों को ई– ऑफिस के द्वारा परिचालन कराने के लिए सभी कार्य सम्पूर्ण करा लें 7 इस प्रशिक्षण में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्य, जिला उद्यान अधिकारी श्री संतोष कुमार दुबे, ऐश्वर्य दीप और विकास भवन के सभी कार्यालय के कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

### यूपी दिवस पर जनपद में विकासखंड स्तर एवं जनपद स्तर पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** 24 जनवरी यूपी स्थापना दिवस पर डीएम पवन अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में विकासखंड स्तर एवं जनपद स्तर पर विविध कार्यक्रमों आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट परिसर में जनप्रतिनिधिगण की गरिमामय उपस्थिति में अपराह्न 3 :00 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लोक कल्याणकारी योजनाओं के स्टाल लगाकर जनमानस को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी तथा विभिन्न योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं चेक वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में संपन्न होने वाले कार्यक्रम की भी लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा अभियान का किया गया शुभारम्भ

## डीएम ने दिखवाई हरी झंडी, सड़क सुरक्षा को लेकर एसपी गंभीर

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च (आईडीटीआर) हरचन्दपुर, रायबरेली में आयोजित मानव श्रृंखला का निर्माण एवं सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम का जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने



हेतु लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और दूसरों को भी यातायात नियमों को पालन करने हेतु जागरूक करें। इसी अवसर पर सड़क सुरक्षा सम्बन्धित प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को जिलाधिकारी ने प्रमाण पत्र दिया तथा पीआरडी के जवानों को हेलमेट वितरण किया।

**संयमित चले व सुरक्षित पहुचें- एसपी:** इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने संबोधन में यातायात नियमों का पालन करने एवं सुरक्षित सफर करने की सलाह दी गयी। उन्होने कहा सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि की कभी भी भरपाई नही की जा सकती इसलिए संयमित चले व सुरक्षित पहुंचें।

### छात्र-छात्राओं द्वारा हेलमेट व ट्रैफिक सिग्नल की बनाई गयी प्रतिकृति



**सहायक** संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मनोज कुमार सिंह द्वारा अतिथियों का स्वगत करते हुए कहा गया कि सड़क सुरक्षा की इस जागरूकता मुहिम को जन–जन तक पहुचाते हुए शासन द्वारा निर्धारित किये गये दुर्घटनाओं में मृत्यु की संख्या को 50 प्रतिशत तक कम करना है। जिलाधिकारी ने लगभग 700 स्कूली छात्र/ छात्राओं, पुलिस, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों एवं अन्य उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा सम्बन्धित शपथ दिलाई गई। आयोजित कार्यक्रम में एसजेएस स्कूल के लगभग 200 छात्र छात्राओं द्वारा हेलमेट व ट्रैफिक सिग्नल की प्रतिकृति भी बनाई गई।

### सड़क सुरक्षा अभियान की दिलाई गई शपथ



**इस कार्यक्रम** में जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी शीवेन्द्र प्रताप सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद रायबरेली स्वर्ण सिंह, सुधा सिंह प्रधानाचार्या एसजेएस स्कूल बछरावां रायबरेली उपस्थित रहें। इसी क्रम में विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों व ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा ग्राम वासियों को शपथ दिलाई गई। एनटीपीसी व रेल कोच फैक्ट्री के अधिकारियों/ कर्मचारियों को भी शपथ दिलाई गई। जनपद के विभिन्न थानाध्यक्षों द्वारा अपने–अपने थानों में भी सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर लालगंज में प्रार्थना सभा के पश्चात् नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने माल्यार्पण कर उन्हें प्रणाम किया। तत्पश्चात् विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं व बच्चों ने भी बारी - बारी से पुष्प अर्पित कर उन्हें प्रणाम किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक में एक बंगाली परिवार में हुआ था। भारत को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने में इनका बहुत बड़ा योगदान रहा। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आज़ादी दूंगा, जय हिंद जय भारत और दिल्ली चलो जैसे नारों से उन्होंने देश के युवाओं में




देशभक्ति की लौ जलाई थी। स्वंतत्रता की लड़ाई में पहले ये महात्मा गांधी के ही साथ थे, लेकिन बाद में अलग होकर इन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने की योजना बनाई। जिसके तहत इन्होंने साल 1939 में फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की और इसके बाद साल 1943 में 21 अक्टूबर को आजाद हिंद फौज का नेतृत्व किया। इसकी स्थापना के पीछे उनका उद्देश्य था कि स्वंतत्रता की लड़ाई में ज्यादा से ज्यादा युवा उनकी फौज में जुड़ सकें। 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्रा बोस जयंती मनाई जाती है इस दिन को पराक्रम दिवस के रूप में भी जाना जाता है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के हिंदी शिक्षक अमित यादव ने भी नेता जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने पोस्टर, स्लोगन और कोटेशन के माध्यम से नेता जी की विचारों को प्रदर्शित करने का प्रयास किया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएँ व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# वायरल वीडियो: एक निजी स्कूल के छात्रों से बस में खाद की बोरियां लदवाने का

**बछरावां, समृद्धि न्यूज़।**




एक निजी स्कूल के छात्रों के द्वारा बस के अंदर खाद की बोरियां चढ़ाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसे देखकर क्षेत्र के अभिभावक एवं लोगों में हड़कंप मच गया। बृहस्पतिवार दोपहर 12:00 बजे सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिस वीडियो में साफ देखा जा सकता है, कि बछरावां कस्बे में स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल की बस में कुछ छात्र खाद की बोरियों को चढ़ाते हुए देखे जा सकते हैं। वीडियो के बारे में जब पड़ताल की गई तो जानकारी प्राप्त हुई है कि महाराजगंज रोड पर स्थित इफको किसान सेवा केंद्र के सामने का यह वीडियो बताया जा रहा है। तो पता चला है कि महाराजगंज रोड पर स्थित इफको किसान सेवा केंद्र के सामने का बताया जा रहा है। जो की एक चाय की दुकान पर बैठे हुए व्यक्ति के द्वारा वीडियो को कैमरे में कैद कर लिया गया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही क्षेत्र के अभिभावक एवं लोगों में हड़कंप मच गया है। सवाल यह उठता है कि यह निजी विद्यालय जो कि क्षेत्र में उच्च शिक्षा देने के नाम पर चर्चित माना जाता है। वही छात्रों के द्वारा बाल श्रम करवाने का कार्य किया जा रहा है, जो की शासन के निर्देशों के धज्जियां उड़ाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जो कि क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय कन्या सादुल्लानगर में मानव श्रृंखला निकाल कर सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

पीएम कंपोजिट विद्यालय कन्या सादुल्लानगर में मानव श्रृंखला निकाल कर बच्चों को शपथ दिलाया गया और सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। जिसमें छात्र /छात्राओ को सड़क सुरक्षा के महत्व और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। जैसे कि निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, और सड़क सुरक्षा पर नाटक प्रस्तुतियां। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरशद अब्बासी ने छात्र/छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और अपने परिवार एवं समुदाय में



जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और छात्रों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरशद अब्बासी, रश्मि शर्मा, विजेता अग्रवाल, कल्पनाथ दुबे, जुनैद अहमद, अफसाना खातून, सलीमा खातून, दीपशिखा, शिवम जायसवाल समेत सभी छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।।

# क्षय रोग के प्रति जागरुकता फैलाने एवं रोग से पीड़ित लोगों को अस्पताल पहुंचाने की दिलाई गई शपथ

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चल रहे सौ दिवसीय विशेष टीबी अभियान के अंतर्गत बीएमसी युनिसेफ द्वारा गुरुवार को गैण्डास बुजुर्ग के एसएसबी इंटर कॉलेज पिंड खुर्द व थाना परिसर में टीबी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य रमेश तिवारी की मौजूदगी में छात्र-छात्राओं को टी बी बीमारी के लक्षण तथा बचाव के बारे में बताया गया। तथा क्षय रोग के प्रति जागरुकता फैलाने एवं रोग से पीड़ित लोगों को अस्पताल पहुंचाने की शपथ दिलाई गई। बीएमसी राम शंकर यादव ने बताया गया कि टीबी एक संक्रामक



बीमारी है जो बैक्टीरिया से फैलता है तथा इसका इलाज संभव है। सभी सरकारी संस्थानों में इसकी जांच व इलाज पूर्णतया निशुल्क है। निक्षय पोर्टल के माध्यम से मरीज को एक हजार रुपए प्रतिमाह की दर से पोषण राशि भी प्रदान की जाती है। जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए सरकार 100 दिवसीय क्षय रोग सघन अभियान चल रही है। कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसकी रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाना है। साथ ही क्षय रोग से पीड़ित व्यक्तियों को सरकारी अस्पताल में ले जाकर निशुल्क इलाज के लिए प्रेरित करने का भी संकल्प दिलाया गया। इस दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा क्षय रोग पर आधारित प्रेरणादायक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। हारेगा टीबी, जीतेगा भारत विषय पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने लोगों को निश्चय मित्र बनने का आह्वान किया और टीबी मरीजों की मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि टीबी एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर निदान और सही उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वे टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने में सहयोग करें। बीसीपीएम त्रिलोकी नाथ, एसटीएस अजीत कुमार, जुबेर, लबी यादव, मोहन लाल यादव आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्ता संघ उतरौला के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** अधिवक्ता संघ उतरौला की वर्ष 2025-26 के चुनाव की तिथि व कार्यक्रम की घोषणा कर दिया गया है।यह जानकारी चुनाव आयुक्त अनीसुल हसन रिजवी ने दी। मतदाता सूची का प्रकाशन 28 जनवरी को किया जाएगा ,मतदाता सूची पर आपत्ति 29 जनवरी को 1 फरवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा।नामांकन पत्रों 6 फरवरी को व नामांकन पत्रों की वापसी 10 फरवरी को,प्राक्सी मतदान व दक्षता भाषण 11 फरवरी तथा मतदान व मतगणना 13 फरवरी को होगा और उसी दिन विजयी उम्मीदवारों का शपथ ग्रहण भी कराया जाएगा।

# हर्षोल्लास से मनाई गई नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती

## मानव श्रृंखला बनाकर यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती जनपद में परंपरागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जनपद के सभी विद्यालयों एवं इंटर कॉलेज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जीवन चरित्र एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उनके अमिट योगदान पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ एवं यातायात नियमों के पालन की शपथ ली गई।

इस अवसर पर सपोर्ट स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि






डीएम पवन अग्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा नेता सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस दौरान उन्होंने यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों की शपथ दिलाई तथा विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किए जाने हेतु बनाई गई मानव श्रृंखला से जुड़कर सभी को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि सड़क पर गाड़ियों के बढ़ते भार के कारण सड़क दुर्घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है , जिसके कारण प्रति वर्ष कई लोगों को सड़क दुर्घटनाओं में जान गवाना पड़ता है । सड़क दुर्घटना को न्युन करने हेतु सरकार के दिशानिर्देश में जनपद में कई उपाय किए जा रहे हैं , जनपद में सुरक्षा माह के तहत जनांदोलन के रूप विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसके साथ ही साथ सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बेहतर इंजीनियरिंग के साथ सड़क निर्माण का निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित करते हुए सभी सुरक्षात्मक उपाय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यातायात और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना हमारी जिम्मेदारी हैं, सुरक्षित ड्राइविंग से स्वयं के साथ साथ अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं को भी सुरक्षित रखें। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के चंदन पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव, एसडीएम सदर संजीव कुमार यादव, एआरटीओ बृजेश कुमार, बीएसए शुभम शुक्ल व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, प्रिंसिपल एवं शिक्षक गण तथा अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# युवाओं के लिए वरदान स्टार्टअप इंडिया मिशन

स्टार्टअप इंडिया भारत सरकार द्वारा 16 जनवरी, 2016 को शुरू की गई एक प्रमुख स्वरोजगार उद्यमी पहल है, जिसका उद्देश्य देश में नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है, जो आर्थिक विकास को गति देने के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करना है। बीते 16 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया गया। जिसमें स्टार्टअप इंडिया मिशन की वर्तमान स्थिति, बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं से मिलने वाले आर्थिक सहयोग और समस्याओं को लेकर समीक्षा और विश्लेषण हुए। स्टार्टअप इंडिया मिशन से बदलाव तो देखा जा रहा है, लेकिन इसकी गति में तेजी नहीं दिख रही। इस मिशन को नौकरशाही से मुक्त करना पड़ेगा, इसके अलावा बैंक और वित्तीय संस्थाओं को स्टार्ट के लिए कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करना होगा, साथ ही स्टार्टअप को प्रारंभ करने वाले युवाओं को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की व्यवस्थाएं भी करनी होंगी। देश में 2014 के बाद से स्टार्टअप की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार की स्किल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया ने देश में उद्यमशील युवाओं को इसके लिए प्रेरित भी किया है। अब तक के आंकड़ों को देखा जाए तो इन वर्षों में देश में करीब 300 से शुरू हुए स्टार्टअप अब एक लाख से अधिक हो गए हैं। अच्छी बात ये है कि इसमें महिला सशक्तिकरण की पहल भी खूब दिख रही है और स्टार्टअप को शुरू करने वालों में महिलाओं की अच्छी खासी संख्या है। दरअसल देश का स्टार्टअप इकोसिस्टम अब दुनिया भर के देशों में तीसरे नम्बर पर आ गया है। इसके साथ ही देश में यूनिकॉर्न की संख्या भी बढ़ कर अब 111 हो गई है। इसमें भी करीब 47 फीसद से अधिक स्टार्टअप व्यवस्थाओं में महिलाएं सीईओ अथवा बतौर निदेशक हैं। आज दुनिया भर में 5 यूनिकॉर्न देशों की सूची में अमेरिका और चीन के बाद भारत तीसरे स्थान पर है जबकि यूनाइटेड किंगडम व जर्मनी क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। बताते चलें कि जिसकी स्टार्टअप वैल्यू एक अरब डॉलर से ज्यादा हो जाती है तो उसे यूनिकॉर्न स्टार्टअप कहा जाता है। अब ऐसे में जब भारत स्टार्टअप और यूनिकॉर्न स्टार्टअप दोनों में दुनिया में तीसरे स्थान पर है जो जाहिर है इससे रोजगार के अवसर पैदा होने के साथ ही निवेश की संभावनाओं में भी तेजी आई है। ऐसे में भारत में जिस तेजी से यूनिकॉर्न स्टार्टअप बन रहा है और 2025 के अंत तक इसके 150 तक पहुंच जाने की संभावना है, उससे तो साफ लगता है कि भारत यूनिकॉर्न स्टार्टअप के मामले में तेजी के साथ विकास कर रहा है और 2024 में स्टार्टअप इंडिया मिशन के तहत करीब 28 हजार इकाइयों ने पंजीकरण कराया था और जिस तरह से अधिक से अधिक इकाइयों के पंजीकरण का क्रम है। एक शुभ संकेत हैं कि वह दिन दूर नहीं कि जब देश स्टार्टअप और यूनिकॉर्न स्टार्टअप की दुनिया में ग्लोबल लीडर न बन सके। हालांकि इस मिशन में अभी कई तरह की समस्याएं भी हैं, जिन्हें दूर करने की जरूरत है, फिर भी इसकी दिशा सकारात्मकता से परिपूर्ण है और इसके मिशन से युवाओं की सोच में बदलाव तो आया ही है। इसके अलावा उनके पास स्वरोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। कुल मिलाकर स्टार्टअप इंडिया मिशन युवाओं में एक उद्यमी की उम्मीद जगाने वाला साबित हो रहा है।

# प्रयासों का उत्सव होना चाहिए न कि अंकों का

**छात्रों के बीच मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों की बढ़ती व्यापकता से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें व्यक्ति, संस्थान और समग्र रूप से समाज शामिल हो। सफलता को फिर से परिभाषित करना और छात्रों को अपने जुनून और रुचियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना उनके मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है। केवल शैक्षणिक उपलब्धियों पर आधारित सफलता की संकीर्ण परिभाषा से आगे बढ़ने से छात्रों को अपनी अद्वितीय प्रतिभा का पता लगाने और अपने चुने हुए रास्ते में पूर्णता पाने का मौका मिलता है। आत्महत्या के जोखिम कारकों को कम करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करना और परीक्षा के नवीन तरीकों को अपनाया जाना चाहिए। छात्रों की सराहना करने की आवश्यकता है और यह बदलना महत्त्वपूर्ण है कि भारतीय समाज शिक्षा को कैसे देखता है। प्रयासों का उत्सव होना चाहिए न कि अंकों का। छात्रों की चिंताओं, अवसाद और अन्य मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों को दूर करने के लिए सभी स्कूलों/कॉलेजों/कोचिंग केंद्रों में प्रभावी परामर्श केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए।**

डॉ. सत्यवान सौरभ

वैसे तो इस दौर में पूरी युवा पीढ़ी ही भयावह मानसिक व्याधि से विचलित है, इनमें विशेषतः छात्र विचलन गंभीर चिंता का विषय है। हमारे देश में प्रति 100 में 15 से अधिक छात्र अवसाद, चिंता और आत्मघात से पीड़ित पाए जा रहे हैं। कठिन प्रतिस्पर्धा और पढ़ाई-लिखाई में अनुशासन आदि को लेकर तनाव बढ़ रहा है, उससे न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था से जुड़े लोगों बल्कि पूरे समाज की चिंता बढ़ती गई है। पारिवारिक दबाव, शैक्षिक तनाव और पढ़ाई में अव्वल आने की महत्वाकांक्षा ने छात्रों के एक बड़े वर्ग को गहरे मानसिक अवसाद में डाल दिया है। अभिभावकों की उम्मीदों पर खरा नही उतर पाने वाले, परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले बच्चों को घर पर पिटना पड़ता है। परीक्षा और नतीजों के दबाव में छात्रों की आत्महत्याएँ आम होती जा रही हैं। छात्र आत्महत्याओं में बेतहाशा वृद्धि के पीछे मानसिक तनाव सबसे आम कारक बन चुका है। तनावग्रस्त छात्रों की आत्महत्याओं का ग्राफ बढ़ रहा है। जैसे-जैसे परीक्षा के दिन निकट आते हैं, छात्रों का तनाव हद से गुजरने लगता है। पूरी युवा पीढ़ी का परीक्षा के दिनों में ऐसे हालात से दो-चार होना देश और समाज, अभिभावकों और शिक्षाविदों, सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है। शिक्षा क्षेत्र में दशकों से व्याप्त कई बुनियादी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों पर अभी तक पार पाने में कामयाबी नहीं मिली है।



व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं को अनिवार्य कर दिए जाने के बाद से छात्रों को प्रतिस्पर्धा करने और प्रदर्शन करने के लिए भारी तनाव का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शन के दबाव को संभालने, माता-पिता की अपेक्षाओं को पूरा करने और आकांक्षाओं को प्राप्त करने में असमर्थता मनोवैज्ञानिक संकट और बाद में अवसाद का कारण बन सकती है। आधुनिक शिक्षा प्रणाली में अकादमिक उत्कृष्टता की निरंतर खोज ने अनजाने में छात्रों के बीच तीव्र दबाव और प्रतिस्पर्धा का माहौल पैदा कर दिया है। शैक्षणिक उपलब्धियों पर अत्यधिक ध्यान देने के साथ-साथ सामाजिक अपेक्षाओं और असफलता के डर ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। इसने चिंता, अवसाद और तनाव की वृद्धि में योगदान दिया है। बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए कई बार छात्रों पर अच्छा प्रदर्शन करने का लगातार दबाव रहता है। वे अपनी तुलना दूसरों से करते हैं। यह अंतर्निहित दबाव मानसिक परेशानी के विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है, जिसमें चिंता, विफलता का डर और कम आत्मसम्मान शामिल है। गंभीर मामलों में, मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएँ आत्म-नुकसान का कारण बन सकती हैं और यहाँ तक कि आत्महत्या के प्रयासों के विचार को भी जन्म दे सकती हैं। प्रतियोगी पाठ्यक्रम के भारी-भरकम बोझ से बच्चों का मानसिक विकास अवरुद्ध हो रहा है। इससे बच्चों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। बच्चों के जीवन में तनाव के पौध की बड़ी वजह यह भी है कि लंबे समय तक स्कूल के घंटों के बाद बच्चे घर लौटते ही होमवर्क निपटाने में जुट जाते हैं। इसके बाद ट्यूशन के लिए दौड़ पड़ते हैं। खाना-पीना, सोना, खेलकूद, सब हराम हो जाता है। आराम करने और अन्य पाठ्येतर गतिविधियाँ करने का उन्हें समय ही नहीं मिलता है। ऐसे में छात्रों के लिए कम नींद और अवसाद की स्थिति या गंभीर तनाव का सबब बनी रहती है। वर्तमान प्रतियोगी दौर में छात्रों की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। परीक्षा केंद्रित शिक्षा से भारत में छात्रों की आत्महत्याओं में अंक, अध्ययन और प्रदर्शन के दबाव के साथ अकादमिक उत्कृष्टता की तुलना करना इस अवसाद के पीछे महत्त्वपूर्ण कारक हैं।

भारत में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी भी छात्र के साथ एक साधारण साक्षात्कार, चाहे वह जेईई, एनईईटी या सीएलएटी हो, यह प्रकट करेगा कि छात्रों के बीच मानसिक संकट का प्रमुख स्रोत उन पर दबाव की असहनीय मात्रा है जो लगभग हर एक द्वारा डाला जाता है। हर शिक्षक, हर रिश्तेदार कठिन अध्ययन और एक अच्छे कॉलेज में प्रवेश पाने के महत्त्व को दोहराते हैं। जबकि छात्र स्नातक होने के बाद क्या करने की आकांक्षा रखता है या जहाँ उसकी रुचियाँ हैं, उसके बारे में सहज पूछताछ बहुत कम की जाती है।

इन सभी परीक्षाओं की अत्यधिक जटिल प्रकृति (सभी नहीं) का अनिवार्य रूप से मतलब है कि उन्हें पास करने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों को प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटरों में दाखिला दिलाने का सपना पूरा करना होगा, इससे छात्र के लिए एक से अधिक तरीकों से समस्या बढ़ जाती है क्योंकि वह कोचिंग पर माता-पिता द्वारा खर्च किए गए पैसे को चुकाने के लिए अब परीक्षा को पास करने का दबाव बढ़ गया है और उसे कोचिंग संस्थान के अतिरिक्त दबावों का भी सामना करना पड़ता है। जब तक देश की परीक्षा संस्कृति से इस कुत्सित व्यवस्था को समाप्त नहीं किया जाता है, तब तक छात्रों में आत्महत्या की दर को रोकने के मामले में कोई प्रत्यक्ष परिवर्तन नहीं देखा जाएगा। सरकार को इस मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए, अगर वास्तव में हम सोचते है कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। जबरन करियर विकल्प देने से कई छात्र बहुत अधिक मात्रा में दबाव के आगे झुक जाते हैं, खासकर उनके परिवार और शिक्षकों से उनके करियर विकल्पों और पढ़ाई के मामले में। शैक्षिक संस्थानों से समर्थन की कमी के चलते बच्चों और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से निपटने के लिए सुसज्जित नहीं है और मार्गदर्शन और परामर्श के लिए केंद्रों और प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी है।

ऐसे कठिन दौर में आज छात्रों में आत्महत्या की प्रकृति और प्रवृत्ति का नए सिरे से अध्ययन करने की भी बहुत जरूरत है, क्योंकि देश की पूरी युवा बौद्धिक संपदा दांव पर लगी हुई है, जिसके दूरगामी गंभीर नतीजे पूरे राष्ट्र के माथे पर गहरा शिकन ला सकते हैं। युवाओं के कंधे पर स्थापित विकासशील प्रगति का पूरा ढांचा ही भरभरा कर गिर सकता है। छात्रों को इसे चुनौती के रूप में लेते हुए पूरी क्षमता के साथ इसका सामना करना चाहिए। परीक्षा जीवन-मृत्यु का प्रश्न नहीं है। परीक्षा परिणामों को जीवन का अंतिम आधार न मानकर अपनी सफलता की राह स्वयं बनानी होती है। बिना श्रम के जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता नहीं मिलती। अभिभावकों को यह समझना है कि उन्हें अपने बच्चों के साथ कैसा बर्ताव करना है। छात्रों के बीच मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों की बढ़ती व्यापकता से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें व्यक्ति, संस्थान और समग्र रूप से समाज शामिल हो। सफलता को फिर से परिभाषित करना और छात्रों को अपने जुनून और रुचियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना उनके मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है। केवल शैक्षणिक उपलब्धियों पर आधारित सफलता की संकीर्ण परिभाषा से आगे बढ़ने से छात्रों को अपनी अद्वितीय प्रतिभा का पता लगाने और अपने चुने हुए रास्ते में पूर्णता पाने का मौका मिलता है।

आत्महत्या के जोखिम कारकों को कम करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करना और परीक्षा के नवीन तरीकों को अपनाया जाना चाहिए। छात्रों की सराहना करने की आवश्यकता है और यह बदलना महत्त्वपूर्ण है कि भारतीय समाज शिक्षा को कैसे देखता है। प्रयासों का उत्सव होना चाहिए न कि अंकों का। छात्रों की चिंताओं, अवसाद और अन्य मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों को दूर करने के लिए सभी स्कूलों/कॉलेजों/कोचिंग केंद्रों में प्रभावी परामर्श केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। बढ़ते संकट को दूर करने के लिए अतीत की विफलताओं से सीखना और छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, संस्थानों और नीति निर्माताओं सभी हितधारकों को शामिल करने वाले तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# रेवड़ियों पर केंद्रित होता दिल्ली विधानसभा चुनाव

*सुरेश हिंदुस्तानी*

दिल्ली में चुनावी घमासान के बीच रेवड़ी बांटने की प्रतिस्पर्धा-सी दिख रही है। ऐसा लगता है कि अब दिल्ली की सत्ता तक पहुँचने का मार्ग केवल मुफ्त की रेवड़ी ही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दल जनता के बीच अपने पिटारे से मुफ्त वाली विभिन्न योजनाएं गिना रहे हैं। इस होड़ में आम आदमी पार्टी पहले ही पिटारा खोल कर बैठी है। अब कांग्रेस और भाजपा भी उसी रास्ते की ओर प्रवृत्त है। एक तथ्य ध्यान देने योग्य है कि आम आदमी पार्टी के पास कुछ नया नहीं है क्योंकि वह पिछले चार विधानसभा चुनाव से इसी राह पर चल रही है। मुफ्त की योजनाओं के वादे करना आम आदमी पार्टी की फितरत बन गई है। इससे अलग अपेक्षा नहीं की जा सकती क्योंकि यह मार्ग उसके लिए लाभकारी साबित होता रहा है। इसलिए आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को इस बार भी उन्हीं के नाम बाजी होने का पूरा विश्वास है।

वर्तमान में दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार में राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर रेवड़ियों की झड़ी लगाई जा रही है। ऐसा लगता है कि दिल्ली की जनता रेवड़ी की आदी हो चुकी है। इसका राजनीतिक आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अपना नायक चुनने के लिए किसकी रेवड़ी स्वार्थ पूर्ति करने वाली है, यह ही देखा जाएगा। इस कवायद को लालच देकर वोट प्राप्त करने का माध्यम भी माना जा सकता है क्योंकि मुफ्त में खजाना लुटाना किसी प्रकार से न्यायसंगत नहीं माना जा सकता क्योंकि इसका बोझ उस समाज पर आता है, जो योजना का लाभ लेने के पात्र नहीं होते। हालांकि सरकार की तरफ से आम जनता का ध्यान रखा ही जाना चाहिए लेकिन इसके लिए मुफ्त की योजना की जगह अन्य तरीके अपनाए जाएं तो बेहतर होगा। नहीं तो एक दिन यही योजनाएं विकास योजनाएं न होकर विनाशकारी मार्ग तैयार कर सकती हैं।

दिल्ली में एक दशक पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच ही चुनावी लड़ाई होती रही थी, लेकिन कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के विरोध में एक धूमकेतु की तरह अरविन्द केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी उभरी, जिसने लोक लुभावने वादे कर आम जनता का छप्पर फाड़ समर्थन प्राप्त करके दिल्ली के सिंहासन को कब्जे में ले लिया। मौजूदा चुनाव में एकबार फिर बहुकोणीय मुकाबला होने की तस्वीर बन रही है। आम आदमी पार्टी साथी दलों को हाथ छुड़ा कर अकेले ही चुनावी मैदान में उतरी है। लेकिन उसकी सबसे बड़ी परेशानी यह है कि उसके नेता अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। ऐसा कहना भी समुचित होगा कि केजरीवाल की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। एक समय सुविधाओं को त्याग कर राजनीति करने की कसम खाने वाले केजरीवाल की जीवन शैली भौतिक सुख-सुविधाओं से भरी मालूम पड़ती है। शीशमहल के नाम से भाजपा द्वारा प्रचारित उनके आवास में लग्जरी सुविधाएं हैं। जो उनके कथन से कतई मेल नहीं रखती। ऐसे में यह कहना तर्कसंगत होगा कि इस बार केजरीवाल की राह उतनी आसान नहीं है, जो पहले थी। दूसरी बड़ी बात यह है कि इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ भी हैं। केजरीवाल जमानत पर बाहर हैं, वे दोष मुक्त नहीं हुए। उनके मुख्यमंत्री कार्यालय जाने पर प्रतिबन्ध उसी समय लगा दिया गया, जब वे मुख्यमंत्री थे, ऐसी स्थिति में केजरीवाल फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे, इसकी गुंजाइश





भी नहीं है। आम आदमी पार्टी के समक्ष एक बड़ी चुनौती यह भी है कि इस बार के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के अलावा बहुजन समाज पार्टी और औवेसी की पार्टी भी मैदान में है। यह दोनों राजनीतिक दल जितने प्रभावी होंगे, उसका खामियाजा आम आदमी पार्टी को ही भुगतना होगा। एक गणित यह भी है कि पिछले चुनाव में अंदरूनी तौर पर कांग्रेस पार्टी का समर्थन आम आदमी पार्टी को मिला लेकिन इस बार पूरी गंभीरता के साथ कांग्रेस चुनावी मैदान में है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने केजरीवाल के समक्ष वजनदार प्रत्याशी उतार कर यह संदेश तो दिया कि इस बार केजरीवाल की पार्टी आसानी से विजय प्राप्त नहीं करेगी। क्योंकि बसपा और औवेसी के आने से केजरीवाल की पार्टी को मुस्लिम और दलित मत हासिल करने में कमी आ सकती है। ये मतदाता अतीत में कांग्रेस के वोटर रहे हैं, जिससे लगता है कि इसबार यह मतदाता कांग्रेस को ही वोट देगा। आम आदमी पार्टी के साथ यह विसंगति जुड़ती जा रही है कि वह गठबंधन का हिस्सा केवल उन राज्यों में है, जहाँ आम आदमी पार्टी का अस्तित्व नहीं है। जहाँ केजरीवाल की पार्टी का अस्तित्व है, वहां गठबंधन के मायने बदल जाते हैं। इसका तात्पर्य यही है कि केजरीवाल स्वार्थ सिद्धि के लिए ही गठबंधन करते हैं। यह बात सही है कि केजरीवाल को अब राजनीति की समझ आ गई है। वे एक चतुर राजनीतिक नेता की तरह चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन विपक्ष की एकता के सपने को चकनाचूर कर रहे हैं। हालांकि राजनीतिक विश्लेषक गठबंधन में दरार आने का ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ रहे हैं। कुल मिलाकर यह कहना उचित होगा कि गठबंधन अब बिखरने की ओर है।

खैर, मूल विषय रेवड़ी का है। मुफ्त की रेवड़ी बांटना निश्चित ही इस बात की ओर संकेत करता है कि आज राजनीतिक दलों ने आम जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खोई है इसीलिए चुनाव जीतने के जनता को प्रलोभन देकर वोट कबाड़ने की राजनीति की जा रही है। अब देखना यह है दिल्ली का सिंहासन किसका इंतजार कर रहा है। फिलहाल यही समझा जा रहा है कि मुख्य मुकाबला भाजपा और आदमी पार्टी के बीच है। प्रचार के लिए भाजपा के पास नेताओं की भारी भरकम फौज है तो आम आदमी पार्टी के पास केवल केजरीवाल हैं। चुनावी प्रचार के माध्यम से भाजपा अपनी बात को नीचे तक पहुंचाने का प्रयास करेगी और इसका प्रभाव भी हो सकता है। लेकिन फिर वही बात, क्या रेवड़ी के सहारे ही इस बार भी दिल्ली की सरकार बनेगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**


साहित्य



## उपदेश बरक्स चुप्पी

**अनन्त मिश्र**

वे जो उपदेश दिया करते हैं
उनके ऊपर
दिखता तो नहीं
पर गँजा रहता है
बोरे का बोरा
शास्त्र,
किताबों का
कचरा
जिसे हजम कर
वे उसका
सब प्रतिफल बाँट दिया करते हैं।
मैं चुप रहता हूँ
मुझे सूझता नहीं
किनारा,
लौट कर आता हूँ
और धीरे-धीरे
फिर से जीवन की
आग जलाने की
कोशिश में लग जाता हूँ।



# राशिफल

**मेषः**- आपके लिए मिश्र फलदायी है आज का दिन। परिजनों के साथ आप अच्छी तरह से समय बिताएंगे। उनका सहयोग भी मिल सकता है।

**वृषभः**- आपको वाद-विवाद में अच्छी सफलता मिलेगी। परिश्रम की अपेक्षा कम प्राप्ति होने पर भी अपने कार्य में आप अग्रसर हो सकेंगे।

**मिथुनः**- भावना और संवेदनशीलता में बहकर स्त्रीवर्ग से सम्बंध न बांधें। मन दुविधा में रहने से निर्णय लेने में बाधा आ सकती है। प्रवास टालें।

**कर्कः**- आज का दिन प्रफुल्लितता से भरा रहेगा। नए कार्य का आरंभ भी आज कर सकते हैं। मित्रों और स्नेहीजनों से भेंट होने से आनंद हो सकता है।

**सिंहः**- आप वाक्चातुर्य से मीठे सम्बंध बांध सकेंगे, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायी सिद्ध होंगे। वैचारिकरुप से समृद्धि बढ़ेगी।

**कन्याः**- आज का दिन परोपकार और सदभावनाओं में बीतेगा। मानसिक रूप से कार्यभार अधिक रहेगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**तुलाः**- आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल रहने से सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं। आज आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**वृश्चिकः**- आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। मित्रों के साथ भेंट होगी तथा उनके साथ घूमने-फिरने, आनंद-प्रमोद करने में खर्च होगा।

**धनुः**- आपकी यश, कीर्ति और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उच्च पदाधिकारी खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। स्वास्थ्य बना रहेगा।

**मकरः**- बौद्धिक कार्य या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। व्यवसाय के क्षेत्र में प्रतिकूल वातावरण आपके मन को अस्वस्थ करेंगे।

**कुंभः**- आपको आज निषेधात्मक कार्यों और नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह देते हैं। झगड़े-विवाद से बचें, क्रोध और वाणी पर संयम रखें।

**मीनः**- दैनिक कार्यों से बाहर निकल कर आज आप घूमने-फिरने और मनोरंजन के पीछे समय बिताएंगे। व्यवसाय में भागीदारी के लिए शुभ समय है।

# बच्चियों को उड़ने की आजादी दें, पंख खुद लगा लेंगी

*डॉ. रमेश ठाकुर*



**राष्ट्रीय बालिका दिवस (24 जनवरी) पर विशेष**

देश में 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' का आज 17 संस्करण मनाया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण दिवस की शुरुआत केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा सन-2008 से हुई। इसी दिन यानी 24 जनवरी 1966 को इंदिरा गांधी ने पहली बार बतौर प्रधानमंत्री कार्यभार संभाला था। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पूरे भारत में विभिन्न स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होते हैं, जिनमें 'सेव द गर्ल चाइल्ड', 'चाइल्ड सेक्स रेशियो' व 'चाइल्ड क्राइम प्रोटेक्शन' अभियानों के अलावा बालिकाओं के स्वास्थ्य और उन्हें सुरक्षित वातावरण देने सहित तमाम तरह की जागरूकता मुहिम चलाई जाती है। इसमें सामाजिक और सरकारी संस्थानों की भागीदारी होती है।अफसोस, ऐसी तमाम कोशिशों के बावजूद बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले जुल्म और अपराध कम नहीं हो रहे।

किशोरियों की तस्करी सबसे बड़ा चिंता का विषय है। कई राज्यों में बच्चियां अपने घरों में बंदिशों की बेड़ियों में जकड़ी हुई हैं। केंद्र सरकार ने हाल ही में संपन्न हुए संसद के शीतकालीन सत्र में आंकड़ा पेश कर बताया कि पूरे देश में अभी लाखों की संख्या में बच्चियों को उनके अभिभावक स्कूलों में नहीं भेजते। ये हाल तब है जब बच्चियों की शिक्षा पर केंद्र व राज्य सरकारें सजगता से लगी हुई हैं। यहां सरकारों को दोष नहीं दे सकते। बच्चियों से जुड़ी मौजूदा समय की सबसे विकराल समस्या 'बाल तस्करी' ही है। इस विकट समस्या का कैसे समाधान हो, इसे लेकर जनमानस कैसे जागरूक हों आदि विषय को ध्यान में रखकर ही सालाना 24 जनवरी को पूरे भारत में 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया जाता है। बेटियों के सम्मान में केंद्र सरकार का 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा जबरदस्त सफल रहा है। इससे बालिका लिंगानुपात में भी इजाफा हुआ है। 2014 में बेटियों के जन्मानुपात का आंकड़ा 918 था, तो वहीं 2022-23 में 15 अंकों की छलांग लगाकर ये आंकड़ा 933 तक जा पहुंचा। इस आंकड़े में हरियाणा अभी भी पिछड़ा हुआ है। देश की तरक्की में बेटियों को उड़ने की आजादी मिलनी चाहिए। उनकी शिक्षा-दीक्षा में कोई कोर-कसर नहीं छोड़नी चाहिए। हालांकि किशोरियों के लिए जबसे माहौल बदला है, उन्होंने अपनी काबीलियत साबित कर दी है। रक्षा से लेकर खेल तक कोई ऐसा क्षेत्र नहीं हैं जहां बेटियां परचम न फहरा रही हों। लड़कियों के प्रति रुढ़िवादी सोच से लोग अब किनारा करने लगे हैं। कुछ लोग जो इस सोच से बाहर नहीं निकल रहे, वे अपनी लड़की को उनके अधिकारों से वंचित रखते हैं, इससे उनका करियर बन ही नहीं पाता। बच्चियों के भविष्य को अंधकार में धकेलने में परिवारों की भी बड़ी भूमिका होती हैं। परिवार ऐसा न करें, उनको समझाने के लिए ही आज का ये खास दिवस मनाया जाता है।

बच्चियों पर जुल्म समाज का सबसे बड़ा कलंक माना जाता है। इस कलंक को मिलकर मिटाना होगा। एनसीआरबी की मानें तो भारत में सालाना हजारों की संख्या में बच्चियां लापता होती हैं, जिनमें से अधिकांश बच्चियों उम्र महज 8-10 वर्ष होती हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक, साल 2019 से 2021 में 13.13 लाख गायब महिलाओं में ज़्यादातर लड़कियां की संख्या रही। वहीं, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार बीते 5 सालों में 2.75 लाख बच्चे गुम हुए जिनमें से 2.12 लाख सिर्फ लड़कियां थीं। लापता बच्चों के मामले में पश्चिम बंगाल अव्वल है जहां साल-2022 में 12,546 लड़कियां गुम हुईं। मध्य प्रदेश दूसरे नंबर पर है जहां 11,161 किशोरियां गायब हुईं। बाकी प्रदेशों के हाल भी अच्छे नहीं हैं। इसके अलावा बाल तस्करी, बाल विवाह और नाबालिगों के साथ यौन शोषण की घटनाएं भी कम होने के जगह बढ़ी हैं। इन्हें सामूहिक प्रयासों से रोकना होगा।

निश्चित रूप से 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' समूचे भारत में बच्चियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों की शिनाख्त कर उन चुनौतियों से जूझने की तरफ ध्यान आकर्षित करता है। हमारी सामाजिक जिम्मेदारी ये बनती है कि बच्चियों के विरुद्ध घटित अपराधों और संभावित खतरों से मुंह नहीं फेरना चाहिए। सबसे पहले बालिकाओं की तस्करी पर अंकुश लगना चाहिए क्योंकि यह किसी भी देश के लिए घोर कलंक जैसा है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# नाली के अभाव में सड़क पर भरा घरों का गंदा पानी

**सिद्धौर बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**



विकास खंड बनीकोडर के ऊंचे का पुरवा मजरे टांडा गांव के लोग कीचड़ युक्त मार्ग से आने - जाने को विवश हं ।नाली के अभाव में घरों का पानी मार्ग पर बहने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों को आने जाने में हो रही दिक्कत को देखकर ग्राम पंचायत टांडा के ऊंचे का पुरवा गांव में आज से करीब 6 वर्ष पूर्व श्रवण कुमार के घर से डामर रोड तक खड़ंजा मार्ग का निर्माण कराया गया था ।कुछ समय बाद मार्ग की ईंटें नीचे जमीन में धंसने लगी और मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया ।गांव के लोगों ने ग्राम प्रधान से मिलकर मार्ग की मरम्मत कराने का अनुरोध किया ।इस पर ग्राम प्रधान द्वारा आज से एक वर्ष पूर्व नए सिरे से मार्ग का निर्माण करवाने की खातिर खड़ंजा मार्ग की ईंटें उखड़ा दी गई लेकिन आज तक मार्ग का निर्माण नहीं कराया गया ।ऐसे में ग्रामीणों को आने जाने में अब काफी परेशानी हो रही है ।गांव के श्रवण कुमार , हरिराम , राजकुमार , विश्वनाथ , शिव बाबू और राम कल्याण आदि ने बताया कि नए सिरे से मार्ग निर्माण की खातिर ग्राम प्रधान द्वारा पूर्व में लगे खड़ंजा मार्ग की ईंटें उखड़ा दी गई थीं लेकिन आज तक निर्माण नहीं कराया गया ग्रामीणों ने बताया कि जलनिकास की व्यवस्था न होने से घरों का गंदा पानी भी इसी रास्ते पर बह रहा है जिससे मार्ग पर कीचड़ हो गया है। ग्रामीण कीचड़ युक्त मार्ग से आवागमन करने को विवश हैं। ग्रामीणों ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है।

> ग्रामीणों ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर मार्ग की मरम्मत कराये जाने की उठाई मांग

## बड़े उल्लास के साथ मनाई गई सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**बाराबंकी।** गुरुवार को जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में एन.सी.सी. और राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बहुमूल्य योगदान देने वाले महान क्रांतिकारी एवं आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े हर्ष और उल्लास के साथ महाविद्यालय में मनाई गई इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. सीताराम सिंह के दिशा निर्देशन में किया गया। संगोष्ठी में प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वे नेता जी के कथन तुम मुझे खून दो, तो मैं तुम्हें आजादी दूंगा के पदचिन्हों पर चलकर भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में प्रतिस्थापित करें। डॉ. मानव कुमार सिंह एवं डॉ. अरविन्द कुमार पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं के बीच में सुभाष चंद्र बोस जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

# पत्रकार मोहम्मद अतहर को दी श्रद्धांजलि

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बहुत ही अच्छे स्वभाव के नेकदिल इंसान थे मोहम्मद अतहर। अपने कार्य व्यवहार से लोगों के दिल मे जो मुकाम बनाया वो सबके नसीब में नहीं होता है। उक्त विचार तारिक किदवाई जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन बाराबंकी ने वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद अतहर की श्रद्धांजलि सभा में व्यक्त किये।

बैठक को सम्बोधित करते हुए पत्रकार रत्नेश कुमार भावुक हो गए और फफक कर रो पड़े। उन्होंने कहा कि अतहर भाई जितने अच्छे पत्रकार थे उतने ही अच्छे सामाजिक व्यक्ति थे। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मास्टर अजीज ने कहा कि अतहर भाई सबकी मदद को हमेशा तैयार रहते थे। बहुत कम लोग ऐसे होते हैं। साफगोई उनके चरित्र की विशेषता थी। इस मौके पर पत्रकार परवेज जलील किदवाई ने कहा कि हमारे बहुत ही अजीज मित्र थे। उनसे कोई भी बात बेझिझक कह लिया करते थे। कवि साहित्यकार पत्रकार प्रदीप सारंग महासचिव के संचालन में सम्पन्न श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ पत्रकार हशमत उल्ला, अशोक सैनी, दुर्गेश शुक्ला, सईद किदवाई, सदानंद वर्मा, हुमायूँ कबीर, सूरज सिंह, सोनू कुमार मोहम्मद आसिम, शिवराम गुप्ता, सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

## वन दरोगा ने की माफिया के खिलाफ कार्रवाई

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत सुबेहा के जवाहर नगर वार्ड में प्रतिबंधित हरे-भरे पेड़ की अवैध कटान करना एक ठेकेदार को महंगा पड़ गया है। वन दरोगा अनुज सिंह ने जानकारी मिलने के बाद अवैध कटान करने वाले ठेकेदार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कड़ी कार्रवाई की है। वन दरोगा की इस कार्रवाई से वन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। वन दरोगा ने बताया कि कस्बा के जवाहर नगर वार्ड में गूलर के एक पेड़ की अवैध कटान ठेकेदार अबूबकर द्वारा की गई थी। जिसकी सूचना मिलने के बाद वन दारोगा द्वारा उक्त ठेकेदार के खिलाफ उत्तर प्रदेश ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धरा 4/10के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। वन दरोगा अनुज सिंह ने बताया कि हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटान करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# डम्पर से बचने में बाइक सवार गिरे, तीन लोग घायल



**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

फतेहपुर थाना क्षेत्र के बसारा गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर से बचने के चक्कर में बाइक सवार तीन मजदूर सड़क किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से एक की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जनपद सीतापुर के थाना थानगांव क्षेत्र के राजापुर इसरौली निवासी संदीप कुमार, विकास और डगरू जिले के असन्द्रा क्षेत्र में सड़क किनारे पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनवाए जा रहे नाला निर्माण में मजदूरी का काम करते हैं।

घर जाने के लिए तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर निकले थे तभी गुरुवार की दोपहर फतेहपुर-देवा मार्ग पर स्थित बसरा गांव के पास सामने से आ रहे डंफर से बचने के चक्कर मे बाइक सहित सडक किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से तीनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद संदीप की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# वेयर हाउस में लूटपाट करने वाला बदमाश गिरफ्तार



**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बिहुरा चौराहे के पास स्थित वेयर हाउस में सुरक्षा गार्ड व किसान को बंधक बनाकर लूट पाट करने के मामले में फरार चल रहे एक बदमाश को बुधवार रात पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया।दो अन्य बफरार मदमाशों की तलाश की जा रहे हैं।

एएसपी अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में गिरफ्तार किए गए बदमाश ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ 17 जनवरी की रात मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बिहुरा चौराहे के पास स्थित रवि वेयर हॉउस( राइस मिल )में सुरक्षा गार्ड व किसान को बंधक बनाकर लूटपाट की थी। जिसे बुधवार रात इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद शुक्ल के नेतृत्व में मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान सीतापुर बॉर्डर के कैथा भुंड जंगल के पास घेरेबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी से बचने के लिए बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग की थी।पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हुआ जिस गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। बदमाश की पहचान बरेली के अलीगंज थाने के राजपुर गौटिया निवासी नन्हे उर्फ नेत्रपाल के रूप में हुई है जिसके खिलाफ बरेली के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। बदमाश के पास से एक तमंचा 315 बोर,एक कारतूस,एक खोखा बरामद किया गया। इस घटना में शामिल एक बदमाश को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शेष फरार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।



# शौर्य दिवस के रूप में मनायी गई सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

**बाराबंकी।** नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती शौर्य दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय जागरण मंच के तत्वावधान में व अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव के संयोजन में नगर के छाया चौराहे पर स्थित नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर मिष्ठान वितरण किया गया। अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्र गौरव नेता जी द्वारा गठित अजेय सेना के पराक्रम से ब्रिटिश सत्ता का पूरा साम्राज्य हिल गया तथा अंग्रेजों को देश छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल, योगेन्द्र गुप्ता, अनन्तराम वर्मा, अरविंद वर्मा, अर्चना सैनी, रिषि शर्मा,शरद श्रीवास्तव, अधिवक्ता राजा तिवारी, राजेश वर्मा, विकास श्रीवास्तव, पूर्व सभासद अजय तिवारी, राजीव श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नवागंतुक बीईओ कदौरा का शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने किया स्वागत

**कदौरा,जालौन।** विकास खण्ड कदौरा के नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह वर्मा का कार्यालय ब्लॉक संसाधन केंद्र बबीना में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई कदौरा की कार्य समिति एवं संघर्ष समिति के पदाधिकारियों सहित सम्मानित ब्लॉक के शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी का माल्यार्पण, मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी से शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी जिस पर नवागंतुक खण्ड शिक्षा अधिकारी ने संगठन को विश्वास दिलाया कि लंबित समस्त समस्याओं का निराकरण शीघ्र ही किया जायेगा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र कुमार वर्मा, ब्लॉक मंत्री तालिब बेग, ब्लॉक कोषाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत, ध्यानपाल, राधाकृष्ण द्विवेदी, सिया शरण, श्रीमती कमला देवी, श्रीमती प्रियंका वर्मा सहित अनेकों शिक्षक उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला बनाकर आमजन को किया जागरुक

> अपर जिलाधिकारी व आरटीओ ने किया शुभारम्भ, दिलाई शपथ

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**





परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर केडी सिंह बाबू स्टेडियम मे मानव श्रृंखला का निर्माण करते हुये मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी इंन्द्रसेन ने सड़क सुरक्षा के पालन किये जाने को लेकर शपथ दिलाई। कार्यक्रम से पूर्व राजकीय इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, जुमीलुरर्हमान किदवई गर्ल्स इण्टर कालेज, अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इण्टर कालेज, सिटी इण्टर कालेज, जवाहर लाल मेमोरियल पीजी कालेज, मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महाविद्यालय, ममता महाविद्यालय, साई इण्टर कालेज, पायनियर इंटर कालेज, पायनियर हाई स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, रामसेवक इण्टर कालेज, रानी लक्ष्मी बाई इंण्टर कालेज, इरम इंटर कालेज, बेसिक शिक्षा विद्यालय के लगभग 4000 छात्र-छात्राओं द्वारा हेलमेट, संकेतह चिन्ह, नो पार्किग, नो एल्कोहल, नो हार्न, टैऊफिक सिग्नल, जेब्रा क्रासिंग की आकृति का बनाकर सड़क सुरक्षा के नियमो के पालन करने की अपील की। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी ने कहा आमजन यातायात नियमों के बारे में जाने व उसका पालन करें। दोपहिया वाहन धारक हेलमेट, चार पहिया वाहन धारक सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि सम्भागीय परिवहन अधिकारी अयोध्या विश्वजीत प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओ को कविता के माध्यम से सम्बोधित करते हुये कहा कि सुरक्षित सफर सुरक्षित प्रदेश, हवा के झोंके से बुझी मोमबत्ती तो दोबारा जल जाएगी, पर सड़क पर जरा सी लापरवाही में गई जान वापस नहीं आएगी का संदेश देते हुये जागरुक किया। तथा सदैव नियमो का पालन करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम मे एआरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने मुख्य अतिथि एंव विशिष्ट अतिथि को बूके देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव, यातायात प्रभारी रामयतन यादव, प्रधानाचार्या डॉ. पूनम सिंह, प्रधानाचार्य राधेश्याम, वीपी सिंह, अंजु रानी, ज्योति द्विवेदी, रेडक्रास सोसाइटी अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, ट्रक एसोसिएशन अध्यक्ष अधिवक्ता अंगद वर्मा, स्काउट गाईड मास्टर राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, ऋतु अग्निहोत्री, शैलजा गुप्ता, धर्मेन्द्र पाण्डेय, तौहीद खान, राजन सिंह आदि मौजूद रहे।

## हार-जीत की बाजी लगाते चार जुआड़ी गिरफ्तार

**जालौन,उरई।** सार्वजनिक स्थान पर हारजीत की बाजी लगा रहे चार लोगों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने लगभग 2100 रुपये बरामद किए। चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह को सूचना मिली कि औरैया रोड पर 21 फुटा हनुमान मंदिर के पास कुछ लोग हार जीत की बाजी लगा रहे हैं।

सूचना मिलते ही वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देखते ही वहां जुआ खेल रहे लोग भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दीपक कुमार, नितिन कुमार व राहुल कुमार निवासीगण सहावनाका एवं दीपू पहलवानबाड़ा को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से 2110 रुपये नकद व ताश की गड्डी बरामद की। पकड़े गए चारों आरोपियों को कोतवाली लाकर पुलिस ने उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## चोरी के ट्रैक्टर सहित दो गिरफ्तार

**कालपी (जालौन)।** निकटवर्ती ग्राम चौरा बाजार में दुकान के बाहर खड़े ट्रैक्टर को देर रात बदमाशों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। वही कालपी पुलिस की सक्रियता से चोरी के ट्रैक्टर सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जनपद कानपुर देहात के अमरोहा कस्बा निवासी इमरान खान की चौरा मवेशी बाजार के पास बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान है, दुकान के बाहर इमरान का ट्रैक्टर खड़ा हुआ था। तभी रात में मौका पाकर बदमाशों ने चोरी करके ट्रैक्टर को लेकर भागने लगे। कालपी कोतवाली के टरननगंज चौकी इंचार्ज रणधीर सिंह तथा कांस्टेबल अभिषेक सिंह ने रात्रि गश्त के दौरान देर रात लगभग चार बजे चोरी के ट्रैक्टर को काशीराम कॉलोनी के पास पकड़ लिया।

## आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है की दीपक कुमार जायसवाल पिता श्री दयाराम जायसवाल ग्राम व पोस्ट कटका मरौठा थाना हुजूरपुर तहसील कैसरगंज जिला बहराइच जिसका इंटरमीडियट वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2226950081 अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रोशनाबाद विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः03/ ग्रा0पं0/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 23/01/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रोशनाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 24/01/2025 से 30/01/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 30/01/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अजीत के घर से पुलिया तालाब तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.98 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | अजीत के घर से पुलिया तालाब तक नाला निर्माण कार्य | 3.22 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान (पुष्पांजली ) ग्रा0पं0 रोशनाबाद, शमशाबाद सचिव (दिलीप कुमार)


## खबरें एक नजर में

### कुत्सित मानसिकता के महंत राजूदस की टिप्पणी आपत्तिजनकः धीरेंद्र वर्मा



**बाराबंकी।** देश के मज़लूमों, बेसहारों, नवजवानों, महिलाओं, किसानों की बुलन्द आवाज और ग़रीबों,पिछड़े,दलित, अल्पसंख्यक वर्गों के मसीहा स्व मुलायम सिंह यादव के प्रति अयोध्या के कुत्सित सोच वाले महन्त राजूदास की टिप्पणी को घोर आपत्तिजनक व निन्दनीय बताते हुए, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता व उत्तरप्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लि.लखनऊ एवं डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक बाराबंकी के पूर्व चेयरमैन, सरदार पटेल संस्थान के अध्यक्ष, धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने महंत राजूदास के विरुद्ध तत्काल विधिक/दंडनीय कार्यवाही की माँग की है। धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने संकल्पित होते हुए यह भी घोषणा की है कि शीघ्र ही स्थानीय सहयोग से अयोध्या परिक्षेत्र के जनपद बाराबंकी में उपयुक्त स्थल पर स्व मुलायम स्मृति वाटिका की स्थापना कर उसके परिसर में, प्रयागराज के कुम्भ क्षेत्र में वर्तमान में स्थापित स्व मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा जैसी हूबहू प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।

### बहुता धाम में दो दिवसीय मेले का आयोजन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड त्रिवेदीगंज स्थित ग्राम पंचायत बहुता धाम में दो दिवसीय पारंपरिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। जय मां कालिका देवी मेला समिति के अध्यक्ष रामकमल तिवारी प्रधान प्रतिनिधि अरुण शुक्ला ने बताया कि आगामी 24 व 25 जनवरी को मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में दिन में स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का आयोजन एवं रात्रि में बाहर से आए कलाकारों द्वारा भगवान की झांकियो का विशेष आयोजन किया जा रहा है। मेला समिति के अध्यक्ष ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर मेले को सफल बनाने की अपील की है।

### वाहन ने युवक को रौंदा, दर्दनाक मौत

**बेलहरा बाराबंकी।** रासलीला कार्यक्रम से लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया ।हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। मोहम्मद पुर खाला थाना क्षेत्र की छेदा चौकी अंतर्गत अकम्बा गांव निवासी पवन कुमार पुत्र राम प्रताप रावत( 32 ) बुधवार को इसी क्षेत्र के गंगापुर घाट पर चल रही रासलीला कार्यक्रम में गया था जहां से देर रात वापस घर लौट रहा था तभी बेलहरा-छेदा मार्ग पर तेकुआ मोड के पास किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन रौंद दिया। घायल युवक को जब तक कहीं इलाज के लिए ले जाया जाता तब तक उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना में हुई युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है ।थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है,शव पीएम भेजकर वाहन की तलाश की जा रही है।

### रंजिशन गाली-गलौज कर की मारपीट

**जालौन (उरई)।** रंजिश को लेकर एक व्यक्ति ने दूसरे के साथ गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दमां निवासी मुन्ना बाथम ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही कुलदीप कुमार उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते आए दिन गाली, गलौज व झगड़ा करते रहते हैं। गुरूवार की सुबह भी वह घर के बाहर खड़े होकर गाली, गलौज कर रहे थे। जब उसने मना किया तो मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है।

# सुशील पांडेय के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर शिक्षक संघ में खुशी का माहौल

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दी बधाई। बुधवार को संघ की बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इस नियुक्ति से बाराबंकी जिले के शिक्षक समुदाय में खुशी की लहर है। प्रदेश संगठन के मीडिया प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि यह नियुक्ति शिक्षकों के हितों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि अब पुरानी पेंशन बहाली सहित शिक्षकों की विभिन्न मांगों को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूती से उठाया जा सकेगा। सिरौलीगौसपुर में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने इस अवसर को उत्सव के रूप में मनाया। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने सभी शिक्षकों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कार्यक्रम में शिवाजी मिश्र, आशुतोष वर्मा, अमित कुमार, विशेष सिंह, शादाब अंसारी, हर्षवर्धन सिंह, कृपाराम, अमित मिश्र, सुनील दत्त शुक्ला, अवनीश सिंह, संदीप सिंह, संतोष भारती, आदर्श सिंह और संजय कुमार सहित कई शिक्षक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गौवंशों की देखरेख में गड़बड़ी मिली तो होगी कार्यवाही : बीडीओ

**कुठौंद जालौन, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देशानुसार खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा समय-समय पर अपने अपनी पंचायत की गौशालाओं का निरीक्षण किया जाता है। इसीक्रम में सचिव चंद्रभूषण सचान की कार्य कुशलता कहें या काम की निष्ठा एवं साफ सुथरी कार्य प्रणाली के तहत वह अपनी पंचयात की गौशालाओं की व्यवस्था स्वयं गौशाला में पहुंचकर देखते है। गौशालाओं के निरंतर निरीक्षण के क्रम में गुरुवार को बीडीओ ईंटों गौशाला पहुंचे जहां पर उन्होंने गायों की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूसा, हरा चारा, बिजली की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, दाना चूनी की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने गौशाला केयर टेकर से साफसफाई रखने एवं अलाव की व्यवस्था रखने एवं देखभाल करने को कहा। उक्त मौके पर सचिव चंद्रभूषण सचान व ग्राम प्रधान भवानी शंकर, केयर टेकर मौजूद रहे। कुठौंद शाखा नहर में पानी के बहाव साथ मृतक गाय का शव ग्राम धर्मपुरा बरेला के समीप नहर में बहकर आ गए इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे गौसेवा मंच के गौसेवाकों ने सूचना खंड विकास अधिकारी गजेन्द्र प्रताप सिंह को दी खंड विकास अधिकारी गजेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार तत्काल ग्राम विकास अधिकारी शिवम गुप्ता मौके पर पहुंचे, व प्रधान प्रतिनिधि वीर सिंह मौके पर पहुंचकर मृतक गाय के शव को देखा तो अत्यधिक दिनों पानी में पड़े रहने के कारण गाय के शव गल गए थे।

## पति-देवर से परेशान महिला ने पुलिस से की शिकायत

**जालौन,उरई।** विवाहिता को पति व देवर द्वारा परेशान करने पर विवाहिता ने कोतवाली में शिकायत की थी। इससे नाराज दोनों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति व देवर के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी रूचि ने पुलिस को बताया कि उनके पति हिमांशु व देवर मनीष आए दिन उसे परेशान करते हैं। किसी न किसी बात पर उसे उलाहना देकर उसके साथ गाली, गलौज करते हैं। कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन वह मान नहीं रहे हैं। इसकी शिकायत उसने कोतवाली में की थी। पुलिस से शिकायत करने पर नाराज पति व देवर ने उसके साथ गाली, गलौज शुरू कर दी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद-फतेहगढ़

पत्रांकः 1132/1-30/2024-25 दिनांक 22/01/2025

**-: निविदा सूचनाः-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद में राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग/पालिका निधि में उपलब्ध धनराशि से पालिका के निर्माण विभाग में शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अधीन निम्न सारणी अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/एजेन्सी/कम्पनी/ठेकेदार दिनांक 03/02/2025 समय 4:00 बजे तक सील बन्द निविदा दे सकते है। निविदा पत्र, निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक 03/02/2025 सायंकाल 4:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ लागत की 10 प्रतिशत जमानत राशि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद के नाम बन्धक होगी, जो एन0एस0सी0/ एफ0डी0आर0/ नकद जमा रसीद-फार्म-5/टी0डी0आर0 के रुप में ही स्वीकार की जायेगी। बिना जमानत राशि व सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा को स्वीकार/ अस्वीकार करने का अधिकार पालिका के सक्षम अधिकारी को सुरक्षित रहेगा। नियम व शर्तें कार्यालय कार्य दिवस में अवलोकन कर सकते है।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | आगंणन राशि | निविदा मूल्य + जी0एस0टी0 | धरोहर राशि 10 प्रतिशत | कार्य पूर्ण का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड सं0 10 आवास विकास फर्रुखाबाद - फतेहगढ़ मुख्य मार्ग से पूर्व विधायक श्री सुशील शाक्य के आवास तक नाली निर्माण कार्य | 368000.00 | 472.00 | 36800.00 | एक माह |
| 2 | वार्ड सं0 9 मो0 सिविल लाइन में हरपाल के मकान से करुण सागर के मकान तक नाली निर्माण कार्य | 963000.00 | 1180.00 | 96300.00 | एक माह |
| 3 | वार्ड सं0 04 मो0 बेवर रोड भोलेपुर में पप्पन के मकान से नाले के पास राम सिंह के मकान तक नाली (नाला) निर्माण कार्य | 225000.00 | 354.00 | 22500.00 | एक माह |
| 4 | वार्ड सं0 4 मो0 बेवर रोड भोलेपुर में निसार अहमद के मकान से नाले के पास मो0 सुहेल के मकान तक कवर्ड नाली (नाला) निर्माण कार्य। | 199000.00 | 236.00 | 19900.00 | एक माह |

**अधिशासी अधिकारी** — **नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद**

**अध्यक्ष** — **नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद**

# नेताजी की जयंती पर मानव श्रृंखला बना किया जागरूक

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर रैली निकाल यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और यातायात सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई।

गुरुवार को गुगरापुर क्षेत्र के चाँदापुर स्थित अविका डिग्री कॉलेज में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में मानव श्रृंखला एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण से हुई। जिसमें सभी उपस्थित छात्रों और शिक्षकगण ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली। इसके बाद छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाई।


रैली निकाल जागरूक करते एनसीसी कैडेट्स

रैली में छात्रों ने विभिन्न नारे लगाए और यातायात सुरक्षा के महत्व पर आधारित संदेश दिए। इस कार्यक्रम में एनएसएस और एनसीसी के छात्रों ने सक्रिय भूमिका निभाई। छात्र-छात्राओं ने दो पहिया वाहनों को रोककर उन्हें हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया और चार पहिया वाहनों को रोककर सीट बेल्ट बांधने के लिए जागरूक किया। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षकगण और छात्र- छात्राएं रहे।

### एनसीसी कैडेट्स ने सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** नगर के मकरंद नगर स्थित चौधरी चंदन सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। तथा रोड सेफ्टी क्लब द्वारा एनसीसी कैडेट्स ने सड़क सुरक्षा हेतु मानव श्रृंखला एवं रैली के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य ले. (डॉ.) रामनाथ मिश्रा ने कहा कि नेताजी के सम्मान और बलिदान को याद रखने के लिए उनके जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# एसपी ने की सड़क सुरक्षा संदेश को समाज तक पहुंचाने की अपील

▸ जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

शहर के. के इंटर कॉलेज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षता जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने की।

जिसमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पर जोर दिया गया। छात्रों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। एसपी विनोद कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए सुरक्षित




यातायात के नियमों की जानकारी दी। और उन्हें पालन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि कैसे छोटे- छोटे प्रयास बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। उन्होंने छात्रों को सड़क सुरक्षा के संदेश को अपने परिवार और समाज तक पहुंचाने की अपील की। इस दौरान सड़क सुरक्षा माह के तहत जिले में चलाए जा रहे विभिन्न जागरूकता अभियानों की भी चर्चा की गई। और सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पूरन सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी इज्या तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारी रहे।

### तमंचा व कारतूस सहित संदिग्ध को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली पुलिस ने गस्त के दौरान संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने युवक के पास से तमंचा व कारतूस बरामद कर रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली के उपनिरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह ने 23 जनवरी की सुबह लगभग 04 बजे कांस्टेबल दीपांशु, गजेंद्र सिंह के साथ गस्त कर रहे थे। तभी मुहल्ला गांधी नगर में मोटरसाइकिल से रेलवे क्रॉसिंग की ओर जा रहे संदिग्ध युवक को गांधी नगर मोड रोड से पकड़ लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान युवक के पास से 315 बोर तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। युवक ने अपना नाम जनपद मैनपुरी के कस्बा भोगांव निवासी विपिन गिहार पुत्र बाबूराम गिहार बताया है। कोतवाली पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

# आत्मा में विराजमान हैं परमात्मा : आचार्य सत्यपाल चेतन्य

समधन, समृद्धि न्यूज़।

श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन गुरुवार को आचार्य ने भक्तों को बताया कि मनुष्य को परमात्मा की खोज करने की जरूरत नहीं है वह तो हम सबकी आत्मा में हमेशा रहते हैं।

क्षेत्र के ग्राम अनीभोज में ग्रामीणों के आर्थिक सहयोग से चल रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा में आचार्य सत्यपाल चेतन्य ने अपने प्रिय वचन में भक्त प्रहलाद व राजा बली की लीला का भक्तों को रसपान कराते हुऐ कहा कि ईश्वर को आप जब भी सच्चे मन से स्मरण करेंगे तो वह आपका कल्याण निश्चित रूप से करेंगे इस धरती पर जब जब घोर हत्याचार बढ़ता है तब भगवान किसी न किसी रूप में इस धरती पर जन्म लेकर जरूर



श्रीमद भागवत कथा सुनाते आचार्य सत्यपाल चेतन्य

अशूरो का विनाश करते हैं आचार्य ने आगे कहा मनुष्य योनि बड़ी मुश्किल से मिलती है इस लिए सद कर्म करने का प्रयास करें तभी कल्याण सम्भव हो सकता है साथ ही धर्म के प्रति लोगों के अन्दर भाव लाने की जरूरत है और समाज में आपसी भाईचारे की सोच जागृति करें एक दूसरे की बुराई भलाई में अपने जिन्दगी का कीमती समय नष्ट न करने की सलाह दी है। इस अवसर पर अशोक कुमार, सन्तराम सिंह ,अभिनेन्द कुमार, सुदीप कुमार, नितिन यादव, पेशकार, नाहर सिंह, दीपक , प्रमोद कुमार पाल, सहित दर्जनों महिलाएं व पुरुष भक्तगण मौजूद रहे।

# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज व लाइस्ट एलईडी के बीच हुआ एमओयू

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

जिले में टेक्निकल स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज और लाइस्ट एलईडी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बीच समझौता (एमओयू) हुआ है। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक विभाग के बच्चों को टेक्निकल स्किल एवं इंडस्ट्री रिक्वायरमेंट में बढ़ावा देने के लिए संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मनोज कुमार शुक्ला ने जिला के उभरते स्टार्टअप लाइस्ट एलईडी प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर एवं डायरेक्टर अभिनव कुमार के साथ समझौता पत्र



का आदान-प्रदान किया। इस समझौते के अंतर्गत बच्चों को स्किल डेवलपमेंट, इंटर्नशिप, जॉब अपॉर्चुनिटी, सेमिनार, वर्कशॉप जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे बच्चों के अंदर इंडस्ट्री में काम करने का अनुभव प्राप्त होगा और बच्चों में नवाचार एवं उद्यमिता के प्रति रुझान बढ़ेगा। इस काम को सफल बनाने के लिए संस्थान के इनक्यूबेशन सेन्टर में प्रोटोटाइप लैब की स्थापना कंपनी द्वारा की जाएगा।

# महन्त राजू दास के खिलाफ एसडीएम को सौंपा लिखित ज्ञापन

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

समाजवादी अधिवक्ता महासभा के प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने राजपाल संबोधित लिखित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को,सौपा समाजवादी अधिवक्ता महासभा के प्रदेश महासचिव चंद्रजीत यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने राज्यपाल संबोधित लिखित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को दिया जिसमें कहा गया है कि महंत राजू दास द्वारा पार्टी के संरक्षक रहे पद्म विभूषण से सम्मानित नेताजी मुलायम सिंह यादव के ऊपर टिप्पणी करने से सपा कार्यकर्ताओं की भावनाओं को आघात



लगा है दोषी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देते समय चंद्रजीत यादव प्रदेश महासचिव समाजवादी अधिवक्ता सभा उत्तर प्रदेश,अजय यादव ,अमित कुमार राजपूत, अभिषेक कुमार, राजेश शाक्य ,पुरुषोत्तम तिवारी , सद्दाम हुसैन, मोहम्मद अली, हरगोविंद राजपूत, नरेंद्र शाक्य, मोहित यादव, अंजू पटेल, सुमन लता , नेम सिंह,प्रणव यादव सहित तमाम साथी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### टीबी मुक्त कैम्प में मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण


कैम्प में टीबी रोगियों की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान में कैम्प लगाकर मरीजों का परीक्षण किया गया समधन नगर के मोहल्ला आजाद में समधन सीएससी प्रभारी डॉ. इरशाद अहमद के नेतृत्व में गुरुवार को एक कैम्प लगाया गया जिसमें करीब 108 रोगियों की स्क्रीनिंग की गई सैंपल 29 लिये गये और 42 मरीजों को एक्स–रे के लिये गुरसहायगंज सीएससी भेजा गया डॉ. इरशाद अहमद ने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से चलाए जा रहे टीबी मुक्त अभियान को सफल बनाने के लिये सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए जिससे अधिक से अधिक लोगों का उपचार किया जा सके। इस अवसर पर फार्मासिस्ट विजय कुमार पाल, एएनएम श्रृद्धा देवी, अलका राठौर, एलटी आनन्द कुमार आदि मौजूद रहे।

### बाबा सिद्धेश्वर नाथ स्थापना दिवस पर भंडारा आयोजित

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पालिका परिषद के अंदर बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर की स्थापना दिवस पर सुंदरकांड व भंडारे का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर की स्थापना 23 जनवरी 2017 में हुई थी विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर पालिका परिषद छिबरामऊ के मन्दिर में सुंदर कांड पण्डित जी विजय दीक्षित एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया नगर पालिका परिषद छिबरामऊ अध्यक्ष मनोज दुबे एवं अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के द्वारा पूजा की गई सुंदरकांड पाठ का श्रवण नगर पालिका परिषद के बोर्ड के सदस्य समस्त स्टाफ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे का स्वाद सैकड़ो लोगों ने चखा बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर का निर्माण नगर पालिका परिषद में यही रहे डीसी तिवारी द्वारा कराया गया था तभी से लगातार स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन प्रति वर्ष हो रहा है।

### हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने की चोरी के खुलासे की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विगत दिवस पूर्व शहर के सिद्ध पीठ मां कालका देवी प्राचीन हनुमान मंदिर बाबा की बगिया सिद्ध बाबा के मंदिर में एक साथ एक रात में हुई चोरी का खुलासा न होने के कारण हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने अनोखे ढंग से किया प्रदर्शन हिंदू जागरण मंच के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर पहले हनुमान चालीसा पढ़ फिर पुलिस क्षेत्राधिकारी को मंदिर की घटना को लेकर ज्ञापन दिया और शीघ्र मामले के खुलासे की मांग की। इस मौके पर ज्ञापन देते समय आशु तिवारी प्रांतीय पदाधिकारी, हिंदू जागरण मंच, डॉक्टर वरुण प्रताप सिंह, अनुराग अग्निहोत्री, अक्षय पाठक, अमित दुबे, अनुभव त्रिपाठी, रामजी गुप्ता , नवदीप, सक्षम यादव , श्याम मोहन , शरद दुबे , अजय, गणेश त्रिपाठी, जानू तिवारी, राहुल, राजन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लापता किशोर की गुमशुदगी दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दो दिनों से लापता किशोर का सुराग न लगने पर पीड़ित पिता ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी मनोज कुमार पुत्र रामबाबू ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 21 जनवरी की सुबह लगभग 9.30 बजे उसका पुत्र आयुष (11) कहीं चला गया। जब देर शाम तक घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने आसपास व रिश्तेदारी में उसकी काफी तलाश की। लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। कोतवाली पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर जांच खोजबीन शुरू कर दी है।

# पुलिस से की खोखा हटवाने की मांग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खोखा हटवाने को लेकर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर पंचायत समधन के मोहल्ला अल्लामा इकबाल नगर निवासी बालेश्वर कुमार पुत्र प्रेमचंद बाथम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि नगर पंचायत के पश्चिम की ओर लालपुर गांव के निकट उसकी जमीन पड़ी है। जहां लालपुर गांव का एक युवक खोखा रखे हुए है। जब वह जमीन पर निर्माण कार्य के लिए गया और खोखा हटाने के लिए कहा तो युवक ने उसके साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पराक्रम दिवस के रूप में मनी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

मां भारती के अमर सपूत, अदभुत मेधा के धनी व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिन के अवसर शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को उनके गौरव की गाथा सुनाकर चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। नगर के रामगंज स्थित आकाश एजुकेशन सेंटर में गुरुवार को अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कटियार व प्रबंधक डॉ. आरके कटियार ने सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद प्रबंधक व शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को नेता सुभाष चन्द्र बोस के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेता जी के जीवन से देशभक्ति की भावना, निर्भीकता और कर्मठता की प्रेरणा मिलती है। इसी प्रकार नगर के


आकाश एजूकेशन सेंटर में गोष्ठी के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं।

मोहल्ला गांधी नगर स्थित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य शैलेष गुप्ता ने शिक्षकों के साथ चित्र पर पुष्प् अर्पित किए। शिक्षक पुष्पेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि नेता जी भारत के राष्ट्र नायक, कुशल वक्ता, क्रांतिकारी एवं बलिदानी थे। नेता जी का जन्मदिन अब प्रतिवर्ष 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेता जी का जन्म उड़ीसा के कटक के बंगाली हिंदू कायस्थ परिवार में हुआ था। अद्भुत प्रतिभा के पुरोधा नेता जी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया एवं भारतीयों को जय हिंद एवं तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा जैसे लोकप्रिय एवं देशप्रेम से ओतप्रोत नारे दिए। इस दौरान विजय शंकर पाठक, ब्रजेश गंगवार, सुनील सिंह, आनन्दराजन, अवनीश, दुर्ग विजय, रामआसरे, अभिषेक वर्मा, रिचा, आलोक, शिव सिंह, करतार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विवाहिता को घर से निकाला पति सहित आठ पर केस दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

शादी में मन मुताबिक दहेज न मिलने पर ससुरालियों के द्वारा विवाहिता के साथ गाली गलौज की गई। मना करने पर उसे मारपीट कर बेघर कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम मोहनपुर रतनपुर निवासी प्रियंका पुत्री मेघनाथ सक्सेना ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसका विवाह 03 वर्ष पहले पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम बंथर निवासी विपिन कुमार पुत्र पप्पू के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति विपिन कुमार, ससुर पप्पू, सास मुन्नी देवी, जेठ मोहित, देवर अंकित, रामजी, ननद गीता, शोभा, सावित्री ने अतिरिक्त दहेज में सोने की जंजीर अंगूठी की मांग करते हुए 19 दिसंबर 2024 को उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और बेघर करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सामुहिक दुष्कर्म मामले में युवकों को चार साल की कैद

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

▸ पॉक्सो एक्ट में चार साल की सजा व 7500 रुपए का लगाया जुर्माना

नाबालिक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना ठठिया में पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत अभियोग में न्यायालय ने अभियुक्तों को दोषी पाते हुये 04 वर्ष का कारावास और 7500 रुपये का जुर्माना लगाया है।

अभियुक्तगण ने वादी की नाबालिग पुत्री के साथ सामुहिक दुष्कर्म करने के संबंध में थाना ठठिया पर 2017 में पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कराया था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो द्वारा अभियुक्तगण धर्मपाल पुत्र कश्मीर सिंह, शिवनन्दन पुत्र रावेन्द्र निवासी उमगरा थाना ठठिया को 04 वर्ष का कारावास व 7,500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### उपमुख्यमंत्री के आगमन पर शहर में किया यातायात डायवर्जन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने अवगत कराया कि आज उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कन्नौज आगमन के अवसर पर निम्नलिखित यातायात डायवर्जन प्लान तैयार किया गया है।कानपुर की तरफ से कार्यकर्ताओं की आने वाली बसों का मंडी समिति ओवर ब्रिज के नीचे से डायवर्ट किया जाएगा। बसें हाईवे से पाल चौराहा होकर पुलिस अधीक्षक आवास के पास संतोष फाउंडेशन स्कूल के बगल में पार्क की जाएंगी। अलीगढ़ की तरफ से आने वाली कार्यकर्ताओं की बसों को पनवारा बाईपास से डायवर्ट किया जाएगा। जो पाल चौराहा होकर उपर्युक्त बस पार्किंग स्थल पर पहुंचेंगी।

# बिजली समस्याओं को लेकर किसान नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

▸ भाकियू लोकशक्ति ने दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ताओं के द्वारा एसडीओ को ज्ञापन देकर विद्युत विभाग की समस्याओं से अवगत कराया गया।

जिसमें समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई। जिस पर एसडीओ ने तुरंत निस्तारण की बात कही। गुरुवार को कस्बा तालग्राम स्थित विद्युत उपकेन्द्र पर उपखंड अधिकारी को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के युवा जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने ज्ञापन देते हुए बताया कि खेती में उपयोग होने वाले नलकूप का बिल माफकिया जाए। इसके अलावा बिजली चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली को रोका जाए। जिन किसानों के कनेक्शन नहीं है। उनका कनेक्शन निशुल्क किया जाए। बिजली चेकिंग व बसूली के नाम पर किसानों का उत्पीडन बंद किया जाए। बड़े बकायेदार किसानों को ओटीएस की सुविधा दी जाए।


एसडीओ को ज्ञापन सौंपते लोकशक्ति के पदाधिकारी।

समस्या का निस्तारण न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। इसके संबंध में विद्युत उपखंड अधिकारी ने समस्याओं के निस्तारण का भरोसा दिलाया। इस मौके पर पूर्व युवा जिलाध्यक्ष मखमूल अहमद, शाहिद खान, खुर्शीद, कलीम आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से युवा बनेंगे आत्मनिर्भर

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

21 से 40 वर्ष की आयु के ऐसे युवा जो अपना कोई रोजगार प्रारम्भ करना चाहते है। उनको मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना से लाभान्वित किया जाये। ऐसे युवा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर 5 लाख रुपए का 4 वर्षों तक शत-प्रतिशत ब्याज मुक्त लोन लेकर स्वरोजगार कर सकते हैं। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक में कही। जिलाधिकारी ने कहा कि इत्र पार्क में 39 प्लांट आवंटित हो चुके है। जिनको प्लांट आवंटित कर दिया गया। वह अपना कार्य प्रारम्भ कर दें। इत्र पार्क में छोटे उद्यमियों को ध्यान में



आवंटन पत्र देते जिलाधिकारी

रखते हुये उनके लिये भी 300, 500, 1000 स्क्वायर मीटर के प्लांट आवंटित करने की व्यवस्था की जाये। कहा कि छोटे और बड़े उद्यमियों को जोड़कर इत्र पार्क में इंडस्ट्री स्थापित करने का सुनहरा अवसर दिया जाए। उन्होंने 6 व्यक्तियों को आवंटन पत्र वितरित किया। वाणिज्य कर अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2018 से 2024 तक जिन उद्यमियों को नोटिस भेजा गया है। वह अविलम्भ 31 मार्च तक अपना कर जमा कर जुर्माना एवं ब्याज में शत-प्रतिशत छूट प्राप्त कर सकते है। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी सहित आदि रहे।

# पूर्व विधायक लल्ला भैया की आकस्मिक मौत, पसरा सन्नाटा

▸ यूपी टाइगर के नाम से जाने जाने वाले पूर्व विधायक की मौत पर राजनीतिक धुरंधरों के साथ सामान्य लोगों का उमड़ा हुजूम

गोंडा, समृद्धि न्यूज़





जनपद के विधानसभा करनैलगंज के राज घराने से वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया का बृहस्पतिवार को अचानक निधन हो गया।

लल्ला भैया के निधन से पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ पड़ी।वहीं लल्ला भैया की मौत से स्तब्ध लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए लाला भैया के बारे में प्रशंसा के साथ दिन भर चर्चा करते दिखे। तथा उनके करनैलगंज स्थित निज निवास वरगदी कोट पर संभ्रांत ,सामाजिक लोगों के साथ जनपद की राजनीतिक हस्तियों सहित सामान्य समर्थकों का तांता लगा रहा।लोगों का मानना है कि अपना राजनीतिक कैरियर कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया ने निर्दल विधायक के रूप में चुने जाने के साथ शुरू की थी।और लगातार करनैलगंज से छह बार विधायक रह चुके थे। वहीं लोगों का मानना है कि लल्ला भैया की सादगी और ईमानदारी तथा जनता के प्रति समर्पण भाव होने से जनपद में काफी चहेते माने जाते थे। जिसके चलते क्षेत्र की जनता के बीच उन्होंने अपना एक अलग स्थान बना लिया था। इसके बाद जनपद में राजनीतिक उतार चढ़ाव कई बार हुए लेकिन हमेशा लल्ला भैया को राजनैतिक सियासत में सफलता ही मिली। और विधानसभा चुनाव में बाजी मारते रहे।

लेकिन बृहस्पतिवार को अचानक कर्नलगंज राज घराने के अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया की आकस्मिक मौत से सभी स्तब्ध रहे।

### विद्युत विभाग की लापरवाही-करंट से दंपति झुलसे, मवेसी की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** विद्युत विभाग की लापरवाही से एक मवेसी की मौत हो गयी। जबकि पति पत्नी करंट की चपेट में आने से झुलस गये। पीड़ित ने मामले की सूचना विद्युत विभाग को दी है। 33/11 विद्युत उपकेंद्र कंपिल के धर्मपुर फीडर से जुड़े गांव शाहपुर में बुग्गी में चारा ले जा रहे मंगूलाल के बैल को गांव में गुजर रही हाइटेंशन लाइन के पोल के अर्थिंग तार की चपेट मे आने से मौत हो गयी। जबकि मंगूलाल के भाई महाराम और उनकी पत्नी नन्हीं को भी बैल छुड़ाने के दौरान करंट लग गया। ग्रामीणों के अनुसार हाईटेंशन पोल से बिना गुजरिया के अर्थिंग तार लगा दी गयी है। जिससे करंट उतर रहा है। जेई आर0पी0 सिंह ने बताया की उन्हें मामले की जानकारी मिली है। दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# बीडीओ ने मानव श्रृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरुक



मानव श्रृंखला बनाये शिक्षकगण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड कार्यालय परिसर में मानव श्रृंखला सड़क सुरक्षा के तहत विकास खंड क्षेत्र के शिक्षकों तथा विकास खंड कर्मचारियों ने लोगों को जागरुक किया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के कार्यालय परिसर में विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव तथा खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने शिक्षकों तथा विकास खंड कर्मचारियों के साथ शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही मानव श्रृंखला सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। सड़क सुरक्षा के लोगों को नियम बताये। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव तथा खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने माइक के द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया तथा सड़क सुरक्षा के नियम बताए। उन्होंने बताया की जनता को सड़क सुरक्षा के नियम अपनाना चाहिए जिससे कि होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। आज के जमाने में रोजमर्रा के हिसाब से सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। यदि जनता जागरूकता के तहत जानकारी कर सड़क सुरक्षा अभियान के नियमों को मानकर रोड पर चले तो दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह, कनिष्ठ सहायक राज भारती, वरिष्ठ लेखाकार आलोक दीक्षित, एकाउंटेंट वीरेंद्र सिंह तथा ग्राम सचिव जगवीर सिंह, सुनील कुमार गौतम, मोतीलाल यादव, कुलदीप राजपूत, अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, बृजेश यादव, आकांक्षा सक्सेना, दिनेश कुमार, आलोक पाठक, मनरेगा के गौरव दिवाकर, राहुल चंदेल तथा खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, शिक्षक शालिग्राम गंगवार, प्रशांत कटियार, आनंद, आशीष यादव, राजवीर सिंह, परविंदर सिंह चौहान, मानवेंद्र सिंह, रामवरन, संजीव रंजन, ओंकार सिंह, ओम प्रकाश तथा विकासखंड क्षेत्र के समस्त प्रधानाध्यापक तथा विकास खंड क्षेत्र के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पराक्रम दिवस पर नेताजी को किया नमन, स्टेडियम में बनाई मानव श्रृंखला



शपथ दिलाते प्रशासनिक अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में आज 23 जनवरी को स्वर्गीय ब्रह्म दत्त द्विवेदी स्टेडियम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस में जागरूकता लाए जाने हेतु मानव श्रृंखला बनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि अरविंद कुमार मिश्र मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं पुष्प अर्पित किए गये। तत्पश्चात अन्य जनपदीय अधिकारियों द्वारा भी नेताजी को नमन किया गया। स्टेडियम में उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नेताजी अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प होकर कार्य करते थे और अपने कार्यों में सफल होते थे। इसी प्रकार यदि हम सब सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए दृढ़ संकल्प होकर जागरूकता उत्पन्न करने का कार्य करें तो अपने जनपद को दुर्घटनाओं से मुक्त बना सकते हैं। वर्ष 2024 में 390 सड़क दुर्घटनाओं में 213 व्यक्तियों की मृत्यु अत्यंत दुखद है। अतः हमें सामूहिक प्रयास करते हुए दुर्घटनाओं को शून्य करना है। अपने संबोधन के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। सड़क सुरक्षा शपथ के उपरांत राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम के उपरांत सभी छात्रों को अल्पाहार एवं सड़क सुरक्षा साहित्य वितरित किया गया। इस मौके पर डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग मुरलीधर, एआरटीओ प्रशासन दीप्त चौधरी, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवनींद्र कुमार, रोड सेफ्टी क्लब के नोडल अधिकारी आलोक बिहारी लाल शुक्ला, म्युनिसिपल इंटर कॉलेज के प्राचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर, जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर यादव आदि उपस्थित रहे।

## चरने के बाद घर लाई गई भैंस अचानक गिरी, मौत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र ग्राम किसरोली निवासी अवनीश कुमार की भैंस जिसे पशुपालक द्वारा गुरुवार को चराकर शाम के वक्त घर लाया गया था। बताते है भैंस को बांधने के बाद पशु स्वामी अंदर गया और जब वापस लौट तो भैंस गिरकर तड़प रही थी। पशु स्वामी जब तक कुछ समझ पता तब तक उसकी मौत हो गई थी। पशु स्वामी के अनुसार भैंस की कीमत सत्तर हजार के करीब थी। पशु पालक ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा हो सकता कही किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया हो जिससे उसकी मौत हो गई फिलहाल पशु स्वामी ने इसकी सूचना किसी चिकित्सक या प्रशासनिक अधिकारी को नहीं दी।

## अस्पताल संचालक की हठधर्मिता से जाम से दो चार हुए लोग

▸ पार्किंग व्यवस्था न होने से आड़े तिरछे खड़े वाहनों से लगता जाम



अस्पताल के बाहर लगे जाम में फंसे लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कादरीगेट से लकूला जाने वाले रोड पर एक अस्पताल के बाहर खड़े होने वाले चार पहिया व दुपहिया वाहनों से गुरुवार को काफी लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंचे ट्रैफिक के हेड कांस्टेबिल ने तकरीबन एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवा पाया। तब कहीं जाकर यातायात सुचारु हो सका।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट से लकूला जाने वाले मार्ग पर स्थित वेदान्ता हॉस्पिटल के बाहर आने वाले मरीज बेतरतीब तरीके से चार पहिया व दुपहिया वाहनों को खड़ा कर देते हैं। जिससे जाम की समस्या से दो चार होना पड़ता है। गुरुवार को भी ऐसा ही हुआ और अपराह्न जाम लग गया। जाम में फंसे समृद्धि न्यूज के संवाददाता ने ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबिल सुनील को घटना की जानकारी दी। जानकारी पाकर पहुंचे हेड कांस्टेबिल सुनील ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवा पाया। बताते चलें कि अस्पताल की अपनी कोई पार्किंग न होने के कारण यहां आने वाले मरीज वाहनों को अस्पताल के बाहर ही खड़ा कर देते हैं। जिससे जाम की समस्या खड़ी हो जाती है। जाम में स्कूली बच्चे आदि फंस जाते हैं। वहीं तकरीबन एक घंटे तक जाम लगा रहा और लोग प्रशासन की व्यवस्था को कोसते रहे। अस्पताल संचालक विपुल अग्रवाल से कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन उन्होंने बात को नजरंदाज कर दिया।

## पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने दंपति को पीटा



सीएचसी में भर्ती दंपति

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण कराया। कोतवाली क्षेत्र के गाँव ज्योना निवासी ब्रजेश कुमार यादव पुत्र होरीलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि खेत की पुरानी रन्जिश को लेकर गाँव के अखलेश, रिंकू, कल्याण सिंह एक राय होकर आये और आते ही ब्रजेश के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोग ब्रजेश के साथ मारपीट करने लगे। पति को पिटता देख बीच बचाव करने आई ब्रजेश की पत्नी माधुरी देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया।पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर पति ब्रजेश सहित पत्नी माधुरी का मेडीकल परीक्षण करवाया।

## पाप अन्याय न सहन करते, जो पड़ोसी का दुख हरण करते...

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद साहित्यकार

महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर विश्व बंधु परिषद द्वारा आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने उन्हें विश्व का सबसे पराक्रमी क्रांतिकारी बताया। प्रोफेसर रामबाबू मिश्रा रत्नेश ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस अग्नि धर्मा क्रांतिकारी थे। उनकी आजाद हिंद फौज की अपूर्व कुर्बानियों के चर्चे हर एक की जुबान पर है, लेकिन दुर्भाग्य से इतिहास मौन है। शहीदों के अपमान से समूची कौम अभिशप्त हो जाती है। प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ने कहा नेताजी जैसे महान राष्ट्रवीर की मृत्यु से आज भी रहस्य का पर्दा नहीं उठा है। इससे ज्यादा शर्म की बात और क्या हो सकती है। वर्तमान सरकार से इसकी अपेक्षा की जाती है। वीएस तिवारी ने कहा कि नेताजी संज्ञा नहीं विशेषण थे। महा क्रांति के समर में चमके ज्यों दिनमान।

हुआ न कोई विश्व में वीर सुभाष समान।। गीतकार पवन बाथम ने अपने मुक्तक को प्रस्तुत करते हुए शहीदों को याद किया-पाप अन्याय न सहन करते, जो पड़ोसी का दुख हरण करते। उनकी आराधना है सौ सौ गुनी, जो शहीदों को हैं नमन करते।। युवा कवि अनुपम मिश्रा ने कहा-आजादी हमको मिली बिना खड़ग बिन ढाल। सच में ऐसे झूठ की मिले न कहीं मिसाल।। कहानीकार अंकित मिश्रा ने कहा कि नेताजी का रन घोष तुम हमें खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का युवकों पर बड़ा असर हुआ। पूर्व प्रधानाचार्य अहिवरन सिंह गौर, संत गोपाल पाठक, पूर्व प्रधानाचार्य आरके दुबे, डॉक्टर सुनीत सिद्धार्थ, मनीष गौड़, विपिन पाठक, सौरभ चतुर्वेदी, राकेश कुमार और शाहिद ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र जैसे देशभक्त की प्रतिमाएं प्रत्येक नगर और ग्राम में लगवाई जाएं जिससे देश के युवा इजरायल के तरुणों की तरह आजादी का मूल्य समझने की प्रेरणा ले सकें।

## खबरें एक नजर में

### मांगों को लेकर भाकियू स्वराज ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन स्वराज के पदाधिकारियों ने विभिन्न माँगों को लेकर तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार विक्रम सिंह को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि शिवकुमार पुत्र जगन्नाथ निवासी मधवापुर थाना कम्पिल गाटा संख्या-10/44/1 रकवा 2.22.90 हे0 में से 2 बीघा खेत पर मुकेश पुत्र सियाराम द्वारा जनवरों को खूंटे व नांदें व झोपड़ी आदि डालकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। जिसका विरोध करने पर शिवकुमार के खिलाफ हरिजन एक्ट का मुकदमा लिखवा दिया। जिसकी शिकायत शिवकुमार ने मुख्यमन्त्री पोर्टल पर की, तो हल्का लेखपाल जाँच करने आये, तो मौके पर जाँच कर रिपोर्ट लगाई। शिवकुमार ने रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को दी। उपजिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक, पुलिस बल की मदद से कब्जा हटवाने के आदेश कर दिया, लेकिन कब्जा आज भी नहीं हटा। जिससे दबंगों के हौसले बुलन्द हैं। मांग पत्र सौंपने के दौरान भारतीय किसान यूनियन स्वराज युवा जिला अध्यक्ष राहुल पाल, तहसील अध्यक्ष शिवकुमार सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

### ग्रह कलह के चलते पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के ग्राम गेवर असगुल्लापुर निवासी रामादेवी उम्र 26 वर्षीय पत्नी संजीव कुमार ने ग्रह कलह के चलते जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### मार्ग दुर्घटना में तीन घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार यशपाल उम्र 17 वर्ष पुत्र प्रदीप कुमार पाल निवासी मछलीटोला फतेहगढ़ अपने साथ सुमित उम्र 16 वर्ष व लकी उम्र 18 वर्ष के साथ जय नरायन वर्मा रोड पर जा रहा थे, तभी ठाकुर वाले रेस्टोरेंट के पास एक बाइक सवार से इन लोगों की बाइक टकरा गयी। जिससे तीनों घायल हो गये। घटना की सूचना 108 एंबूलेंस को दी गयी। सूचना पर पहुंची एंबूलेंस ने तीनों को लोहिया में भर्ती कराया गया।

## गैंगेस्टर मामले में अधिवक्ता समेत दो अभियुक्तों को कारावास

▸ छःछः वर्ष कारावास के साथ पंद्रह-पंद्रह हजार रुपये के अर्थदण्ड से किया दण्डित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने रणधीर उर्फ टाइगर यादव पुत्र रामस्वरूप व राजू पुत्र जयनारायन यादव निवासीगण रम्पुरा फतेहगढ़ को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः-छः वर्ष के कारावास व 15-15 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

बीते 30 वर्षों पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ के तत्कालीन प्रभारी इंद्रजीत सिंह चौहान ने रम्पुरा निवासीगण रणधीर सिंह उर्फ टाइगर यादव, रामस्वरूप, राजू के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा सूचना पर समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत दर्ज करवाया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व साशकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने रणधीर उर्फ टाइगर यादव, राजू यादव को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः-छः वर्षों का कारावास व 15-15 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया मुकदमा विचारण के दौरान रामस्वरूप की मृत्यु हो गयी।

## चिकित्सकों ने टीबी के लक्षण और रोकथाम पर डाला प्रकाश



कार्यक्रम के दौरान मौजूद चिकित्सक, शिक्षक व छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कृष्णा देवी बालिका महाविद्यालय आवास विकास लोहियापुरम में जिला स्वास्थ्य समिति के सौजन्य से 100 दिवसीय संघा टीबी अभियान 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक चलने वाले राष्ट्रीय छह उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जन-जन का रखें ध्यान टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें लोहिया अस्पताल से आए हुए चिकित्सकों और पदाधिकारी ने टीबी जैसी भयंकर बीमारी जिसे राजरोग भी नाम दिया गया है से बचाव और रोकथाम के उपाये बताए तथा टीबी होने के कारण और उसके चिन्ह भी बताएं और निश्चय पोषण योजना पर भी प्रकाश डाला। यह एक ऐसी सरकारी योजना है जिसमें टीबी रोगियों को अपना इलाज करने के लिए 1000 रुपया प्रति माह सरकार की ओर से दिए जाते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त छात्राएं और शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। 30 जनवरी 1897 को जन्मे नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर अरिमर्दन सिंह और प्राचार्य प्रेमलता श्रीवास्तव मौजूद रहे। इन लोगों ने भी नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया तथा भविष्य में टीबी जैसे रोग से बचाव के लिए संकल्प लिया।

### बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक गंभीर



लोहिया में भर्ती घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में एक बाइक सवार गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे सीएचसी हरदोई में भर्ती कराया गया। हालत गम्भीर होने पर डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को अवनीश कुमार पुत्र रणवीर सिंह (37) व गोविन्द (35) निवासीगण गढ़िया थाना राजेपुर रुपापुर हरदोई जिले से वापस आ रहे थे। रुपापुर के पास विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से उनकी बाइक टकरा गयी। जिससे अवनीश गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे सीएचसी हरदोई में भर्ती कराया गया। जहां हालत गम्भीर होने पर डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। लोहिया में भी चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

## डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा, दिये निर्देश



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद सीडीओ आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता मे 50 लाख से अधिक के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जनपद में चल रही 47 निर्माणाधीन योजनाओं की समीक्षा की गई। पूर्ण हो चुके कार्यो का टास्क फोर्स निरीक्षण कर नियमानुसार हैंडओवर की कार्यवाही पूर्ण करायी जाये। सभी विभागों को टास्क फोर्स द्वारा इंगित की गई कमियों को दूर कर अनुपालन आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। यू.पी.आर.एन.एस.एस. को फतेहगढ़ जिला कारागार में किये जा रहे कार्यो के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। पर्यटन निगम को पांचाल घाट पर किये जा रहे कार्यो को तेजी से पूर्ण कराने के लिये निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यो में मानक व गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाये व सभी कार्यों को ससमय पूर्ण किया जाये। सभी अभियंता अपने प्रोजेक्ट का नियमित निरीक्षण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बीते दिन चोरी हुई पिकअप को संभल पुलिस ने किया बरामद

▸ पुलिस ने पिकअप चोरी के मामले में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीते एक दिन पूर्व चोरी हुई पिकअप गाड़ी के मामले में सुराग लगने पर पुलिस मौके के लिए रवाना हो गयी है।

नवाबगंज के ग्राम कक्योली निवासी दिनेशचंद्र पुत्र हरिश्चंद्र हाल निवासी नया गनीपुर निवासी रामकुमार अपनी पिकअप को भाड़े पर चलाता था। सोमवार रात लगभग आठ बजे दिनेशचंद्र अपनी पिकअप को मोहम्मदाबाद से वापस घर लाया। दिनेशचंद्र ने पिकअप को घर के बाहर खड़ी कर घर के अंदर चला गया। रात लगभग 1:00 बजे दिनेशचंद्र पेशाब करने के लिए उठकर बाहर आया, तो दिनेशचंद्र को उसकी बाहर खड़ी पिकअप गायब मिली। दिनेशचंद्र ने उसी समय डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। मंगलवार को दिनेशचंद्र ने आसपास पिकअप की जानकारी की, लेकिन पिकअप का कोई पता नहीं चला। थाना पुलिस को दिनेशचंद्र ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने पिकअप चोरी के मामले में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी, लेकिन वहीं पिकअप कार का सुराग जनपद संभल के थाना क्षेत्र राजपुरा में लगा। पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान पिकअप को बरामद किया गया। जिसकी सूचना नवाबगंज थाना पुलिस को दी तथा पीड़ित दिनेश कुमार को वहां के पत्रकारों तथा थाना पुलिस के द्वारा सूचना दी गई और पिकअप गाड़ी के बॉडी पर लिखे नंबर के आधार पर सूचना की गई, तो पीड़ित थाने पहुंचा और थाना पुलिस से कार के बारे में जानकारी की गई। तब गुरुवार को पिकअप मलिक दिनेश चंद्र अपने साथियों के साथ तथा थाना पुलिस पिकअप कार लेने के लिए जनपद संभल के लिए रवाना हो गए। खबर लेकर जाने तक संभल से कोई भी लौटकर नहीं आया और ना ही अग्रिम कार्रवाई के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त हुई।

## सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत केडी बालिका महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम



छात्राओं को शपथ दिलाते शिक्षक-शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कृष्णा देवी बालिका महाविद्यालय आवास विकास लोहियापुरम में परीक्षा के उपरांत एक सेमिनार का आयोजन हुआ।

जो भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के द्वारा युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के लिए 17 से 30 जनवरी 25 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित हुआ। कार्यक्रम के प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार सिंह, संयोजक डॉक्टर ज्ञान प्रकाश सक्सेना, जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर आलोक बिहारी लाल का मार्गदर्शन, सहयोग, प्रेरणा उल्लेखनीय रही। सेमिनार में छात्राओं, शिक्षकों ने सड़क सुरक्षा पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया और सभी ने संकल्प व शपथ ली कि भविष्य में सदैव ही यातायात के नियमों का पालन करेंगे और सभी से करवाएंगे भी। जिससे कि समाज में सभी का बहुमूल्य जीवन सुरक्षित रहे और समाज में खुशहाली बनी रहे।

सभी लोग आकस्मिक दुर्घटनाओं से बचे रहें। सभी रिश्ते जीवित रहें और सब ओर खुशहाली छाई रहे। फर्रुखाबाद की यातायात पुलिस, फर्रुखाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रायोजक नेहरू युवा केंद्र फर्रुखाबाद ने उपस्थित समस्त छात्राओं, अध्यापक को धन्यवाद दिया। साथ ही भविष्य में भी महाविद्यालय परिसर में ऐसे कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## तीन सगे भाइयों समेत हत्या के मामले में छह पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत की जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। जिसमें एक पक्ष से एक की मृत्यु हो गयी थी। उक्त हत्या के मामले में अपर जिला प्रथम न्यायाधीश शैली रॉय ने रामनिवास, प्रेमसागर, विद्यासागर पुत्रगण स्व0 जयराम, लौंगश्री पत्नी रामनिवास, गंगाश्री पत्नी प्रेमसागर, पुष्पा पत्नी विद्यासागर निवासीगण शेखपुर रुस्तमपुर थाना कमालगंज को दोषी करार दिया है। सजा के बिन्दु पर सुनवाई के लिए 27 जनवरी की तिथि नियत की गयी है।

बीते 12 वर्षो पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के शेखपुर रुस्तमपुर निवासी गजेंद्र पुत्र बाबूराम ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि दिनांक 2 जून 2013 को मैं व परिवारी शेखपुर रुस्तमपुर गॉव में पड़ी अपनी आबादी की जमीन पर साफ-सफाई कर रहे थे, तभी गांव के ही रामनिवास, प्रेमसागर, विद्यासागर, भगवान देवी, पुष्पा, लौंगश्री, प्रवेश कुमार, विपिन कुमार कुछ अज्ञात लोग मेरे घर के सामने पड़ी आबादी की जमीन पर निर्माण कार्य कर रहे थे, तभी उपरोक्त लोग एक राय होकर हाथों में लाठी-डंडे लेकर मेरे तथा मेरे परिवार वालों के साथ मारपीट करने लगे। जिसमें मेरे व मेरे पिता बाबूराम व भाई वीरेंद्र, नरेंद्र, महेंद्र, भाभी के गंभीर चोट आईं। इलाज के समय बाबूराम की मृत्यु हो गयी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैली रॉय ने हत्या के मामले में रामनिवास, प्रेमसागर, विद्यासागर, लौंगश्री, गंगाश्री एवं पुष्पा को दोषी करार दिया। सजा के बिन्दु पर 27 जनवरी की तिथि नियत है। मुकदमा विचारण के समय भगवान देवी की मृत्यु हो गयी थी।

### रंजिशन असलाहों तथा धारदार हथियार से लैस दबंगों ने घर पर बोला धावा

▸ विरोध करने पर लाठी-डंडों तथा टकोरे से दी जानमाल की धमकी

▸ घायल पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र की गंगा कटरी में बसे गांव समोचीपुर चितार निवासी मुफीद पुत्र जलील ने यहां के निवासी सैन मुहम्मद, सैनूर, इशाक तथा रिजवान साहित चार लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा बीते दिवस की रात्रि पीड़ित अपनी झोपड़ी नुमा मकान के अंदर सो रहा था। साथ में दोनों पुत्रियां भी सो रही थीं। रात्रि के दौरान अचानक सभी आरोपियों द्वारा घर में घुसकर गालीॉ-गलौज करते हुए हमला किया गया। विरोध करने पर आरोपियों द्वारा लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। शिकायती पत्र के अनुसार आरोपी सैन मोहम्मद के हाथों में टकोरा था। गाली-गलौज करते हुए सिर पर बार कर दिया इस घटना में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर मारपीट होते देख पीड़ित की दोनों पुत्रियां शोर मचाकर चीखने चिल्लाने लगी। शोर शराबा सुन जब तक ग्रामीण एकत्रित हुए तब तक आरोपी जानमाल की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार आरोपियों के हाथों में लाठी-डंडों के साथ नाजायज तमंचा तथा धारदार हथियार टकोरा था। जिससे आरोपियों द्वारा पीड़ित के सर पर बार किया गया और आरोपी पीड़ित को मरणासन्न समझकर भाग गए। पीड़ित ने चारों आरोपियों के खिलाफथाना पुलिस को तहरीर देकर मेडिकल परीक्षण कराने तथा आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

# आईटीआई के 866 अभ्यार्थियों को टेबलेट वितरित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत टेबलेट वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक सुशील कुमार शाक्य, विधायक डॉ. सुरभि एवं जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने फीता काटकर किया।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत 18 विधायें है। जनपद में 02 विधायें हैगर टूल किट मेकर एवं ट्रेडिशनल बास्केट गेकर का संचालन किया गया है। हैमर टूल किट गेकर में 32 प्रशिक्षार्थियों का बैच एवं ट्रेडिशनल बास्केट मेकर में 36 प्रशिक्षार्थियों का बैच बनाकर प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया। अतिथियों ने मां



कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारम्भ करते विधायक व डीएम

सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की। अतिथियों व जिलाधिकारी ने विचार रखे और कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रतिभागियों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। विस्तार से जानकारी दी। नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने बुके देकर अतिथियों को सम्मानित किया। आईटीआई के 422 अभ्यार्थियों को, राजकीय

- हैमर टूल किट गेकर में 32 प्रशिक्षार्थियों का बैच एवं ट्रेडिशनल बास्केट मेकर में 36 प्रशिक्षार्थियों का बैच बनाकर शुरू किया गया प्रशिक्षण

आईटीआई अमृतपुर के 241 एवं राजकीय आईटीआई कायमगंज के 183 अभ्यर्थियों को कुल 866 टेबलेट वितरित किये गये।

कार्यक्रम कर संचालन सच्चिदानन्द सागर के द्वारा किया। इस मौके पर रजनेश राजपूत, मनोज मिश्रा, बृजेश कुमार कार्यदेशक, रंजीत कुमार सुमन, अतिशय अवस्थी, राज किशोर महतो, विश्वनाथ राम एवं रामस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# सड़क सुरक्षा के प्रति बच्चों को जागरुक कर दिलायी शपथ



सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

बढ़ती सड़क दुघर्टनाओं को रोकने लिए शासन ने सड़क सुरक्षा माह मनाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने स्टाफके साथ बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। आकाश पाल ने बच्चों को यातायात सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटनाओं से होने वाले जान माल की हानि से कैसे बचा जा सकता है। प्रार्थना सभा में देश के महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को याद कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रधानाध्यापक ने आजाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें देश का महान स्वतंत्रता सेनानी बताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस, परसों राष्ट्रीय मतदाता दिवस और गणतंत्र दिवस समारोह रविवार को मनाया जाएगा, इसी बीच 25 जनवरी से 31 तक द्वितीय सत्र परीक्षा का आयोजन होगा। जिसमें सभी बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

## सविता समाज आज मनायेगा कर्पूरी ठाकुर की जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सविता समाज उत्थान समिति द्वारा 24 जनवरी को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती 24 जनवरी शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष गयालाल के निवास कटरा बूअली में मनायी जायेगी। सविता समाज की बैठक शिवम गन हाउस में सम्पन्न हुई। जिस पर समाज के लोगों ने विचार व्यक्त किये। शिवकुमार नंदवंशी, रामचन्द्र, रामनिवास बाथम, आशाराम श्रीवास्तव, रामअवतार, राम सिंह राठौर, देवीदयाल, राजेन्द्र कुमार ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर राकेश कुमार, मुन्ना बाबू, कन्हैया लाल, रवेन्द्र श्रीवास्तव, अमर नाथ, बाबू राम, अनिल बाथम, महेन्द्र, हरिराम श्रीवास्तव, रमेश ठाकुर, सीपी सिंह, राजपाल फौजी, जीएल वर्मा, श्रीराम श्रीवास्तव, सर्वेश राही आदि लोग मौजूद रहे।

# अमर ज्योति सेवा संस्थान ने मनायी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती



संगोष्ठी में विचार व्यक्त करते वक्ता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर समाजसेवी संस्था द्वारा पांचाल घाट स्थित विवेकानन्द उद्यान वाटिका में आयोजन हुआ। सभी ने नेता सुभाष चन्द्र बोस पर चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। मुख्य वक्ता रामजी बाजपेयी व स्वदेश द्विवेदी ने कहा कि नेताजी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के अप्रतिम नायक थे। स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में नेताजी का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। देश उनका सदैव ऋणि रहेगा। नेताजी त्याग और बलिदान के प्रतीक थे। उनके रग-रग में देश को आजादी दिलाने में प्रबल लालसा थी। आज की पीढ़ी उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित के लिए प्राणपण से जुट जाना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे स्वामी मुकेशानंद महाराज, उमेश भारती व स्वामी ब्रह्म चेतन्य व रामकृष्ण विवेकानंद ने विचार प्रसार के उनके स्टाल का शुभारम्भ किया। महासचिव प्रमोद कुमार तिवारी ने कहा कि देशवासियों को रामकृष्ण, परमहंस स्वामी विवेकानंद को और गहराईयों से जानने की जरुरत है। दोनों मनीषियों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।

स्वामी विवेकानंद वाटिका में पढ़ने के लिए साहित्य निःशुल्क उपलब्ध है। जिनको पढ़कर धार्मिक अध्यात्मिक, सामाजिक व राष्ट्र जीवन में योगदान कर सकते है। इस मौके पर विद्युशेखर मिश्रा, मनीष प्रताप, दिनेश भदौरिया, अखिलेश, राकेश तिवारी, देवेन्द्र अग्निहोत्री, ओमप्रकाश, संजीव मिश्रा, रविन्द्र मिश्रा, महेन्द्र सिंह, संतोष, महेन्द्र पाठक आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता अध्यक्ष स्वामी मुकेशानंद महाराज ने की। संचालन शिवशरण मिश्रा ने किया।



उप जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपते प्रधानाचार्य

## प्रधानाचार्य परिषद ने की आधार अपडेट की एक सप्ताह समय बढ़ाने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद ने आधार आईडी की साइड धीमी चलने के कारण छात्रों के आधार बन नहीं पा रहे है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक सम्बोधित ज्ञापन उप जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि आधार आईडी की साइड न चलने के कारण विद्यार्थियों के आधार कार्ड मैच नहीं कर पा रहे है। आईडी मिलान में समस्या आ रही है। प्रधानाचार्य परिषद मांग करता है आधार आईडी व कार्ड सफलता पूर्वक हो सकें इसके लिए एक सप्ताह का और समय दिया जाये। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री डॉ. संदीप चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, महामंत्री डॉ. बृजभूषण सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

# महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय में सुभाष जयंती पर गोष्ठी का किया गया आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय बढ़पुर में गुरुवार को पराक्रम दिवस का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के निदेशक रोहित तिवारी ने नेता सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

प्रवक्ता गजेन्द्र राजपूत व सुनील कुमार राजपूत, अनुराग गंगवार, अतुल त्रिवेदी, टिन्कू दुबे ने नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण कर विचार व्यक्त किये और कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए नेता जी का अहम योगदान रहा। उनके द्वारा किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही युवाओं से अपील की कि नेता जी के आदर्शों पर चले यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने



नेता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक

कार्यालय पर सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनायी। अध्यक्षता कन्हैया लाल श्रीवास्तव ने की।

सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नेता जी को श्रद्धांजलि दी। उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि नेता जी के जीवन आदर्श व सिद्धांत को सदिया कभी भुला नहीं सकती है। आने वाली पीढ़ी नेता जी के पद चिन्हों पर चलकर प्रेरणा ले। शिवाजी कटियार, रामनारायण मिश्रा ने विचार व्यक्त किये। राष्ट्रगान के साथ गोष्ठी का समापन हुआ। इस मौके पर डॉ. मेहंदी हसन, प्रभु दयाल, नरेन्द्र कुमार शर्मा, पृथ्वी नारायण, शिवकुमार वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घायल प्रधान पुत्र की मौत

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हुए प्रधान पुत्र की उपचार के दौरान कानपुर में मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।
जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव गढ़िया बबुरारा निवासी ग्राम उमेश यादव के पुत्र 20 वर्षीय पुत्र शीलू यादव परिजनों के बताएं मुताबिक नवाबगंज बाजार से अपने घर वापस जा रहा था, तभी नवाबगंज मंझना रोड पर गांव जानकीपुर के सामने वह घायलावस्था में सड़क पर पड़ा था। ग्रामीणों की सूचना पर प्रधान परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और घायल पुत्र को फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, लेकिन हालत ज्यादा गम्भीर होने पर चिकित्सक ने भर्ती नहीं किया। तब परिजन कानपुर लेकर पहुंचे। परिजनों के बताए मुताबिक रीजेंसी के डॉक्टरों ने भी लेने से इन्कार कर दिया। इसके बाद परिजनों ने एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। वहां उपचार के दौरान प्रधान पुत्र की मौत हो गई। मौत की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर गांव आ रहे हैं। वहीं प्रधान ने बताया कि मामला संदिग्ध है। गांव जाकर मामले की जानकारी की जायेगी।

# प्रा.वि. अलीगढ़ में मनायी गई सुभाष जयंती



सुभाष जयंती मनाते शिक्षक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

विकास खण्ड राजेपुर के प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ में धूमधाम से सुभाष जयंती मनायी गई। प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता ने शिक्षक साथियों के साथ सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर पराक्रम दिवस मनाया। प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता ने कहा कि नेता जी सुभाचन्द्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1887 को कटक उड़ीसा में हुआ। नेता जी ने उच्च शिक्षा कैम्ब्रीज विश्वविद्यालय से प्राप्त की। उन्होंने राष्ट्र को स्वतंत्र कराने में अपनी महती भूमिका निभाई। साथ ही आजाद हिन्द फौज की स्थापना की। इस मौके पर शिक्षक शिवम अवस्थी, साजिद खान, नूरुल सवा, बबिता यादव, सुनीता देवी यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर किया गया नमन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सेनापति में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 129वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि बृजेंद्र कुमार श्रीमाली व पूर्व प्रबंधक व प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया।

आचार्य प्रदीप कुमार सेंगर ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रधानचाय ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कार्तिक शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया, बहन उपस्थित रहे।

# वाणी विनायक संस्था ने नमन कार्यक्रम के तहत मनायी सुभाष जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

वाणी विनायक संस्था द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती को बूरा वाली गली स्थित कार्यालय पर नमन कार्यक्रम के अन्तर्गत मनायी गयी। संस्था प्रमुख राज गौरव पाण्डेय ने संचालन करते हुए कहा कि इस वर्ष नेता जी की जन्यती को पराक्रम दिवस के रूप में मानाया जा रहा है।

हर युवा को आलास्य छोड़कर पराक्रमी, साहसी और वीरता के साथ में देश भी उन्नती व विकास में सहयोग करना चाहिए। मुख्यः वक्ता राकेशानन्द ने कहा की घुमना स्थित सुभाष गेट को स्वनाक्षरो में अंकित कर प्रशासन से उसके जीर्णोद्धार को करने की मांग की। आदित्य दीक्षित डब्बू ने कहा कि नेता जी के संघर्ष बलिदान को दृष्टिगत रखते हुए अपने




नेता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक

बच्चों के अन्दर भी क्रान्तीकारियों की जीवन गाथा को भी सुनाना चाहिए। अमित सक्सेना ने कहा कि हमें अपने घरों में होने वाले निजी कार्यक्रमों में सुभाष चन्द्र बोस, सरदार भगत सिंह, राजगुरु, रामप्रसाद आदि क्रांतिकारियों की तस्वीर लगानी चाहिए। कुलभूषण श्रीवास्तव ने कहा कि आज के दिन हम एक नई शुरुआत कर सकते है और शहर के मोहल्लों में नेता जी के बारे में जानकारी दें। इस मौके पर राम गोपाल वर्मा, धीरज मौर्या, सत्या, संध्या पाण्डेय, रामजी राजपूत, सुनील टण्डन, रितुल वर्मा, पार्थिवी पाण्डेय, अनूप शर्मा, अशोक शाक्य, शरद मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं विश्व हिन्दू महासंघ ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 128वीं जयंती विचार गोष्ठी के साथ मनायी। आयोजक रवि बाजपेयी ने कहा कि क्रांतिकारियों में सबसे ऊपर नेता जी का नाम है। हम युवा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के आदर्शों पर चलकर प्रेरणा लें। मानवाधिकार के जिलाध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने नेता जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

रवि बाजपेयी ने कहा कि क्रांतिकारियों के प्रति भावना रखें और उनके आदर्शों पर चले। शिवम त्रिपाठी ने कहा कि नेता जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में बड़ी भूमिका निभाई। संचालन कर रहे आदित्य दीक्षित ने कहा कि घुमना स्थित सुभाष गेट का जीर्णोद्वार किया जाये। राकेशानंद व राजगौरव पाण्डेय ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर सुनील गुप्ता, रघुवंश, मुरारी अवस्थी, कुलभूषण श्रीवास्तव, यशस्वी मिश्रा मौजूद रही।

# चरित्र निर्माण शिविर में किया गया वेद शक्तियों का वर्णन



भजन प्रस्तुत करते राजेश शास्त्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में प्रातःकाल यज्ञ किया गया। नेता जी सुभाषचन्द्र बोस की जयन्ती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि वेद में दो शक्तियों का वर्णन है ब्रह्मशक्ति और क्षात्रशक्ति, किसी भी राष्ट्र की उन्नति के लिए ब्रह्मशक्ति और क्षात्रशक्ति की महती आवश्यकता होती है। नेता जी सुभाषचंद्र बोस के अन्दर ये दोनों शक्तियां विद्यमान थीं। सुभाषचंद्र बोस एक ऐसे क्रांतिकारी थे, जिन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर भारत की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लीमेन्ट एटली ने कहा था कि हम भारत देश को छोड़ने पर इसलिए मजबूर हुए क्योंकि भारत के अंदर हमें एक आग दिखाई दे रही थी और वो आग नेता जी सुभाषचन्द्र बोस की आजाद हिन्द फौज थी।

आचार्य ने कहा कि हम सब वैदिक क्षेत्र की ओर से सुभाषचंद्र बोस की जयन्ती पर उन्हें शत-शत नमन करते हैं। आचार्य प्रदीप शास्त्री ने कहा कि सुभाषचन्द्र बोस महर्षि दयानन्द सरस्वती से अत्यधिक प्रभावित थे। इसीलिए उन्होंने कहा था कि आधुनिक भारत के आद्यनिर्माता तो दयानन्द ही थे, ऋषि दयानन्द की विचारधारा को लेकर भारत देश के नौजवानों के अन्दर क्रान्ति का संचार किया। पण्डित धनीराम बेधड़क, पण्डित शिवनारायण आर्य, पण्डित राजेश आर्य आदि ने राष्ट्रभक्ति गीतों से नेता सुभाषचंद्र बोस को स्मरण किया। मंच का संचालन आचार्य विवेक ने किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, संदीप आर्य, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य आदि उपस्थित रहे।

## गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत की लघु नाटिका

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती पराक्रम दिवस के रुप में उत्साह पूर्वक मनायी गयी। प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। कक्षा सप्तम से देवव्रत सिंह, गोपाल कटियार, सोनाक्षी राजपूत, गौरव सिंह तथा युवराज मिश्रा ने नेताजी पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। कक्षा तृतीय की छात्रा आराध्या सिंह कुशवाहा ने नेताजी पर कविता प्रस्तुत की। कक्षा सप्तम से पलक सिंह ने सुभाष चंद्र का जीवन परिचय बताते हुए उनके बलिदानों को स्मरण किया। विधि त्रिवेदी ने प्रश्नोत्तरी प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य ने सुभाष चंद्र के बलिदानों को याद करते हुए सभी छात्रों को प्रेरित किया। उप प्रधानाचार्य डॉ. अंजू सिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए छात्रों का उत्साह वर्धन किया।



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्र

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता आयोजित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें माध्यमिक एवं डिग्री स्तर के प्रतियोगियों ने प्रचार किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला स्काउट मास्टर स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा और जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार द्वारा किया गया। माध्यमिक स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन दीपिका राजपूत एवं डिग्री स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन डॉ0 शिल्पी सिंह ने किया। डॉक्टर आलोक बिहारी लाल शुक्ला मौजूद रहे। निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, भाषण



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद शिक्षक व प्रतिभागी

प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, पतंग प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगितायें सम्पन्न हुई। निर्णायक के रूप में स्काउट मास्टर राजकुमार, वैभव सोमवंशी, प्रदीप यादव, अर्पण शाक्य, गौरव शाक्य, पुष्कर मिश्रा, रावेंद्र सिंह, अनुराग चतुर्वेदी, गाइड कैप्टन वीना गौतम, पुष्पा सिंह, भारती मिश्रा, सीमा सिंह, हिमलेश शाक्य, आदेश गंगवार, निर्वाचन कार्यालय से निर्मल सक्सेना ने प्रतियोगिताओं का अवलोकन किया। विजेता प्रतियोगियों को प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए चयनित किया गया।

समस्त प्रतिभागी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्मानित किए जाएंगे। इस अवसर पर सभी को मतदाता जागरुकता की शपथ भी दिलाई जाएगी।

# अधिवक्ताओं ने सुभाष चन्द्र बोस को नमन कर पुष्पांजलि की अर्पित

- मां गंगा समिति ने भी किया नमन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

कचहरी फतेहगढ़ गेट पर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव एडवोकेट ने अपने साथियों के साथ पहुंचकर माल्यार्पण किया और उनको नमन किया। देवेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि यह दिन हमारे आने वाली पीढियां को नेताजी की तरह चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरणा देता है। अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव संजय सिंह चौहान एडवोकेट ने कहा कि नेताजी अदायम साहस और निर्भीकता के प्रतिबिंब थे



सुभाष प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अधिवक्ता

अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव सुभाष चंद्र शाक्य ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए उनका यह योगदान आज भी हर भारतीयों को प्रेरित करता है। इस दौरान जिला महासचिव अधिवक्ता सुनील कनौजिया, राजपाल यादव, जितेंद्र सिंह, कुलदीप यादव, धर्मेंद्र यादव, रोहित यादव, राजीव सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। **वहीं** मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती फतेहगढ़ कचहरी के निकट स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर मालार्पण कर एवं पुष्प अर्पित किये। चंद्रशेखर वर्मा एवं राजीव बाजपेई ने प्रतिमा पर मालार्पण किया। इस दौरान आशीष मिश्रा, नीतू मिश्रा, मोहन बाथम, दीपक अग्रवाल, किशन बाथम, हरिओम, गोपाल दुबे, वरुण अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

# इमाम जाफर सादिक दुनिया के बहुत बड़े आलिम व फिलोस्फर: नायब सज्जादा नशीन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

फतेहगढ़ की मशहूर दरगाह हज़रत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा के आस्ताने पर कुंडे के दिन उमड़ी भीड़ ने नजरों नियाज़ कर अदा की कुंडो की रस्म और अपने अपने अंदाज़ चादर पोशी और फातिहा का दौर चला। हाफिज़ अरशद साबरी व जामिया चिश्तिया मुजद्दीदिया के तुलबा ने बेहतरीन अंदाज में कुरान पाक की तिलावत की। नायब सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद वसीम उर्फ मुहम्मद मियां ने बताया हिजरी 122 रज्जब की 22 तारीख़ की रात यानी 21 का दिन गुजार कर 22 की रात बा वक़्त नमाज़ तहज्जुद अल्लाह तआला ने सैय्यदना ईमाम जाफ़र सादिक़ अलैहिस्सलाम को मक़ाम, ग़ौसियत, कुब्रा अता फरमाया। सुबह 22 रज्जब को ईमाम जाफर सादिक ने अल्लाह तआला की जानिब से ये अज़ीम नेमत मिलने पर बतौर, शुक्र अदा करने के लिए मिट्टी के बर्तन में नियाज़ करवाई जो दूध और चावल मिलाकर बनाई गई। जिसे हम खीर कहते हैं या उसे कुंडे कहा गया, कुंडे का फातेहा 22 रज्जब उल मुरज्जब को ही करें। 22 रज्जब ना ही आप



के विसाल की तारीख़ है और ना ही विलादत की तारीख है, बल्कि इस दिन आपको मक़ाम, ग़ौसियत, कुब्रा अता की गई थी। इसी खुशी में हम ये नियाज़ करते हैं। साथ ही बताया आप अपने जमाने के बहुत बड़े फिलोस्फर भी थे, चूंकि आपका बचपन साइंस व कुरआन पढ़ने में गुजरा और आपके शागिर्दो में इमाम, आजम अबू हनीफा जिनसे हनफी मसलक, केमिस्ट्री के फॉदर जाबिन बिन हयान जिनके नाम से केमिस्ट्री में गैबर के नियम वगैरा आज भी पढ़ाए जाते है। आज के दिन खानकाह शरीफ में लोगों का दिन भर फातिहा ख्वानी का चलन रहा। इस मौके पर अंसार साबरी, रफत हुसैन, अज़हर हुसैन, आसिफ साबरी, मनोज कुमार, शिवम् कुमार, राहुल आदि मौजूद रहे।

# घाटों की तरफ जाने वाले मार्गो पर लगवाएं संकेतक बोर्ड : मण्डलायुक्त



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

- मण्डलायुक्त ने दिये घाटों पर सुझाव पेटिका बनाए जाने के निर्देश :
- ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी कराएं दर्शन : डीएम

मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी ने उप पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ मौनी अमावस्या सहित आगामी अन्य विशेष स्थान की तिथियों में आने वाले श्रद्धालुओं भीड़ दृष्टिगत ड्यूटी में लगाए मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों के प्रशासनिक भवन विन्ध्याचल में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैंठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि दर्शन हेतु जो श्रद्धालु आते हैं हमें यह ध्यान देना है कि उन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो उन्हें कोई परेशान न करें। ड्यूटी में तैनात सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी पूरी निष्ठा के साथ अपने ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात रहे। उन्होंने कहा कि जब हम पूरी ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी को करेंगे तो दर्शन करने आए श्रद्धालुओं में एक अच्छा संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को देखते हुए विंध्याचल में भी काफी संख्या में भीड़ आने की संभावना है अतएव हो सभी ड्यूटी में तैनात अधिकारी व कर्मचारीगण पूरे निष्ठा के साथ स्नान की विशेष तिथियां में अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सेवा भाव से सभी को समान रूप से ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी दर्शन कराएं। उन्होंने कहा कि धाम प्रभारी इसका विशेष ध्यान रखेंगे। उन्होंने कहा कि चरण स्पर्श पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा की झांकी दर्शन वाले स्थल पर दीपक जलाना पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा इसका वहां पर ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त कोई भी मजिस्ट्रेट अथवा सुरक्षा में लगे पुलिस अधिकारी यह फिर किसी भी दर्शनार्थियों के द्वारा मंदिर परिसर में जूता पहन कर नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि स्नान हेतु घाटों पर गोताखोर, नाव, एनडीआरफ आदि सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर लें तथा इसके अतिरिक्त जो घाट निर्माणाधीन है उन पर स्नान करने कोई भी श्रद्धालु ना जाए ताकि किसी भी अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सके।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित व राजस्व शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओम प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सी0एल0 वर्मा सहित मेला ड्यूटीरत मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहें।

# आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस की सपा ने मनाई जयंती

- महानायक सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

आजादी के महानायक सुभाष चंद बोस की जयंती समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रंद्धाजली दी गई। गोष्ठी में उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक में जन्मे बोस ने अपना जीवन भारत की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया तथा अपनी क्रांतिकारी दृष्टि और निडर कार्यों से पीढ़ियों को प्रेरित किया। उनके प्रेरक नारे से लेकर भारतीय राष्ट्रीय सेना के निर्माण में उनके प्रयासों तक, बोस की यात्रा मातृभूमि के लिए बलिदान और अटूट प्रतिबद्धता की भावना का प्रमाण है। गोष्ठी में पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, अशोक यादव, उदित नारायन यादव, मेवालाल प्रजापति, हरि यादव, राहुल यादव, अरशद अली, सलीम बादशाह, रामजी यादव, कौशिक कन्नौजिया,

## पराक्रम दिवस के रूप याद किए गए नेताजी



**मिर्जापुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय परसिया मेंधूमधाम एवं हर्षोल्लास केसाथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्यप्रमोद कुमार दुबेनेछात्रों को नेताजी के जीवन सेपरिचित करातेहुएबताया कि हर साल 23 जनवरी को नेताजी की जयंती पराक्रम दिवस के रूप मेंमनातेहैं। पराक्रम दिवस को मनानेकी शुरुआत125वीं जयंती सेहुई। इस वर्ष 2025 मेंभी नेताजी की 128वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप मेंमनाई जा रही है। प्रधानाचार्यनेताजी के आदर्शों पर चलतेहुए अपनेदेश व समाज के विकास मेंयोगदान दें। इस अवसर पर शेषनारायण मालवीय, अभिषेक मिश्र,जय प्रकाश सिंह, सिद्धार्थमणि विक्रम, निखिलेश त्रिपाठी, शुक्लेश, जैनब जहां, महेश द्विवेदी, प्रिया त्रिपाठी, मंदाकिनी तिवारी, बबलूकुमार राम, सुमन भारती, अमरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## 13वीं खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** विकासखंड राजगढ़ के पचोखरा में स्थित सरदार बल्लभ भाईपटेल स्टेडियम मे गुरूवार को खेल क्रांति अभियान के अंतर्गत 13वीं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायकरमाशंकर सिंह पटेल ने खेल का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता मे एथलेटिक्स, बॉलीबॉल, बैडमिंटन, खो-खो कुश्ती, कबड्डी सहित विभिन्न प्रकार के खेलों का प्रतिस्पर्धा हुआ उद्घाटन समारोह में मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल ने बताया कि योगी मोदी की सरकार में खेलों में आज तक की जितनी सरकारें आई हैं।

उन सरकारों से सबसे ज्यादा धन खिलाड़ियों को खेलने के लिए छोटे बड़े स्टेडियम हेतु धन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिस ग्राम पंचायत में चार बीघे तक सरकारी जमीन है वहां हमारी सरकार द्वारा खेल ग्राउंड के निर्माण हेतु चार करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। जिसमें हमारे विधानसभा में सर्वे का कार्य चल रहा है।

प्रतियोगिता में कई टीमों ने भाग लिया है। कार्यक्रम के संयोजक अनिल सिंह, सुरेश सिंह, गजेंद्र सिंह, विनय कुमार द्विवेदी, राम समुझ सिंह आदि उपस्थित रहे।

# वन एवं वन्यजीवों के सुरक्षार्थ के लिए निकाली जगरुकता रैली




**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय वन रेंज के वनकर्मियों ने गुरुवार को हथेड़ा स्थित श्याल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के साथ वन एवं वन्यजीवो के सुरक्षार्थ कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर वनो व वन्यजीवो की रक्षा के लिए जागरूक किया गया। वन व वन्यजीवो की रक्षा के लिए वन दरोगा सूरज पाण्डेय ने कहा की गांव नगर का अपना वन सुख समवृद्ध हो जन जीवन पेड लगाओ। पर्यावरण को संरक्षण करो पेड के अंधा-धुन्ध से पर्यावरण बिगड रहा है इसलिए पार्यावरण संरक्षण के लिए पेड लगाये और पार्यवरण का संरक्षण करे। वनक्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्र के निर्देश पर बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया।इस अवसर पर सूरज पांडेय, श्रवण कुमार संत, चंद्र शेखर प्रजापति, राजकुमार वर्मा, अरविंद कुमार, रामदास आदिवासी आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**कुरावली।** अज्ञात कारण के चलते युवक ने घर की कुंडी लगाकर फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। परिजननो ने फांसी के फंदे पर लटकते हुए देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।ग्राम शरीफपुर निवासी चंद्रपाल पुत्र रघुवीर सिंह ,अमित मिश्रा पुत्र सुशील मिश्रा व रिंकू पुत्र इनाम सिंह निवासी गनेशपुरा ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया चंद्रपाल के छोटे भाई अनिल कुमार पुत्र रघुवरदयाल उम्र 33 बर्ष ने अज्ञात कारण के चलते घर मे कुड़ी बंद करके गमछा का फंदा बनाकर छत पर लगे पंखा के हुक पर लटक कर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### तलाश शुरु

**कुरावली।** नगर के मुहल्ला की रहने बाली युवती घर से दबाई लेने के गई। लेकिन लौट कर घर नही पहुंची काफी तलाश करने के बाद कोई पता नही चला तो युवती के गायब होने की सूचना पुलिस की दी। पुलिस ने गुमसुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरु कर दी है।

### न्यायालय में पेश`

**कुरावली।** क्षेत्र के ग्राम नगला जमुनिया निवासी विमल उर्फ़ विल्ला पुत्र प्रहलाद और अखिल पुत्र रहीश पाल का ग्राम सहादतपुर निवासी प्रदीप कुमार पुत्र अशोक कुमार से विवाद हो गया। दोनो नामजद अखिल के साथ गाली गलौज कर लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। मौक़े पर पहुंची पुलिस ने शांति बनाये रखने का प्रयास किया। पुलिस के सामने हि उग्र होकर मारपीट पर आमदा फौजदारी हो गये। पुलिस गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई कर न्यायालय मे पेश किया।

### देशी शराब ठेके का किया निरीक्षण

**कुरावली।** नगर के पुराने बस अड्डे पर स्थित देसी शराब के ठेके के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं का समाधान निकलता दिख रहा है। स्थानीय दुकानदारों द्वारा की गई शिकायत के बाद जिलाधिकारी अंजनी प्रसाद और पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साह के निर्देश पर थाना पुलिस और आबकारी निरीक्षक ने संयुक्त रूप से शराब ठेके का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शराब ठेके के आसपास कुछ दुकानदार पानी के पाउच, प्लास्टिक के गिलास और नमकीन सामग्री बेच रहे थे। इन दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई और भविष्य में ऐसा करने से रोक दिया गया।दुकानदारों ने शिकायत की थी कि शराब के शौकीन लोग शराब खरीदकर बस अड्डे पर ही सेवन करते हैं, जिससे महिला यात्रियों को काफी परेशानी होती है। इस समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों ने शराब ठेके को पुराने बस अड्डे से हटाकर नए बस अड्डे पर शिफ्ट करने को कहा। आबकारी अधिकारी उसमाकर धर ने अगले सत्र में शराब ठेके को शिफ्ट करने का भरोसा दिया है।इस कार्रवाई से स्थानीय दुकानदारों ने राहत की सांस ली है और उन्हें उम्मीद है कि अब बस अड्डे पर शांति का माहौल रहेगा।

### पूर्व सैनिक बैठक कल

**मैनपुरी।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, ग्रुप कैप्टन ने जनपद के पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों, वीर नारियों को सूचित किया है कि दि. 25 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे सैनिक बन्धु की बैठक जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय सभागार में होगी। उन्होने पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों, वीर नारियों से कहा है कि बैठक में समय से प्रतिभाग करें तथा बैठक से पूर्व अपनी समस्याओं के प्रार्थना पत्र कार्यालय को उपलब्ध करा दें ताकि प्राप्त समस्याओं के निवारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों से सम्पर्क किया जा सके।

### बैठक 25 को

**मैनपुरी।** मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक समीक्षा जिलाधिकारी, अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में दि. 25 जनवरी को अपरान्ह 04 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में होगी। उन्होने सम्बन्धित से समीक्षा बैठक में समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

## छात्रों ने यातायात सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों मेंजागरूकता करनेके उद्देश्य सेगुरुवार को विशाल मानव श्रृंखला का आयोजन नगर केबथुआ स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट मेंकिया गया। मानव श्रृंखला कार्यक्रम मेंदस सेअधिक विद्यालयों के करीब 2500 छात्रसम्मिलित हुए। छात्रों नेमानव श्रृंखला बन कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को जयंती पर नमन किया। इस दौरान छात्रों को सड़कसुरक्षा के प्रति शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम मेंसहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), यात्री कर अधिकारी, प्रथम एवं द्वितीय यातायात निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी, शिक्षा विभाग केअधिकारी, ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारी, व्यापार संघ के पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों, स्वयं सेवी संगठनों के पदाधिकारी वकार्यकर्ताउ पस्थित रहे।

# सेन्ट मेरीज स्कूल में नेता जी को किया गया याद

**मैनपुरी, समृद्धि न्यूज।**

सेन्ट मेरीज़ स्कूल में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 128वीं 'जयन्ती' के अवसर पर सुबह-सवेरे नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रधानाचार्या श्रीमती मनोरमा ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्या ने अपने सेदेश में छात्रों को बताया कि नेता जी प्रत्येक भारतवासी के आदर्श हैं तथा देश-प्रेम का जो पाठ उन्होंने हमें पढ़ाया, उस भाव को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस से पहले भारत पराक्रम दिवस भी मनाता है और यह दिवस देश के एक वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पराक्रम को समर्पित दिन होता है।

मदर टेरेसा सदन के कक्षा 6 के छात्र अथर्व चौहान ने कहा कि नेता जी ने न केवल भारत में ख्याति अर्जित की, अपितु विदेशों में भी वे लोकप्रिय




रहे और ''दिल्ली चलो'' का नारा देकर सभी भारतीयों को एकजुट किया। महाराजा तेजसिंह सदन से कक्षा 8 की छात्रा देवांशी ने बताया कि नेता जी के बताए रास्ते पर प्रत्येक भारतवासी को चलना चाहिए जिन्होंने देश के सेवार्थ अपनी नौकरी का भी त्याग कर दिया था। वरिष्ठ अध्यापक श्री मयंक सक्सेना ने छात्रों को बताया कि उड़सा में जन्में नेता जी ऐ सच्चे भारतीय थे, जिनके लिए देश सेवा सर्वोपरि थी। नेता जी का नारा ''तुम मुझे खून दो-मैं तुम्हें आजादी दूँगा'' विश्व विख्यात हुआ था।

विद्यालय के प्रबन्धक दीपक दास तथा सहायक निदेशक श्री कुशाग्र दास ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा लोगों को प्रेरित किया कि यातायात नियमों का पालन अवश्य करें।

# मानव जीवन अनमोल जीवन को खतरे में न डालें : जिलाधिकारी

**मैनपुरी, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर यातायात जागरुकता के उद्देश्य से जिला मुख्यालय पर बनायी गयी मानव श्रृंखला में उपस्थित छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुये कहा कि जीवन अनमोल है, यातायात नियमों की अनदेखी कर इसे बर्बाद न करें, जरा सी लापरवाही सड़क दुर्घटना में जान ले सकती है, तमाम लोग प्रतिदिन यातायात नियमों की अनदेखी करने के कारण असमय ही मौत के शिकार हो रहे हैं, शासन के निर्देशानुसार जिला स्तर पर यातायात नियमों का पालन करने के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से निरतंर कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे हैं, इस मानव श्रृंखला का मुख्य उद्देश्य भी जनपदवासियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने सभी का आह्वान करते हुए कहा कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट-बेल्ट का प्रयोग करें, नशे के हालत में ड्राइविंग न करें, वाहन चलाते समय ईयर फोन, मोबाइल का प्रयोग करने से बचें, वाहन निर्धारित गति पर ही चलायें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शिवम यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण ऐ.के. अरुण, जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक रघुराज पाल सिंह के अलावा सुदिति ग्लोबल एकेडेमी के प्रबंध निदेशक डॉ. राम मोहन, लव मोहन, सेंट मैरी स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक दास, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सुमन यादव, नगला हार के प्रधानाध्यापक नीरज दुबे के अलावा विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहे।

# बीआईएस के 78वें स्थापना दिवस पर स्टैंडर्ड कार्निवल आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), लखनऊ ब्रांच ऑफिस ने गुरुवार को संगीत नाटक अकादमी में अपने 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर स्टैंडर्ड कार्निवल का भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम में उद्योग जगत, शिक्षाविद, उपभोक्ता संगठन, गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ), मीडिया के प्रतिनिधि, और छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बीआईएस की उपलब्धियों का जश्न मनाना और छात्र-छात्राओं में मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था जिसके लिए मानक गीत और नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का स्वागत बीआईएस के शाखा प्रमुख श्री सुधीर बिश्नोई ने मोमेंटो प्रदान कर किया। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश




के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, बीआईएस ने 78 वर्षों में उपभोक्ता विश्वास को बढ़ाने और भारतीय उद्योगों को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाने में ऐतिहासिक योगदान दिया है। पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसे अभियानों को साकार करने में बीआईएस की भूमिका अतुलनीय है। उद्योग जगत को बीआईएस मानकों का पालन कर अपनी उत्पाद गुणवत्ता सुनिश्चित करनी चाहिए, जो न केवल घरेलू बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उनकी पहचान को सशक्त बनाएगी।

## फर्नीचर वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ

**मैनपुरी, समृद्धि न्यूज।** मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने विकास खंड करहल के विद्यालयों हेतु फर्नीचर वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसके अंतर्गत बच्चों के बैठने के लिए प्राइमरी पाठशाला नगला चक, प्राइमरी पाठशाला कंझरा, प्राइमरी पाठशाला हरदासपुर, प्राइमरी पाठशाला मखनपुर आदि विद्यालयों के लिए फर्नीचर वितरित किये गये इसके साथ ही आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के संबंध में ब्लॉक स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने प्रतिभाग कर सुंदर कलाकृतियां बनाई, इसमें योगिनी को प्रथम, शिवानी को द्वितीय, अन्नू, सरस्वती एवं आरती को संयुक रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हआ, विजेताओं को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर मुख्य विकास अधिकारी ने सम्मानित किया।इस अवसर पर परियोजना निदेशक सत्येन्द्र सिंह, डी.सी.एन.आर.एल.एम. शौकत अली, डी.पी.आर.ओ. अवधेश सिंह, खण्ड विकास अधिकारी नवनीत कुमार गौतम, लेखाकार इंदरपाल, कनिष्ठ सहायक शिवचन्द, सचिव राम प्रकाश, रवि कुमार, नवीन कुमार, मनीष आदि उपस्थित रहे।

# विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से 104 अधिकारी पुरस्कृत



**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर रेलवे ने अपना 69 वां रेल सप्ताह राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में एक भव्य पुरस्कार समारोह के आयोजन के साथ मनाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने की। इस अवसर पर उत्तर रेलवे अपर महाप्रबंधक मोहित चंद्रा, विभिन्न विभागों के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ रेल अधिकारी और कर्मचारी, तथा यूनियनों, एसोसिएशन और फेडरेशन के सदस्य भी उपस्थित थे।

समारोह की शुरुआत उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री वर्मा द्वारा 104 रेलवे कर्मचारियों (अधिकारियों और कर्मचारियों) को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित करने के साथ हुई। उन्होंने कार्य- निषपादन आधारित मापदंडों के आधार पर 54 रनिंग शील्डें भी प्रदान की। दिल्ली मण्डल को सभी क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए शील्ड से सम्मानित किया गया। लखनऊ मण्डल को अपने सबसे किफायती कामकाज के लिए सम्मानित किया गया। बेस्ट इम्प्रूवड डिवीजन शील्ड मुरादाबाद मण्डल को प्रदान की गई।

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने मनाई 8वीं वर्षगांठ

### 15 नई बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन किया

**मुंबई, समृद्धि न्यूज।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने गर्व के साथ अपनी 8वीं वर्षगांठ मनाई। 2017 में अपनी शुरुआत से लेकर, बैंक ने भारत भर में 1043 बैंकिंग आउटलेट्स के नेटवर्क के रूप में अपना विस्तार किया है। इस अद्वितीय यात्रा की सराहना करते हुए, बैंक अपनी वर्षगांठ के अवसर पर 15 नई बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन कर रहा है, जो इसके परिवर्तनकारी बैंकिंग सेवाओं को और अधिक समुदायों तक पहुंचाएगा। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा कि हमारी 8वीं वर्षगांठ हमारे निरंतर विकास और सेवा उत्कृष्टता की खोज में एक गौरवपूर्ण क्षण है। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, हमारी 8वीं वर्षगांठ हमारे निरंतर विकास और सेवा उत्कृष्टता की खोज में एक गौरवपूर्ण क्षण है।

# इन्वेस्ट कर्नाटक 2025 से विकास को मिलेगी गति : एम. बी. पाटिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

कर्नाटक सरकार के बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री श्री एम.बी. पाटिल के नेतृत्व में दिल्ली में आयोजित एक महत्वपूर्ण रोडशो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य उद्योग जगत के नेताओं के साथ संवाद कर निवेश के नए अवसरों की पहचान करना और कर्नाटक को एक वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में मजबूत करना था।

इस दौरान निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने, रणनीतिक साझेदारियां बनाने और कर्नाटक को नवाचार आधारित उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। रोडशो में आईटीसी लिमिटेड, रिन्यू पावर, समवर्धना मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड, हैवल्स, केईआई इंडस्ट्रीज, डालमिया, और फ्लेक्सिबस जैसी



प्रमुख कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। श्री एम.बी. पाटिल ने सभी कंपनियों को औपचारिक रूप से ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट : इन्वेस्ट कर्नाटक 2025, जो फरवरी 2025 में आयोजित होगी, में हिस्सा लेने का आमंत्रण दिया। कर्नाटक सरकार इस पहल के माध्यम से राज्य को निवेश और नवाचार का सबसे आकर्षक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उद्घाटन फ्यूचर ऑफ इनोवेशन एक्सपो में अत्याधुनिक तकनीकों के लाइव डेमो प्रस्तुत किए जाएंगे, जो कर्नाटक की वैश्विक नवाचार नेतृत्व की प्रतिष्ठा को और मजबूत करेंगे।

# श्रृद्धालुओं की सेवा में लगे बिजनेस ग्रुप

- महाकुंभ 2025 : अदाणी की ग्रीन गॉल्फ कार्ट 1.5 लाख श्रृद्धालुओं को घुमाएगी लगभग 1 लाख किलोमीटर

**महाकुंभनगर, समृद्धि न्यूज।**

कुंभ मेला पूरे जोरशोर से देश और दुनियाभर से श्रृद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। कुंभ मेले को दुनिया के सबसे बड़े आयोजन के तौर पर जाना जाता हैं। यहां पर महाकुंभ के दौरान देश और दुनियाभर से करोड़ों लोग पवित्र संगम में स्नान करने पहुंचते हैं। ऐसे में कई बिजनेस ग्रुप कुंभ मेले में पधारे श्रृद्धालुओं की सेवा में लगे हुए हैं। ऐसा ही एक ग्रुप है अदाणी ग्रुप, यह समूह अपनी कई निशुल्क



सेवाओं के जरिए श्रृद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है। अदाणी की ग्रीन गॉल्फ कार्ट सेवा लाखों श्रृद्धालुओं को लाखों किलोमीटर की यात्रा कराने की तरफ बढ़ रही है। 17 फरवरी 2025 तक 2,5 लाख से ज्यादा श्रृद्धालुओं ने 25 हजार किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा की है।

बता दें कि अदाणी समूह द्वारा महाकुंभ 2025 में दिव्यांगों, बुजुर्गों और छोटे बच्चों वाली माताओं के लिए बैटरी से चलने वाली ग्रीन गॉल्फ कार्ट की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था से श्रृद्धालुओं को स्नान ध्यान के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने में भी सहूलियत हो रही है। अदाणी समूह ने अपनी बैटरी से चलने वाली ग्रीन गॉल्फ कार्ट सेवा कुंभ मेला स्थल के सेक्टर 19 में स्थिति इस्कॉन द्वारा स्थापित केंद्र के पास शुरू की है। यहां पर लगी गॉल्फ कार्ट लगातार सेवाएं दे रही है। सुबह 6 बजे से लेकर देर रात तक कार्ट लोगों को तय सीमातक ले जाने का काम करती हैं।

# त्रिदिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पूर्ण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को श्री नन्देश्वर महादेव मंदिर नंदा फार्म फैजुल्लागंज में त्रिदिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में श्री गणेश, श्री लक्ष्मीनारायण, श्री राधाकृष्ण आदि भगवान की वैदिक पद्धति के माध्यम से आचार्य राजेश शुक्ल एवं पंडित कृष्णा शंकर शर्मा द्वारा स्थापना कार्य बड़ी कुशलता से पूर्ण किया गया।

इस अवसर पर भक्तों के द्वारा संगीतमय श्री सुन्दरकाण्ड एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ। मुन्ना लाल गुप्त एवं आसाराम गुप्त द्वारा भण्डारे का आयोजन हुआ। इस त्रिदिवसीय कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाचार पत्र वितरकों के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा (चौक डिपो) एवं पंकज गुप्त का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में पंडित दिनेश अवस्थी, सुधीर सक्सेना, आयुष गुप्त, कृष्ण कुमार, राम धीरज मिश्र, अनुज श्रीवास्तव, राम प्रति मिश्रा, अनिल गुप्ता, सरस श्रीवास्तव, अजय कुमार, अंकित



अवस्थी, अनूप श्रीवास्तव, लक्ष्मी, कुसुम, आयुष अवस्थी, रिंकू गुप्त, पूजा, सुभांशू गुप्त, हरिओम, आकांक्षा, रेनू अवस्थी, रिद्धि सिद्धि, विशाल,राज, शिवराज, शुभम आदि ने पूजन किया।

योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन
अल्फा स्क्वायर
कैरियर इंस्टीट्यूट
कोचिंग सेन्टर
Class:- L.k.g to 12th
Sub: Physics, Chemistry, Maths, Biology, English & Commerce
अमित कुमार मौर्य
(डायरेक्टर)
के.बी. सर, मणि सर, विनय सर
पाण्डेय सर, वर्षा मैम
9521871812, 9125927648
सिद्धार्थनगर

